आर्य रक्षित स्थविर संकलित

सचित्र
अनुयोगद्वार सूत्र
(द्वितीय भाग)

मूल पाठ-हिन्दी-अंग्रेजी अनुवाद, विवेचन तथा रंगीन चित्रों सहित

* प्रधान सम्पादक *

उत्तर भारतीय प्रवर्तक भण्डारी श्री पद्मचन्द्र जी महाराज के सुशिष्य

उपप्रवर्तक श्री अमर मुनि

* सह-सम्पादक *

श्री तरुण मुनि

श्रीचन्द सुराना 'सरस'

* अंग्रेजी अनुवाद *

श्री सुरेन्द्र बोथरा

पद्म प्रकाशन

पद्म धाम, नरेला मण्डी, दिल्ली-११० ०४०

सचित्र आगममाला का बारहवाँ पुष्प

■ आर्य रक्षित स्थविर संकलित सचित्र अनुयोगद्वार सूत्र (भाग २)

■ **प्रधान सम्पादक**
उपप्रवर्त्तक श्री अमर मुनि

■ **सह-सम्पादक**
श्री तरुण मुनि
श्रीचन्द सुराना 'सरस'

■ **अंग्रेजी अनुवाद**
श्री सुरेन्द्र बोथरा, जयपुर

■ **चित्रकार**
डॉ. श्री त्रिलोक शर्मा

■ **प्रकाशक एवं प्राप्ति-स्थान**
पद्म प्रकाशन
पद्म धाम, नरेला मण्डी, दिल्ली-११० ०४०

■ **मुद्रण-व्यवस्था**
संजय सुराना
श्री दिवाकर प्रकाशन
ए-७, अवागढ़ हाउस, एम. जी. रोड, आगरा-२८२ ००२
दूरभाष : (०५६२) ३५११६५

■ **प्रथम आवृत्ति**
आश्विन, वि. सं. २०५८
अक्टूबर, ईस्वी सन् २००१

■ **मूल्य**
पाँच सौ रुपया मात्र (५००/– रुपये)

ILLUSTRATED

ANUYOGADVAR SUTRA

Original Compiled by ARYRA RAKSHIT STHAVIR

(PART TWO)

Originally Text with Hindi and Englih Translations, Elaboration and Colourful Illustrations

∗ EDITOR-IN-CHIEF ∗

Up-pravartak Shri Amar Muni

(The Disciple of Uttar Bharatiya Pravartak Bhandari Shri Padma Chandra Ji Maharaj)

∗ ASSOCIATE-EDITORS ∗

Shri Tarun Muni

Srichand Surana 'Saras'

∗ ENGLISH TRANSLATOR ∗

Shri Surendra Bothara

PADMA PRAKASHAN

PADMA DHAM, NARELA MANDI, DELHI-110 040

THE TWELFTH NUMBER OF THE ILLUSTRATED AGAM SERIES

- ILLUSTRATED ANUYOGADVAR SUTRA (PART TWO)
  (Originally Compiled by Arya Rakshit Sthavir)

- ***Editor-in-Chief***
  Up-pravartak Shri Amar Muni

- ***Associate-Editors***
  Shri Tarun Muni
  Srichand Surana 'Saras'

- ***English Translator***
  Shri Surendra Bothara, Jaipur

- ***Illustrator***
  Dr. Shri Trilok Sharma

- ***Publisher and Distributor***
  Padma Prakashan
  Padma Dham, Narela Mandi, Delhi-110 040

- ***Printer***
  Sanjay Surana
  Shri Diwakar Prakashan
  A-7, Awagarh House, M.G. Road, Agra-282 002
  Phone : (0562) 351165

- ***First Edition***
  2058 V.
  2001 A.D.

- ***Price***
  Five Hundred Rupees only (Rs. 500/-)

जैनागम रत्नाकर
श्रमण संघ के प्रथम
आचार्य सम्राट
प्रातःस्मरणीय, परमश्रद्धेय
श्री आत्माराम जी महाराज
की
पावन स्मृति
में
सादर सविनय

समर्पित

गुरुदेव का
चरण-चंचरीक
अमर मुनि
(उप प्रवर्त्तक)

श्रुत सेवा में उदार सहयोग दाता

श्री उग्रसेन सुन्दरी देवी जैन
विवेक विहार, दिल्ली

श्री जय भगवान विद्यावती जैन
योजना विहार दिल्ली

श्री सतपाल प्रेमलता जी गोयल
पेहवा वाले

श्री सुशील कुमार कौशल्या देवी जैन
योजना विहार, दिल्ली

श्री सुभाषचन्द शशि जैन
विवेक विहार, दिल्ली

श्रुत सेवा में उदार सहयोग दाता

श्री रमेशभाई प्रभुलाल शाह श्रीमती मालती बहन
गुजरात विहार, दिल्ली

श्री केतन-सोनल शाह (सुपुत्र श्री रमेशभाई शाह)
गुजरात विहार, दिल्ली

श्री निमेष-नमिता शाह (सुपुत्र श्री रमेश भाई शाह)
गुजरात विहार, दिल्ली

श्री सुभाष सुलोचना जैन
हुड्डा कॉलोनी, पानीपत

श्री अनिल कुमार मंजु जैन
विश्वा अपार्टमेन्ट, रोहिणी, दिल्ली

श्रुत सेवा में उदार सहयोग दाता

वैरागी वरुण जैन (उ.भा. प्रवर्तक भंडारी श्री पदमचन्द जी महाराज एवं उपप्रवर्तक श्री अमर मुनि जी के चरणों में प्रव्रजित)

वैरागिन गुरुवाणी जैन (विदुषी साध्वी श्री स्नेह कुमारी जी महाराज के चरणों में प्रव्रजित)

श्री सुरेन्द्रपाल मायादेवी जैन (मानसा वाले)
शास्त्री नगर, दिल्ली

श्री प्रेम प्रकाश जैन मुखर्जी नगर, दिल्ली

श्री ज्ञातनन्दन जैन रोहिणी, दिल्ली

प्रकाशकीय

"ज्ञानदान सबसे महान् दान है।"–इस वचन के अनुरूप परम श्रद्धेय उपप्रवर्तक श्री अमर मुनि जी ने भगवद् वाणी के रूप में निबद्ध जैन सूत्रों का हिन्दी–अंग्रेजी अनुवाद कराकर चित्र सहित प्रकाशन की महत्त्वपूर्ण दीर्घकालीन योजना बनाई है।

इस योजना में अब तक निम्न आगम प्रकाशित हो चुके हैं–

● आचारांगसूत्र (भाग १, २) ● ज्ञाताधर्मकथांगसूत्र (भाग १, २) ● अन्तकृद्दशासूत्र ● कल्पसूत्र ● उत्तराध्ययनसूत्र ● दशवैकालिकसूत्र ● नन्दीसूत्र ● उपासकदशा एवं अनुत्तरौपपातिकदशासूत्र ● अनुयोगद्वारसूत्र (भाग १) ● रायप्रश्नीयसूत्र

हमारा यह परम सौभाग्य है कि परम श्रद्धेय स्व. उत्तर भारतीय प्रवर्त्तक महास्थविर गुरुदेव भण्डारी श्री पद्मचन्द्र जी महाराज द्वारा प्रदत्त प्रेरणा और आशीर्वाद से उपप्रवर्तक श्री अमर मुनि जी आगम सेवा के इस महान् पुण्य कार्य में हम सबको प्रेरणा और प्रोत्साहन प्रदान कर युग–युग तक चिरस्थायी रहने वाला ज्ञानदीप प्रज्वलित कर रहे हैं। यह ज्ञानदीप न तूफानों में चंचल होता है और न ही महाकाल के थपेड़ों से बुझ पाता है। वास्तव में 'अमर ज्ञानदीप' जलाकर श्री अमर मुनि जी एक युगान्तरकारी कार्य कर रहे हैं।

सचित्र आगम प्रकाशन योजना में इस अनुयोगद्वारसूत्र का कार्य जो दो भागों में सम्पन्न हो चुका है। पाठकों के हाथों में है।

जैनधर्म–दर्शन के मूल शब्दों का अभिप्राय समझकर उनके भाव के अनुसार अंग्रेजी में उनका अनुवाद करना वास्तव में बहुत ही कठिन और व्यापक चिन्तन–मनन का कार्य है। खासकर अनुयोगद्वार जैसे आगम में तो बहुत ही श्रम करना पड़ा है। फिर भी हमें संतोष है कि विद्वान् अनुवादक ने आगमों के भाव के अनुसार मनन करके अंग्रेजी परिभाषाएँ बनाई हैं और उनको सुन्दर सहज रूप से प्रस्तुत किया है।

श्रीचन्द जी सुराना (अनुवाद, विवेचन व सम्पादन) तथा श्री सुरेन्द्र बोथरा (अंग्रेजी अनुवाद) का सहयोग तो प्रारम्भ से ही हमें उपलब्ध है। इसके साथ ही आगमों के ज्ञाता विद्वान् श्री राजकुमार जी जैन (रिटायर्ड आई. ए. एस., दिल्ली) भी आगम सेवा के इस अभियान से जुड़ गये हैं।

चित्रकार डॉ. त्रिलोक शर्मा ने इस आगम के चित्र बनाये हैं। चित्रों के माध्यम से आगमों का गम्भीर कथन बहुत ही सरल रूप में प्रकट हो गया है, जो सबके लिए सुबोध है। इन चित्रों के रेखांकन आगमों की मर्मज्ञ विदुषी डॉ. सरिता जी महाराज को दिखाये गये हैं और उनके सुझाव अनुसार उचित संशोधन भी किया गया है।

हम सभी सहयोगी बंधुओं के प्रति कृतज्ञ हैं। भविष्य में उनके सहयोग की आशा/आकांक्षा के साथ।

महेन्द्रकुमार जैन
अध्यक्ष
पद्म प्रकाशन

PUBLISHER'S NOTE

"Imparting knowledge to others is the greatest charity." Translating these words into action Shri Amar Muni Ji made a long-term plan for publishing the precepts of the *Jina*, compiled in the form of *Jain Sutras* (Jain Canon), with Hindi and English translations and suitable multicoloured illustrations.

In this project the following *Agams* have already been published—

• Acharanga Sutra (Part 1 and 2) • Jnata Dharma Kathanga Sutra (Part 1 and 2) • Antakrid-dasha Sutra • Kalp Sutra • Uttaradhyayana Sutra • Dashavaikalika Sutra • Nandi Sutra • Upasakdasha and Anuttaropapatikdasha Sutra • Anuyogadvar Sutra (Part 1) • Rajaprashniya Sutra

We are extremely fortunate that, with the inspiration and blessings of highly revered late Uttar Bharatiya Pravartak Gurudev Bhandari Shri Padma Chandra Ji Maharaj, Up-pravartak Shri Amar Muni Ji is inspiring and encouraging us in this noble mission of lighting the everlasting lamp of knowledge. This lamp of knowledge neither flickers in any storm nor gets extinguished by the catastrophic vagaries of time. Actually, by lighting this eternal lamp, Shri Amar Muni Ji is doing an epoch-making work.

In this plan of illustrated publications, the work on this *Anuyogadvar Sutra* has been completed in two parts and is now being placed before the readers.

To understand the concepts contained in the original terminology of Jain philosophy and then translate them into English is really a difficult task and needs careful contemplation and pondering. Specially for an *Agam* like *Anuyogadvar Sutra* real hard work had to be put in. However, we are contented that the translator has put in all the efforts and sources at his command to translate the philosophical terminology and present it in a simple and comprehensible style.

The contributions of Srichand Surana (Hindi translation, elaborations and editing) and Shri Surendra Bothra (English

translation) have been available right from the beginning of this project. Shri Raj Kumar Jain (I.A.S. Retd., Delhi), who is well versed with Jain *Sutras*, has also joined the mission of *Agam* publication.

Dr. Trilok Sharma has made the illustrations for this *Sutra*. Through the medium of illustrations, even the complex concepts have been made simple and easily understandable for all. The pencil drawings of these illustrations have been shown to Dr. Sarita Ji Maharaj, a profound scholar of these *Sutras*. Necessary improvements have been made as per her suggestions.

We are thankful to all those who have extended their co-operation to this project. We wish and hope to get their continued co-operation in future as well.

Mahendra Kumar Jain
PRESIDENT
Padma Prakashan

प्रस्तावना : स्वकीयम्

राज-व्यवस्था या शासन-तंत्र में जो महत्त्व 'शस्त्र' का है, आत्म-शासन या अध्यात्म क्षेत्र में वही महत्त्व 'शास्त्र' का है। शस्त्र के बिना राज-व्यवस्था नहीं चल सकती, शास्त्र के बिना आत्म-ज्ञान या संयम-साधना नहीं हो सकती। शरीर में जो महत्त्व आँख का है, आत्म-कल्याण के लिए वही महत्त्व शास्त्र का है। इसलिए शास्त्र को आत्मा की आँख कहा गया है-"सुयं तइयं चक्खु।"

शास्त्र का अर्थ है जो आत्मा पर, मन पर तथा इन्द्रियों पर शासन करता है या शासन करना सिखाता है अर्थात् इन पर संयम करके अपना अधिकार या स्वामित्व स्थापित करने का उपाय बताता है वह है शास्त्र। जैसे कहा है-"शासनाच्छास्त्रमिदम्।"-आचार्य मलयगिरि का यह कथन वास्तव में शास्त्र को आत्मा पर शासन करने वाला 'शासक' सिद्ध करता है।

वीतराग सर्वज्ञ भगवान की वाणी या उपदेश को 'शास्त्र' कहा जाता है। उन शास्त्रों का स्वाध्याय, अध्ययन, पठन-श्रवण आत्मा को कल्याण के मार्ग पर प्रेरित करता है, आगे बढ़ाता है। जैन परम्परा में 'शास्त्र' के लिए 'आगम' शब्द अधिक प्रचलित है। वर्तमान समय में जो आगम उपलब्ध हैं, उनकी गणना ४५ या ३२ आगमों के रूप में की जाती है। श्वेताम्बर मूर्तिपूजक आम्नाय में ४५ तथा स्थानकवासी व तेरापंथी आम्नाय में ३२ आगम की मान्यता प्रचलित है। बत्तीस आगम इस प्रकार हैं- ११ अंगसूत्र, १२ उपांगसूत्र, ४ मूलसूत्र, ४ छेदसूत्र और आवश्यक सूत्र। प्रस्तुत अनुयोगद्वार मूल सूत्रों की गणना में आता है। चार मूल सूत्रों में उत्तराध्ययन, दशवैकालिक, नन्दी और अनुयोगद्वार का नाम है।

जिनेश्वर भगवान ने मोक्ष के चार मार्ग बताये हैं-

"नाणं च दंसण चेव, चरित्तं च तवो तहा।
एस मग्गु त्ति पन्नत्तो, जिणेहिं वरदंसिहिं॥" -उत्तराध्ययन ३०

ज्ञान, दर्शन, चारित्र और तप मोक्ष के चार मार्ग हैं। प्राचीन मान्यता के अनुसार नन्दीसूत्र में ज्ञान, अनुयोगद्वार में दर्शन, दशवैकालिक में चारित्र तथा उत्तराध्ययन में तप का वर्णन मुख्य रूप में है। यों तो अनुयोगद्वार में दर्शन के साथ श्रुतज्ञान तथा आवश्यक के रूप में पाँच चारित्र का वर्णन भी उपलब्ध है, किन्तु यह सब उपक्रम दर्शन की, सम्यक् दर्शन के रूप में शुद्धि के लिए होने से 'दर्शन' को ही इसका मुख्य प्रतिपाद्य माना है।

अनुयोग का अर्थ

'अनुयोगद्वारसूत्र' को समझने के लिए सर्वप्रथम 'अनुयोग' शब्द का अर्थ समझ लेना जरूरी है। 'अनुयोग' का अर्थ है, शब्द के साथ उसके अनुकूल या उपयुक्त अर्थ का सम्बन्ध जोड़ना। अर्थ के भाषक अरिहंत भगवान होते हैं, अरिहंतों या तीर्थंकरों द्वारा कथित अर्थ या शब्द रूप शास्त्र को उनके अभिप्रेत अर्थ के साथ जोड़कर देखना चाहिए। एक शब्द के अनेक अर्थ होते हैं, इसलिए वहाँ पर किस

प्रयोजन से, किस नय दृष्टि से, किस निक्षेप दृष्टि से यह शब्द कहा गया है, इसका उचित विचार करके उसका वही अर्थ करना—इसी का नाम अनुयोग है जैसा कि आचार्यों ने कहा है—

"अणु ओयण मणुओगो, सुयस्स नियएण जमभिहेएण॥" —आचार्य जिनभद्रगणि

अर्थात् श्रुत के नियत अभिधेय को समझने के लिए उसके साथ उपयुक्त अर्थ का योग करना—अनुयोग है।

अनुयोगद्वारसूत्र में 'अनुयोग' शब्द पर अधिक चिन्तन नहीं किया गया है। परन्तु शास्त्रों के प्रसिद्ध भाष्यकार आचार्य जिनभद्रगणि तथा वृत्तिकार मलधारी हेमचन्द्र आदि आचार्यों ने 'अनुयोग' शब्द पर बड़े विस्तार के साथ चिन्तन किया है और यह स्पष्ट किया है कि किस कारण इस शास्त्र को 'अनुयोगद्वार' कहा है। अनुयोगद्वार का एक सरल-सा अर्थ है—शासनरूपी महानगर में अपने इच्छित तत्त्वज्ञान को खोजने और पाने के लिए प्रवेश का जो द्वार है, उसका नाम यहाँ 'अनुयोगद्वार' समझ लेना चाहिए। शास्त्र को एक महानगर मान लें तो उस महानगर में प्रवेश करने का मार्ग अनुयोगद्वार है। शास्त्र के गम्भीर भाव या अर्थ को समझने के लिए जिस अनेकान्तवादी, नय-निक्षेप प्रधान दृष्टि की जरूरत है उस दृष्टि का उद्‌घाटन अनुयोगद्वारसूत्र करता है।

अनुयोग का अर्थ समझाने के लिए आचार्य भद्रबाहु स्वामी ने सर्वप्रथम आवश्यक निर्युक्ति (गा. १२८-१२९) में गाय और बछड़े का दृष्टान्त दिया है, इसी दृष्टान्त को विस्तृत रूप में आवश्यक निर्युक्ति के भाष्यकार जिनभद्रगणि क्षमाश्रमण ने (गा. ४०९-४१०) उदाहरण देकर समझाया है, जिसका वर्णन और चित्र हमने सूत्र २ पर दिया है। संक्षेप में जिस गाय का दूध दुहना हो, उसी के बछड़े को उसके पास लाकर उसका स्तनपान कराकर दूध दुहना यह एक प्रकार से 'योग्य संयोग' है। इस दृष्टान्त से अनुयोग का अर्थ सरलता से समझ में आ जाता है।

अनुयोग के चार द्वार

यह जानना चाहिए कि आचार्य आर्य रक्षित ने जैन आगमों के विषयों का चार अनुयोगों में वर्गीकरण किया है। जैसे—धर्मकथानुयोग (दृष्टान्त उदाहरण), चरणानुयोग (आचार विषय), गणितानुयोग (ज्योतिष और समुद्र-पर्वत आदि का वर्णन) तथा द्रव्यानुयोग (जीव-पुद्‌गल आदि का वर्णन)। इनमें प्रस्तुत अनुयोगद्वार की गणना प्रमुख रूप में किसी भी अनुयोग में नहीं की जा सकती, किन्तु इसमें प्रसंगानुसार चारों ही अनुयोग समाविष्ट हो जाते हैं। वास्तव में इसका विषय शास्त्र का अर्थ करने की शैली अर्थात् आगम की व्याख्या पद्धति समझाना है। इसलिए इसके विषयों को 'चार द्वार' के रूप में विभक्त किया है, जैसे—(१) उपक्रम, (२) निक्षेप, (३) अनुगम, और (४) नय।

इन चारों द्वारों में सबसे पहले उपक्रम द्वार है। यह सबसे अधिक विस्तृत है। सूत्र का लगभग ७५% अंश उपक्रम के वर्णन में ही पूरा हुआ है।

किसी के अभिप्राय को समझना और समझकर उसके अनुकूल प्रयत्न करना उपक्रम है। नाम, स्थापना, द्रव्य, क्षेत्र, काल और भाव—इन छह द्वारों से उपक्रम की अनेक प्रकार से व्याख्याएँ की गई हैं और अन्त में प्रशस्त भावोपक्रम को उपादेय बताया है। इसके अनुसार शिष्य गुरु से ज्ञान प्राप्त करने

के लिए पहले गुरु को विनय आदि से प्रसन्न करे, उनके भाव-इंगित संकेत आदि को समझकर शास्त्र पढ़ने में प्रवृत्त हो।

उपक्रम के भी आनुपूर्वी, नाम, प्रमाण, वक्तव्यता, अर्थाधिकार, समवतार आदि छह भेद बताकर विभिन्न प्रकारों से उपक्रम को समझाया है। दूसरे निक्षेप द्वार में नाम, स्थापना, द्रव्य और भाव-चार निक्षेप के आधार पर तत्त्व को समझने की विधि बताई है। तीसरा द्वार है अनुगम और चौथा द्वार है नय। अनुगम के मुख्य दो भेद बताकर उसके उपभेदों का वर्णन है। इसके बाद नयद्वार में सात नयों की व्याख्या है।

इस प्रकार अनुयोगद्वारसूत्र में चार द्वारों द्वारा शास्त्र का अर्थ समझने, उसकी व्याख्या करने की तर्क व युक्ति संगत शैली का वर्णन है।

प्रासंगिक सामग्री : प्राचीन ग्रन्थों का उल्लेख

अनुयोगद्वार में चार द्वारों के वर्णन में अनेक प्रकार की रोचक, सांस्कृतिक और ऐतिहासिक सामग्री उपलब्ध होती है। इसके अध्ययन से प्राचीन भारत की धार्मिक, ऐतिहासिक, भौगोलिक तथा सांस्कृतिक सामग्री विविध रूप में मिलती है। धार्मिक और दार्शनिक सामग्री में षड्द्रव्य का विचार, जीव के गुण, शरीर, शरीर की आकृतियाँ, संस्थान, जीवों की आयु आदि विविध प्रकार के विषयों की संयोजना है।

इस सूत्र में जैनेतर साहित्य के १९ प्रसिद्ध ग्रन्थों के नाम भी हैं। (सूत्र ४९) जैसे-रामायण, महाभारत, कौटिल्य, वैशेषिक दर्शन, बुद्ध वचन, लोकायत, पुराण, व्याकरण आदि। महाभारत और रामायण के पठन व वाचन के समय की प्राचीन परम्परा का भी उल्लेख है, किन्तु आश्चर्य है, रामायण एवं महाभारत का उल्लेख करने के बाद भागवत का उल्लेख कहीं नहीं है। इससे यह ध्वनित होता है कि अनुयोगद्वारसूत्र की रचना के पश्चात् भागवत की रचना हुई है।

संगीत एवं स्वर-मंडल

सात स्वरों का सुन्दर और ललित वर्णन इस सूत्र (सूत्र २६०) की एक अपनी विशेषता है। सामवेद में संगीत का वर्णन है। उसी प्रकार इस सूत्र में भी संगीत के स्वर, उत्पत्ति स्थान आदि का विस्तृत और उपयोगी वर्णन है। वर्णन की शैली अपनी स्वतंत्र है।

व्याकरण

अष्ट नाम में व्याकरण की आठ विभक्तियों का तथा सात समासों का वर्णन व्याकरण शास्त्र के अभ्यासियों के लिए उपयोगी है। (सूत्र २२८-२३१)

नवरस

इस सूत्र (२६१-२६२) में काव्य शास्त्र के नवरसों का वर्णन अपनी मौलिक स्थापना लिए है। काव्य नाटक ग्रन्थों में नवरस हैं-(१) शृंगार, (२) हास्य, (३) करुण, (४) रौद्र, (५) वीर, (६) भयानक, (७) वीभत्स, (८) अद्भुत, और (९) शान्त रस। जबकि इस सूत्र में सबसे पहले वीर

रस का क्रम रखा है तथा व्रीडनक रस (लज्जा रस) के रूप में एक नया ही रस बताया है। अन्य किसी काव्यशास्त्रीय वर्णन में 'व्रीडनक रस' का कथन नहीं है। चूर्णिकार तथा टीकाकार हरिभद्र ने इस विषय में कोई स्पष्टीकरण नहीं किया है, परन्तु आचार्य मलधारी हेमचन्द्र का स्पष्टीकरण है कि भयोत्पादक सामग्री देखने से भयानक रस की उत्पत्ति होती है। यहाँ पर 'भयानक' रस को 'रौद्र रस' में ही विवक्षित कर दिया है और 'व्रीडनक रस' को अलग प्रस्तुत किया है।

सामुद्रिक शास्त्र

प्रमाण, मान, उन्मान आदि के भेदों में सामुद्रिक लक्षणों वाले उत्तम, मध्यम, अधम पुरुष के लक्षण बताये हैं। (सूत्र ३३४) जैसे जिसके शरीर की ऊँचाई १०८ अंगुल प्रमाण मात्र हो, उस पर शंख, वृषभ आदि के लक्षण-चिन्ह हों। मष, तिल आदि व्यंजन हों, जिसमें क्षमा आदि गुण हों, वह उत्तम पुरुष है। १०४ अंगुल की ऊँचाई वाला मध्यम पुरुष और ९६ अंगुल की ऊँचाई वाला अधम पुरुष। उस समय के सामुद्रिक शास्त्र की धारणा का पता इस वर्णन से चलता है।

इसी प्रकार सूत्र ६५३-६५४ में आकाश दर्शन, नक्षत्र आदि के आधार पर सुवृष्टि, कुवृष्टि, सुकाल, दुर्भिक्ष आदि का अनुमान होना बताया है।

मान्यताएँ तथा व्यवसाय

सूत्र २१ में उस युग में प्रचलित वेश-भूषा तथा क्रियाकलाप के आधार पर विविध प्रकार की धार्मिक मान्यताओं का उल्लेख है, जैसे-चरक, चीरक, चर्मखंडिक गौतम, गौव्रतिक आदि।

व्यवसाय या कर्म के अनुसार जिन जातियों का नामकरण होता था, उनका उल्लेख यह सूचित करता है कि प्राचीन भारत में 'जाति' जन्मना नहीं, कर्मणा मानी जाती थी। व्यावसायिक जातियों के नाम-**दौसिक**-कपड़ा बनाने वाले, **सौत्रिक**-सूत बुनने वाले, **तांत्रिक**-तंत्री वादक, **मुंजकार**-मूँज की रस्सी बनाने वाले, **वर्धकार**-चमड़े की विविध वस्तुएँ बनाने वाले, **पुस्तकार**-कागज बनाने वाले या पुस्तकें लिखने वाले, **दंतकार**-हाथी दाँत आदि का काम करने वाले आदि। (सूत्र ३०४)

विविध कला निपुण कलाकारों के नामों से पता चलता है, आज की तरह प्राचीन समय में भी शरीर के अवयवों को मोड़ने, घुमाने व विविध प्रकार से जनता का मनोरंजन करने वाले अनेक कलाकार (जिम्नास्टिक) उस समय होते थे। जैसे-**नर्तक**-नृत्य करने वाला, **जल्ल**-रस्सी पर नाचने वाला, **मल्ल**-कुश्ती लड़ने वाला, **प्लवक**-गड्ढे व नदी-तालाब में गहरी छलाँग लगाने वाला, **लंख**-मोटे बाँस पर चढ़कर विविध करतब दिखाने वाला आदि। (सूत्र ३०४)

धान्य, रस, धातु आदि नापने के तोल, माप, बाँट, गज आदि उस युग में अनेक प्रकार के साधन विकसित हो चुके थे। सूत्र ३२० से ३४४ तक से मान, उन्मान, क्षेत्र, प्रमाण आदि का वर्णन उस युग की प्रचलित और विकसित व्यापार विधियों का अच्छा दिग्दर्शन कराती है।

इस प्रकार अनुयोगद्वारसूत्र में जहाँ दार्शनिक व सैद्धान्तिक चर्चा है वहाँ सांस्कृतिक विषयों की भी विपुल सामग्री है जो उस समय की लोक कला, व्यापार कला व साहित्य रचना के विकास की सूचना देती है।

संकलनकर्त्ता का नाम और समय

जैन आगमों में अनुयोगद्वारसूत्र और नन्दीसूत्र सबसे अर्वाचीन शास्त्र हैं।

अनुयोगद्वारसूत्र किसकी रचना है यह प्रश्न आज तक पूर्ण रूप में समाधान नहीं पा सका है। कुछ विद्वानों का अनुमान है कि आर्य वज्रस्वामी तक तो शास्त्रों का अध्ययन अपृथक्त्वानुयोग पद्धति से ही होता था। किन्तु उनके पट्टधर आर्य रक्षित सूरि जो भगवान महावीर के बीसवें पट्टधर थे। (वि. नि. ५७० से ५९७) ने आगम अभ्यासियों की मति-दुर्बलता, धारणा शक्ति की दुर्बलता को समझकर आगमों का चार अनुयोगों में वर्गीकरण किया। इसलिए उन्हें अनुयोग पृथक्कर्त्ता माना जाता है। परन्तु अनुयोगद्वारसूत्र के रचनाकार भी वे थे या नहीं, इस विषय में कोई पुष्ट प्रमाण नहीं है किन्तु साथ ही इसका बाधक प्रमाण भी कुछ नहीं है। इस कारण विद्वानों व इतिहास गवेषकों ने अनुयोग पृथक् आर्य रक्षित को ही अनुयोगद्वारसूत्र का रचनाकार या संकलनकर्त्ता स्वीकार किया है। आर्य रक्षित का समय वीर निर्वाण की छठी शताब्दी है। इस रचना का समय वीर निर्वाण संवत् ५७०-५८४ के मध्य अनुमान किया गया है। अर्थात् विक्रम संवत् ११४ से १२७ के मध्य ईसा की प्रथम शती का अन्तिम चरण ही इसका रचना समय माना जाता है। इस विषय में आगमों के अनुसंधानकर्त्ता मुनि पुण्यविजय जी, मुनि जम्बूविजय जी तथा आचार्य महाप्रज्ञ जी तीनों एकमत हैं।

व्याख्या ग्रन्थ

अनुयोगद्वारसूत्र पर तीन प्राचीन व्याख्या ग्रन्थ उपलब्ध हैं। इस पर कोई निर्युक्ति नहीं है।

चूर्णि–चूर्णि की भाषा प्राकृत है। इसके कर्त्ता जिनदासगणि महत्तर विक्रम की सातवीं सदी में हुए।

हरिभद्रीया वृत्ति–हरिभद्र सूरि आगमों के प्रसिद्ध और गम्भीर टीकाकार हैं। उन्होंने आवश्यक और दशवैकालिकसूत्र पर विस्तृत टीकाएँ लिखी हैं। नन्दी और अनुयोगद्वार पर उनकी संक्षिप्त टीका है। इनका समय विक्रम की आठवीं शताब्दी माना जाता है।

मलधारीया वृत्ति–हरिभद्र सूरि के बाद आचार्य मलधारी हेमचन्द्र ने इस पर बहुत विस्तृत वृत्ति (व्याख्या) लिखी है। इनका समय विक्रम की बारहवीं शताब्दी माना गया है।

द्वितीय भाग

अनुयोगद्वारसूत्र विषय की दृष्टि से बहुत विस्तृत है और गूढ़ भी है। इसके सूत्रों की व्याख्या अथवा विवेचन किये बिना अर्थ समझ पाना कठिन होता है। इसलिए इसका विस्तार भी हो गया है। इसी कारण इस शास्त्र को दो भागों में प्रकाशित किया गया है। प्रथम भाग गत वर्ष प्रकाशित हो चुका है। उसमें नवरस तक का वर्णन है। अब दस नाम प्रकरण से आगे का वर्णन इस भाग में है। इसमें भी अनेक प्रकार के गहन व रोचक विषय सम्मिलित हैं। प्रमाण, नय, निक्षेप का वर्णन इस दूसरे भाग में है।

जैसा मैंने बताया–यह शास्त्र किसी एक ही विषय पर आधारित नहीं है, यह तो शास्त्र की व्याख्या करने की शैली समझाने वाला शास्त्र है। इसमें विभिन्न विषयों का समावेश है। रस, अलंकार, व्याकरण, नक्षत्र ज्योतिष, न्याय शास्त्र, नय, निक्षेप, प्रमाण, काल, भाव आदि अनेक विषय इसमें समाये हुए हैं

और प्रत्येक विषय का बहुत ही सुन्दर तथा सांगोपांग वर्णन इस शास्त्र में है। वर्णन शैली भी इसकी अनूठी है। इसके कुछ विषय अन्य सूत्रों में भी आ गये हैं, जैसे अवगाहना व स्थिति प्रकरण प्रज्ञापनासूत्र में हैं। काल व पल्योपम आदि का वर्णन जम्बूद्वीप प्रज्ञप्ति तथा भगवतीसूत्र में है। किन्तु यहाँ पर प्रसंग आने से वह विषय अनुक्रम में प्रस्तुत है।

प्रमाण प्रकरण, काल प्रकरण का विषय तो काफी विस्तृत है तथा रोचक और ज्ञानवर्द्धक भी है। मैंने ध्यान रखा है जहाँ पर आवश्यक था वहाँ विवेचन में उस विषय का विस्तार भी किया है।

हमारे सम्पादन का आधार

अनेक टीकाओं के अवलोकन पश्चात् हमने अनुवाद व विवेचन की भाषा-शैली सरल, सुबोध तथा मध्यम विवेचन वाली रखी है, क्योंकि अधिक लम्बा विवेचन करने से तो इसका विस्तार और अधिक हो जाता।

अस्तु, अन्य आगमों से अनुयोगद्वारसूत्र की शैली तथा प्रतिपाद्य कुछ भिन्न है। इसमें पारिभाषिक शब्दों की बहुलता होने से अर्थ-बोध इतना सरल नहीं है। इसलिए हमने अनुवाद तथा विवेचन में ही विशेष पारिभाषिक शब्दों को भिन्न टाइप में देकर वहीं पर अर्थ व व्याख्या करने का ध्यान रखा है जिससे कि पाठक को बार-बार पृष्ठ पलटने नहीं पड़ें। अंग्रेजी अनुवाद में भी पारिभाषिक शब्दों के अर्थ वहीं पर कोष्ठक में दिये गये हैं।

इसके अनुवाद विवेचन में हमने निम्नलिखित पुस्तकों को अपना आधार माना है-

जैनागम रत्नाकर श्रमण संघ के प्रथम आचार्यसम्राट् आचार्य श्री आत्माराम जी महाराज ने सर्वप्रथम प्राचीन टीका आदि के आधार पर हिन्दी में अनुयोगद्वार की हिन्दी टीका लिखी थी, जो बहुत ही सरल और सुबोध शैली में है। दो भागों में उसका प्रकाशन हुआ। प्रथम भाग का प्रकाशन सन् १९३१ में श्वेताम्बर स्थानकवासी जैन कॉन्फ्रेंस, मुम्बई से तथा उत्तरार्ध का प्रकाशन पटियाला से हुआ। परन्तु वर्तमान में उसकी उपलब्धता बहुत ही दुर्लभ हो रही है।

आचार्यसम्राट् श्री आत्माराम जी महाराज के विद्वान् शिष्यरत्न आगमों के गम्भीर अध्येता श्री ज्ञान मुनि जी महाराज ने आचार्यश्री की सम्पादित टीका को अति विस्तृत रूप देकर पुनः सम्पादित किया है, जो एक प्रकार से सर्वथा नया व्याख्या ग्रन्थ ही बन गया है। यह आत्मज्ञान पीयूषवर्षिणी टीका नाम से प्रकाशित है। इसका सम्पादन मुनि श्री नेमीचन्द्र जी महाराज ने किया है। दो भागों में यह ग्रन्थ आज उपलब्ध है और व्याख्याकार के गम्भीर व्यापक ज्ञान का साक्षीभूत है। हमने विवेचन में इस ग्रन्थ को आधारभूत माना है।

आगम समिति, ब्यावर से प्रकाशित युवाचार्य श्री मधुकर मुनि जी के निर्देशन में श्री केवल मुनि जी द्वारा अनूदित तथा पं. शोभाचन्द जी भारिल्ल द्वारा संशोधित अनुयोगद्वारसूत्र भी हमारे लिए मूल पाठ व विवेचन में उपयोगी बना है।

अणुओगदाराइं नाम से आचार्य महाप्रज्ञ जी द्वारा सम्पादित जैन विश्वभारती, लाडनूँ द्वारा प्रकाशित ग्रन्थ भी हमारे विवेचन में काफी उपयोगी तथा सहायक बना है।

ताइकेन हानाकी अनुयोगदाराइं नामक अंग्रेजी अनुवाद का उपयोग विशेष कर अंग्रेजी शब्दावली स्थिर करने के समय किया गया है।

इन सबके अतिरिक्त अभी सद्यः प्रकाशित **'अनुयोगद्वारसूत्रम्' चूर्णि-विवृत्ति-वृत्ति विभूषितम्** (भाग १, २) आगमों के गम्भीर अन्वेषक-अध्येता तत्त्वमर्मज्ञ मुनिराज जम्बू विजय जी महाराज द्वारा अत्यन्त श्रमपूर्वक संशोधित-संपादित ग्रन्थ हमें इस सम्पादन में मूल पाठ संशोधन व चूर्णि-टीका आदि के मूल सन्दर्भ देखने में बहुत ही सहायक बना है। अनेक दुरूह स्थलों को समझने के लिए सह-सम्पादक श्रीचन्द सुराना 'सरस' ने मुनिश्री से व्यक्तिगत सम्पर्क कर इस विषय में समाधान प्राप्त करने का भी प्रयास किया है। मुनिश्री स्वयं ज्ञानाभ्यासी व उदार हृदय हैं। उन्होंने अत्यन्त प्रेम व वात्सल्यपूर्वक सूत्र के गम्भीर अर्थों का स्पष्टीकरण कर संतुष्ट किया है। हम आपके विशेष आभारी हैं। साथ ही उक्त सभी विद्वानों, मुनिवरों के प्रति कृतज्ञ हैं कि इस विवेचन में हम उनके अत्यधिक श्रमपूर्ण सम्पादन से लाभान्वित हुए हैं।

अपना पार्थिव शरीर त्याग देने के पश्चात् भी परम पूज्य गुरुदेव उत्तर भारतीय प्रवर्त्तक भण्डारी श्री पद्मचन्द जी महाराज का वरदहस्त मेरी प्रत्येक गतिविधि को निर्देशित करता है। उनके प्रति आभार प्रकट करना मेरा विनम्र कर्त्तव्य है।

इस सूत्र के सम्पादन में श्रीचन्द सुराना 'सरस' ने प्रशंसनीय योगदान दिया है तथा कठिन परिश्रम किया है। अंग्रेजी अनुवाद में श्री सुरेन्द्र बोथरा ने इस ग्रन्थमाला के अनेक आगमों के अनुवाद से परिपक्व अनुभव तथा ज्ञान का इसके अंग्रेजी अनुवाद में सराहनीय उपयोग किया है। पारिभाषिक शब्दों के लिए अंग्रेजी में उपयुक्त शब्दों तथा पदों के चयन में पूरी सावधानी रखी गयी है। फिर भी, यह अभी तक एक विकासशील क्षेत्र है। अतः भाषा तथा विवेचन की किसी भी भूल के लिए पाठकों का धैर्य अपेक्षित है। सुश्रावक श्री राजकुमार जी जैन जो आगमों के अध्येता तथा अंग्रेजी के विद्वान् हैं, ने भी अन्तिम प्रूफ पढ़कर संपादकीय तथा अनुवादकीय सुझाव के रूप में महत्त्वपूर्ण सेवा-सहयोग प्रदान किया है। लगभग दो वर्ष के कठोर व सतत परिश्रम पश्चात् यह अनुवाद और अंग्रेजी भाषान्तर तैयार हुआ है। फिर भी कहीं शास्त्र विरुद्ध, परम्परा विरुद्ध कुछ लिखा गया है, तो उसके लिए मैं आत्म-साक्षी से पुनः **'मिच्छामि दुक्कडं'** लेता हूँ तथा विद्वानों से निवेदन करता हूँ कि वे उचित संशोधन आदि सुझाने की कृपा करें।

अनुयोगद्वार के चित्र बनाना भी अन्य आगमों की अपेक्षा कुछ जटिल काम था। विषय को अच्छी प्रकार उदाहरणों द्वारा समझाने में कुछ उदाहरण टीका, भाष्य के तथा अन्य सूत्रों की टीका व अर्थ ग्रन्थ से भी लेने पड़े हैं तथा कुछ लौकिक प्रचलित उदाहरणों का भी प्रयोग किया गया है ताकि सूत्र का भाव पाठक/दर्शक अच्छी प्रकार समझ सकें, फिर भी यदि उन उदाहरणों में कहीं दोष रहा हो तो विशेषज्ञ सूचित करें।

सभी सहभागी बन्धुओं के प्रति पुनः हार्दिक अनुमोदना।

—उपप्रवर्त्तक अमर मुनि

FROM THE EDITOR'S PEN

Scriptures (*shaastra*) have the same importance in the spiritual field that weapons (*shastra*) have in the field of state administration. Administration of a state cannot be run without the help of weapons and spiritual practices and self-discipline cannot be pursued without the help of *shaastras*. The role of *shaastras* in attaining beatitude of the self (soul) is as important as that of eyes in the human body. That is the reason *shaastras* are said to be the eyes of the soul ***(Suyam taiyam chakkhu).***

That which rules over or teaches how to rule over the soul, the mind and the senses is said to be *shaastra*. In other words, that which shows the way to discipline and establish command over these is called *shaastra*. Acharya Malayagiri's statement—***'Shasanacchastramidam'*** affirms that *shaastra* is the ruler who rules over the soul.

The words or teachings of the detached omniscient are called *shaastra*. Contemplation, study, reading and listening to the recital of these *shaastras* inspire the soul to take to the path of beatitude and helps its progress. In Jain terminology the term *'Agam'* instead of *'shaastra'* is in popular use. At present the number of available *Agams* is said to be 45 and 32. According to the belief in Shvetambar image-worshipping tradition this number is 45 and according to that in Sthanakavasi tradition it is 32. The list of thirty two *Agams* is divided into sub-groups as follows—11 *Anga Sutras*, 12 *Upanga Sutras*, 4 *Mool Sutras*, 4 *Chhed Sutras* and the *Avashyak Sutra*. This work, *Anuyogadvar Sutra*, belongs to the sub-group of *Mool Sutras*. The four *Mool Sutras* being *Uttaradhyayan, Dashavaikalik, Nandi* and *Anuyogadvar*.

Bhagavan Mahavir has shown four paths of salvation—knowledge (*jnana*), perception or faith (*darshan*), conduct (*chaaritra*) and austerities (*tap*). According to the ancient tradition *Nandi Sutra* describes knowledge (*jnana*), *Anuyogadvar* describes perception or faith (*darshan*), *Dashavaikalik* describes conduct (*chaaritra*) and *Uttaradhyayan* describes austerities (*tap*). *Anuyogadvar* includes discussions about *Shrut jnana* (scriptural knowledge) and five kinds of

conduct in the form of *avashyak* (essential duties) alongwith ***darshan*** (perception). However, as all these are presented as instruments for refining ***darshan*** (perception) into ***samyak darshan*** (right perception), ***darshan*** is considered to be its central theme.

MEANING OF ANUYOGA

To understand *Anuyogadvar Sutra*, the first essential step is to understand the meaning of the term *anuyoga*. To associate (*yoga*) the intended and appropriate meaning (*anu*) with a word is called *anuyoga*. The concepts (*arth*) are given by *Arihant Bhagavan*. The concepts given by *Arihants* or *Tirthankars* or the scriptures in lingual form should be studied and understood only after associating them with pertinent and appropriate meaning. Each word has many meanings. Therefore, to contemplate that for what purpose, from which viewpoint and with reference to which attribution a specific word has been used and then to arrive at the appropriate meaning is called *anuyoga* (disquisition). As the *acharyas* have said—"To associate (*yoga*) the intended and prescribed meaning (*anu*) with the concept of an aphorism is *anuyoga*. (In other words to elaborate an aphorism in consonance with the concept of the writer is *anuyoga*.)" **—Acharya Jinabhadragani**

In the text of *Anuyogadvar Sutra* nothing much has been said about the word *anuyoga*. However, famous commentators of scriptures, including Acharya Jinabhadragani (the author of the *Bhashyas*) and Acharya Maladhari Hemchandra (the author of the *Vrittis*), have presented detailed discussion on the word '*anuyoga*' in their commentaries. They have explained why this work has been titled *Anuyogadvar*. A simple illustrative meaning of *Anuyogadvar* is—the gate (*dvar*) to enter, search and arrive at the desired part of the knowledge of fundamentals in the great city called Jain order (canon). If we consider *shaastra* (scripture) to be a great city, *Anuyogadvar* is the name of its entrance. The non-absolutist (*anekant-vadi*) approach, with emphasis on multiple perspectives (*naya*) and attribution (*nikshep*), necessary to understand the profound concepts and ideas contained in scriptures is elucidated in *Anuyogadvar Sutra*.

The analogy of a cow and her calf in order to explain the meaning of *Anuyogadvar* was given for the first time by Acharya Bhadrabahu in *Avashyak Niryukti* (verse 128-129). The same analogy with a little elaboration in the form of an example has been used by Jinabhadragani

Kshamashraman, the commentator (*Bhashya*) of *Avashyak Niryukti* (verses 409-410). We have included it with a suitable illustration in elaboration of aphorism 2. In brief, when a cow is to be milked, the calf of that very cow should be brought for pre-milking suckle. In a way, this is a fitting association. This example facilitates grasping easily the meaning of *anuyoga* (disquisition).

FOUR DVARS OF ANUYOGA (FOUR DOORS OF DISQUISITION)

It should be mentioned here that Acharya Arya Rakshit has divided the subjects contained in Jain *Agams* in four *Anuyogas*—*Dharmakathanuyoga* (narrative literature or religious tales), *Charananuyoga* (conduct and praxis), *Ganitanuyoga* (mathematics, astrology, geography and cosmology) and *Dravyanuyoga* (entities including the living and the non-living; metaphysics). This *Anuyogadvar Sutra* does not exclusively belong to any one of these four types. It envelopes all the four types of *Anuyogas* in some context or the other. In fact, it is aimed at explaining the methodology of interpreting the scriptures or the process of elaborating the *Agam* texts. Therefore, the topics it deals have been divided into four segments presented as *dvars* (doors)—(1) *Upakram* (introduction), (2) *Nikshep* (attribution), (3) *Anugam* (interpretation), and (4) *Naya* (viewpoint or aspect).

The first and the most elaborate of these four doors of disquisition is *Upakram*. It takes up almost three-fourths of the total volume of the book.

To understand the viewpoint of a person and to make efforts to act accordingly is *Upakram*. *Upakram* has been described in detail from six different angles namely *Naam* (name), *Sthapana* (notional installation), *Dravya* (physical aspect), *Kshetra* (area), *Kaal* (time) and *Bhaava* (essence). In conclusion, *prashast bhaavopakram* (righteous means of knowing thoughts of others) is termed as the one to be accepted. According to this, in order to gain knowledge from a guru (teacher) a disciple should first please the guru by his qualities including humble behaviour. After that he should understand the feelings and gestures of the guru and should accordingly indulge in studies of scriptures.

Upakram has been further divided into six sub-categories and explained from various perspectives. These sub-categories are—*Anupurvi* (sequence or sequential configuration), *Naam* (name), *Praman* (validity), *Vaktavyata* (explication), *Arthadhikar* (giving

synopsis) and *Samavatar* (assimilation). In the second door of disquisition, *nikshep* (attribution), the method of understanding fundamentals from four angles—*Naam* (name), *Sthapana* (notional installation), *Dravya* (physical aspect) and *Bhaava* (essence or mental aspect) has been explained. The third door of disquisition is *Anugam* (interpretation) and the fourth is *Naya* (viewpoint or aspect). After mentioning two principle categories of *Anugam* their sub-categories have been described. Then in the door of *Naya* seven *nayas* (viewpoints) have been mentioned at length.

Thus, *Anuyogadvar Sutra* describes the method of understanding the scriptures and logical and methodical style of elaborating them with the help of four doors of disquisition (*Anuyogadvar*).

RELEVANT REFERENCES : MENTION OF ANCIENT WORKS

In the description of four *dvars* (approaches) of *Anuyoga,* one finds ample material of cultural and historical importance. Its study provides a variety of information about the religious, historical, geographical and cultural conditions in ancient India. The religious and philosophical material includes description of six *dravya* (entities), attributes of *Jiva* (the living), the body, its shapes, its structure (*sansthan*), life-span of beings and many other such topics.

This work has mentions of 19 famous books of non-Jain literature (aphorism 49). For instance, *Ramayana, Mahabharat, Kautilya, Vaisheshik* philosophy, the precepts of the Buddha, Lokayat, *Puranas*, grammar etc. The then prevailing tradition about the time of reading and reciting *Ramayana* and *Mahabharat* has also been mentioned. But it is strange that though *Ramayana* and *Mahabharat* have been mentioned, there is no mention of *Shrimadbhagavata* with them or otherwise. This indicates that *Shrimadbhagavata* was written after *Anuyogadvar Sutra.*

MUSIC AND MUSICAL NOTES

The description of seven *Svars* (musical notes) in an interesting and lucid style is a special feature of this work (aphorism 260). *Samaved* describes music. Similarly musical notes, their places of origin and other related topics have been mentioned in detail in this work. It employs its own original style of description.

VYAKARAN (GRAMMAR)

The description of eight *Vibhaktis* (declension) and seven *Samasas* (compounding of words) under the title *Ashtnaam* is useful for students of grammar. (aphorisms 225-231)

NAVA RASA (NINE SENTIMENTS)

The description of *nava rasa* (nine sentiments) of poetics (aphorisms 261-262) includes some new concepts and their order. Nine sentiments in poetics and drama are—(1) *Shringar-rasa* (amatory or erotic sentiment), (2) *Hasya-rasa* (sentiment of humour or comic sentiment), (3) *Karun-rasa* (pathos or tragic sentiment), (4) *Raudra-rasa* (sentiment of rage or fury), (5) *Vira-rasa* (heroic sentiment), (6) *Bhayanak-rasa* (sentiment of fear or horror), (7) *Vibhatsa-rasa* (sentiment of disgust), (8) *Adbhut-rasa* (sentiment of wonder), and (9) *Shant-rasa* (sentiment of tranquillity). But in this *Sutra*, first in the order is heroism (*Vira-rasa*). A new sentiment is included as *Vridanak-rasa* (sentiment of shame or bashfulness). This sentiment does not find any mention in any other treatise on poetics. The commentator (*Churni* and *Tika*) Haribhadra has given no clarification in this context. But Acharya Maladhari Hemchandra has explained that horrifying things evoke the sentiment of fear or horror. In this work *Bhayanak-rasa* is included in *Raudra-rasa* (sentiment of rage or fury) and *Vridanak-rasa* is described as a different sentiment.

SAMUDRIK SHAASTRA

With the classification of standard and non-standard structure and dimensions of the human body, signs of good, mediocre or average and bad persons based on body marks have also been mentioned (aphorism 334). For instance, a person whose height is 108 times the finger-width, who has body-marks of conch shell, bullock etc. has moles and spots on his body and who has virtues like sense of forgiveness, is called an excellent person. A person whose height is 104 times the finger-width is average and a person whose height is 96 times the finger-width is a bad type. These details help one know about the information contained in the works of that period on interpreting body marks.

Similarly *Sutras* 653 and 654 include information about how on the basis of the observation of the sky and the position of stars and planets prediction was made about likely rainfall and its intensity, good or poor crops and other such forecasts.

BELIEFS AND TRADES

Aphorism 21 gives names of various beliefs on the basis of ways of dressing and other habitual activities prevalent during that period. Some of these are *Charak, Cheerak, Charmakhandik, Gautam, Gauvratik* etc.

The mention of caste names derived from business or profession indicates that in medieval India caste was based on trade or profession and was not by birth. Some caste names based on trade and profession are—*Dausik* or weavers, *Sautrik* or yarn-makers, *Tantrik* or musicians playing stringed instruments, *Munjakar* or rope makers, *Vardhkar* or cobblers, *Pustkar* or paper manufacturers and writers, *Dantkar* or those working with ivory and other bones. (aphorism 304)

From the names of performing artists it is revealed that, like in present times, there were expert gymnasts and acrobats during that period also. They presented entertaining performances for the masses by their acrobatics and practiced movements of different parts of their body. Some of these were *Nartak* or a dancer, *Jalla* or one who dances on a string, *Malla* or a wrestler, *Plavak* or a diver, *Lankh* or one who shows his acrobatic skills on a thick pole. (aphorism 304)

Many weights and measures were in use during that period to weigh or measure food-grains, liquids, minerals (aphorisms 320 to 344). The description of weights and measures brings out a vivid picture of the fairly developed state of the then prevalent trading practices.

Thus, *Anuyogadvar Sutra* contains not only philosophical and religious informations, but also abundant information on society and culture. This provides information about the highly development state of art, literature, trade and commerce during that period.

THE NAME AND THE PERIOD OF THE COMPILER

In Jain *Agam, Anuyogadvar Sutra* and *Nandi Sutra* are the most recent.

The question as to who is the author of *Anuyogadvar Sutra* has not yet been satisfactorily answered. Some scholars are of the view that till the time of Arya Vajra Swami, the *Agams* were studied without any classification into different *Anuyogas*. But his chief disciple Arya Rakshit Suri, the twentieth head of the order since *Bhagavan* Mahavir (570 to 597 A.N.M.), classified the *Agams* into four *Anuyogas*. He

realized that the understanding and the power of retention of students of *Agams* has considerably decreased and this inspired him to make this classification. Therefore, he is considered to be the person who classified the *Agams* for the first time. But there is no evidence to establish that he was also the author of *Anuyogadvar Sutra*. There is also no evidence even to contradict this. Therefore, historians and research scholars have accepted Arya Rakshit, the *Anuyoga* classifier, as the author of *Anuyogadvar Sutra*. The period of Arya Rakshit is sixth century after the nirvana of Mahavir (A.N.M.). The period of writing of this text is believed to be 570-584 A.N.M. or 114 to 127 Vikram Samvat or 57 to 70 A.D. Renowned scholars and researchers of *Agams*, Muni Punyavijai Ji, Muni Jambuvijai Ji and Acharya Mahaprajna Ji have unanimity on this conclusion.

COMMENTARIES OF ANUYOGADVAR SUTRA

Three ancient commentaries on *Anuyogadvar Sutra* are available. There is no *Niryukti* on it.

Churni—The language of *Churni* is Prakrit. Its author is Jinadasgani Mahattar who lived in the seventh century of the Vikram era.

Commentary (Vritti) by Haribhadra—Haribhadra Suri is a famous and serious commentator of *Agams*. He authored detailed commentaries on *Avashyak Sutra* and *Dashavaikalik Sutra*. His commentaries on *Nandi Sutra* and *Anuyogadvar Sutra* are brief. His period is believed to be eighth century of the Vikram calendar.

Commentary (Vritti) by Maladhari—After Haribhadra Suri, Acharya Maladhari Hemchandra has written a much detailed commentary on *Anuyogadvar Sutra*. His period is twelfth century of the Vikram calendar.

THIS SECOND PART

The subject of *Anuyogadvar Sutra* is very complex. It is very difficult to understand it without elaboration. Even with brief elaboration it is being published in two parts. In the first part, published last year, the portion up to *Sutra* 262, namely *nava rasa*, in the chapter of Nava Naam has been covered. The later portion starting from Das Naam is included in the second part. This also contains discussions on many interesting subjects like, *Pramana* (validation), *Naya* (viewpoints), *Nikshep* (attribution) etc.

As explained, this scripture is not based on just one subject. This is, in fact, a work that explains the system and procedure of elaborating scriptures. This contains a variety of topics including poetic sentiments, rhetoric, grammar, astrology, logics, perspectives, validation, time, physical and mental states etc. Each one of these topics have been discussed in details covering its categories and sub-categories. It also has a unique style of presentation. Some of the topics discussed here are also available in other sources. For example the discussion on *Avagahana* (occupation) and *Sthiti* (duration) is also available in *Prajnapana Sutra;* description of *Kaal* (time) and *Palyopam* (metaphoric time) is also available in *Jambudveep Prajnapti* and *Bhagavati Sutra.* But here all this information is compiled in a well defined order.

The discussions on *Pramana* (validation) and *Kaal* (time) are very wide in scope and are highly informative as well as interesting. I have taken care to provide greater details in the elaboration wherever needed.

BASIS OF THIS EDITION

After studying many commentaries on it, a simple and easily intelligible prose style has been adopted for its translation and elaborations. Further, the elaboration is of a medium order because a detailed elaboration would have made it voluminous.

The theme and style of *Anuyogadvar Sutra* is slightly different from those of other *Agams.* It is not easy to understand this work because it has abundance of technical terms. Therefore care has been taken to provide meanings and definitions of technical terms alongwith the translation and elaboration using different font. As all such terms do not have equivalent terms in English, the original term has been given in roman script with explanatory translation in parenthesis. This may appear cumbersome at first glance but should be more convenient than repeatedly consulting a glossary at the end of the book.

The following books have been consulted for translation and elaboration—

The first head of Shraman Sangh, Jain Agam Ratnakar, Acharya Samrat Shri Atmaram Ji Maharaj was the first author of a Hindi commentary on *Anuyogadvar Sutra* based on ancient commentaries. Its style is simple and can be easily understood. It was published in two parts. The first part was published by Shvetambar Sthanakavasi Jain

Conference, Mumbai in 1931 A.D. and the second part was published from Patiala. But at present, its availability is extremely difficult.

Shri Jnana Muni Ji, the learned disciple of Acharya Samrat Shri Atmaram Ji who is a great scholar of *Agamic* literature, re-edited the commentary of Acharya Shri by elaborating it further. It has thus become almost a new treatise on *Anuyogadvar Sutra*. It was published with the caption—*Atma Jnana Piyush Varshini Tika*. It was edited by Muni Shri Nemichand Ji. It is available in two parts and is an evidence of the profound knowledge of the commentator. This work has been taken as the primary reference book for the present edition.

Anuyogadvar Sutra translated by Shri Kewal Muni under the direction of Yuvacharya Shri Madhukar Muni and revised by Shri Shobha Chand Bharilla, published by Agam Samiti, Beavar, has also been a useful reference work for the text as well as commentary.

The commentary by Acharya Mahaprajna published under the title ***Anuogadaraim*** from Jain Vishvabharati, Ladnu has provided valuable references for the commentary.

The English translation titled ***'Anuogadaraim'*** translated by Taiken Hanaki was also consulted, specially while finalizing English terminology.

In addition to all these, recently published *'Anuyogadvar Sutram, Churni-Vivritti-Vritti Vibhushitam* (Part 1 and 2), corrected and edited by the profound and renowned researcher of *Agams* and scholar of *Agamic* knowledge, saint Jambuvijai Ji Maharaj, has been extremely useful in correcting and properly interpreting the original text and studying the original references from commentaries, *Churni* etc. In order to properly understand the complex portions the associate editor, Srichand Surana 'Saras', personally contacted Muni Ji and sought clarifications. Muni Ji is very devoted to studies of *Agams* and is a broad-minded scholar. He explained the difficult portions of the text with affection and care. We are highly indebted to him. We also express our gratitude to all aforesaid scholars and saints whose laborious and scholarly commentaries and works have been of great help in the editing of this book.

Even after leaving his earthly body, the blessings of my revered Gurudev, Uttar Bharatiya Pravartak Bhandari Shri Padma Chandra Ji Maharaj, have always inspired and directed my activities. To express gratitude to him is my humble duty.

In the editing of this *Sutra*, Srichand Surana 'Saras' has put in admirable efforts and strenuous work. For the English translation Shri Surendra Bothara has made a commendable contribution with all the knowledge and experience he has gained through translating many of the *Agams* published in this series. A great care has been taken to find appropriate words and terminology for the technical terms in English language. However, as it is still an evolving field forbearance of readers is solicited for any mistake and misinterpretation. Shri Raj Kumar Jain, a devoted *shravak* well versed with *Agams* and having a command over English language, has provided valuable services in the form of editorial and translation advise by going through the final proofs of the book. It took hard and continuous efforts lasting over a period of two years to complete this translation and commentary in Hindi and English. Still in case, at any place something has been mentioned against the purport of the scripture or not in line with the tradition, I sincerely feel and convey—**'Micchami dukkadam'** (May my misdeeds be undone). I also request the scholarly readers to oblige us with their advice and suggestions.

To prepare illustrations concerning *Anuyoga* was also difficult as compared to illustrating other *Agams*. In order to properly elucidate the subject with examples, some of them have been selected from commentaries (*Tika* and *Bhashya*) and translations of this as well as other *shaastras* and others from commonly used popular analogies. This should help the reader and the listener properly understand the underlying idea of the *Sutra*. Still in case any example is found unsuitable or improper the experts in the field may kindly send their suggestions to us.

I once again express my heartfelt gratitude for all those who have contributed towards the publication of this work.

—Up-pravartak Amar Muni

अनुक्रमणिका

CONTENTS

दसनाम–प्रकरण

The Discussion on Das Naam

प्रमाण–प्रकरण		The Discussion on Pramana	

अनुयोगद्वार सूत्र

ANUYOGADVAR SUTRA

दसनाम-प्रकरण
THE DISCUSSION ON DAS NAAM

दसनाम

२६३. से किं तं दसनामे ?

दसनामे दसविहे पण्णत्ते। तं जहा–१. गोण्णे, २. नोगोण्णे, ३. आयाणपदेणं, ४. पडिवक्खपदेणं, ५. पाहण्णयाए, ६. अणाइसिद्धंतेणं, ७. नामेणं, ८. अवयवेणं, ९. संजोगेणं, १०. पमाणेणं।

२६३. (प्र.) दसनाम क्या हैं ?

(उ.) दसनाम के दस प्रकार कहे हैं। जैसे–(१) गौणनाम, (२) नोगौणनाम, (३) आदानपद से होने वाला नाम, (४) प्रतिपक्षपद से होने वाला नाम, (५) प्रधानता से होने वाला नाम, (६) अनादिसिद्धान्त से होने वाला नाम, (७) नाम से होने वाला नाम, (८) अवयव से होने वाला नाम, (९) संयोग से होने वाला नाम, तथा (१०) प्रमाण से होने वाला नाम।

विवेचन–वस्तु की पहचान के लिए नाम-संज्ञा की आवश्यकता होती है। नाम रखने के अनेक प्रकार हैं। यहाँ पर दसनाम में उनकी चर्चा की गई है।

DAS NAAM

263. (Q.) What is this *Das naam* (Ten-named) ?

(Ans.) There are ten types of *Das naam* (Ten-named). They are—(1) *Gauna naam* (attributive name), (2) *Nogauna naam* (non-attributive name), (3) *Adanapadena naam* (name derived from the first word or phrase of a text), (4) *Pratipakshapadena naam* (antonymous name or antithetically derived name), (5) *Pradhanápadena naam* (name in accordance with salient features), (6) *Anadisiddhantena naam* (name conforming to eternality), (7) *Namna naam* (name derived from a name), (8) *Avayavena naam* (name derived from a component),

(9) *Samyogena naam* (name derived from association), and (10) *Pramanena naam* (authenticated or validated name).

Elaboration—Name is required to identify a thing. There are numerous ways of deriving a name. These have been discussed here under the title *Das naam* (Ten-named).

(१) गौणनाम

२६४. से किं तं गोण्णे ?

गोण्णे–खमतीति खमणो, तपतीति तपणो, जलतीति जलणो, पवतीति पवणो। से तं गोण्णे।

२६४. (प्र.) गौणनाम क्या है ?

The names of popular places of storage of food-grains during that period are as follows—

Muktoli—A barrel shaped bin, narrow at the top and bottom and broader in the middle.

Murav—Also called '*phatt*' at some places is a large cotton sack used for packing food-grains and transporting it to markets.

Iddar—A sack or bag made of goat-hair, cotton or hessian used to carry food-grains on shoulders; other names for this are *guna, gone, kothala* or *bora.*

Alind—Various utensils, pots, baskets and troughs used for carrying food-grains.

Apachari—*Banda, khanti* and other large constructed areas under and over the ground for storage of large quantities of food-grains. Something like modern *silos.*

(२) रसमानप्रमाण

३२०. से किं तं रसमाणप्पमाणे ?

रसमाणप्पमाणए धण्णमाणप्पमाणाओ चउभागविवड्डिए अब्भिंतरसिहाजुत्ते रसमाणप्पमाणे विहिज्जति। तं जहा–चउसट्ठिया ४, बत्तीसिया ८, सोलसिया १६, अट्ठभाइया ३२, चउभाइया ६४, अद्धमाणी १२८, माणी २५६।

दो चउसट्ठियाओ बत्तीसिया, दो बत्तीसियाओ सोलसिया, दो सोलसियाओ अट्ठभाइया, दो अट्ठभाइयाओ चउभाइया, दो चउभाइयाओ अद्धमाणी, दो अद्धमाणीओ माणी।

३२०. (प्र.) रसमानप्रमाण क्या है ?

(उ.) रसमानप्रमाण धान्यमानप्रमाण से चार भाग अधिक और आभ्यन्तर शिखा से युक्त होता है। वह इस प्रकार है–चार पल की एक चतुःषष्ठिका होती है। इसी प्रकार आठ पलप्रमाण द्वात्रिंशिका, सोलह पलप्रमाण षोडशिका, बत्तीस पलप्रमाण अष्टभागिका, चौंसठ पलप्रमाण चतुर्भागिका, एक सौ अट्ठाईस पलप्रमाण अर्धमानी और दो सौ छप्पन पलप्रमाण मानी होती है।

इसका अर्थ यह हुआ कि–दो चतुःषष्ठिका की एक द्वात्रिंशिका, दो द्वात्रिंशिका की एक षोडशिका, दो षोडशिकाओं की एक अष्टभागिका, दो अष्टभागिकाओं की एक चतुर्भागिका, दो चतुर्भागिकाओं की एक अर्धमानी और दो अर्धमानियों की एक मानी होती है।

(2) RASA MAAN PRAMANA

320. (Q.) What is this *Rasa maan pramana* (volume measure of liquids) ?

(Ans.) *Rasa maan pramana* (volume measure of liquids) is one quarter more than the *Dhaanya maan pramana* (volume measure of food-grains) and its crest is inwards. It is as follows—four *pals* make one *chatuhshashtika* (sixty fourth fraction), eight *pals* make one *dvatrinshika* (thirty second fraction), sixteen *pals* make one *shodashika* (sixteenth fraction), thirty two *pals* make one *ashtabhagika* (eighth fraction), sixty four *pals* make one *chaturbhagika* (fourth fraction), one hundred twenty eight *pals* make one *ardhamani* (one half of a *mani*) and two hundred fifty six *pals* make one *mani*.

In other words—two *chatuhshashtika* (one sixty fourth fraction) make one *dvatrinshika* (one thirty second fraction), two *dvatrinshikas* (one thirty second fraction) make one *shodashika* (one sixteenth fraction), two *shodashikas* (one sixteenth fraction) make one *ashtabhagika* (one eighth fraction), two *ashtabhagikas* (one eighth fraction) make one *chaturbhagika* (one fourth fraction), two *chaturbhagikas* (one fourth fraction) make one *ardhamani* (one half of a *mani*) and two *ardhamanis* (one half of a *mani*) make one *mani.*

३२१. एतेणं रसमाणप्पमाणेणं किं पओयणं ?

एएणं रसमाणप्पमाणेणं वारग–घडग–करग–किक्किरि–दइय–करोडि–कुंडियसंसियाणं रसाणं रसमाणप्पमाणनिव्वित्तिलक्खणं भवइ। से तं रसमाणप्पमाणे। से तं माणे।

३२१. (प्र.) इस रसमानप्रमाण का क्या प्रयोजन है?

(उ.) इस रसमानप्रमाण से वारक (छोटा घड़ा), घट-कलश, करक (झारी), किक्किरि (गगरी या कलशी), दृति (चमड़े से बना पात्र-कुप्पा दीवड़ी), कोरडिका (बड़ी कुंडी) और कुंडिका (कुंडी) आदि में भरे हुए रसों (तरल पदार्थों) का परिमाण जाना जाता है। यह रसमानप्रमाण है। यह मानप्रमाण का स्वरूप है।

विवेचन–इन दो सूत्रों में रसमानप्रमाण का स्वरूप, धान्यमानप्रमाण से उसकी पृथकता तथा तरल पदार्थों के मापने के पात्रों के नाम का उल्लेख है।

अब्भिंतर सिहा जुत्ते–पद द्वारा धान्यमान और रसमान–इन दोनों प्रकार के मानप्रमाणों का अन्तर स्पष्ट किया है। धान्यमानप्रमाण के द्वारा ठोस पदार्थों को मापा जाता है और मापे जाने वाले ठोस पदार्थ का शिरोभाग-शिखा-ऊपर का भाग ऊपर की ओर होता है। धान्य की ढेरी लगाने पर वह ऊपर की तरफ ऊँची उठी हुई रहती है, जिसे शिरोभाग कहा जाता है। लेकिन रसमानप्रमाण के द्वारा तरल-द्रव पदार्थों का माप किये जाने और तरल पदार्थों की शिखा अन्तर्मुखी-अन्दर की ओर होने से वह सेतिका आदि रूप धान्यमानप्रमाण से चतुर्भागाधिक वृद्धि रूप होता है।

रसमानप्रमाण के प्रयोजन के प्रसंग में जिन पात्रों का उल्लेख किया गया है, ये तत्कालीन मगध देश में तरल पदार्थों को भरने के उपयोग में आने वाले पात्र हैं। ये पात्र मिट्टी, चमड़े एवं धातुओं से बने होते थे। संक्षेप में धान्यमानप्रमाण तथा रसमानप्रमाण को अगली तालिका से समझना चाहिए–

धान्यमान प्रमाण

असृति = १ पल = ४ तोला = ०.०५ सेर = ४६.६४ ग्राम

प्रसृति = २ पल = ८ तोला = ०.१० सेर = ९३.२८ ग्राम

सेतिका = ४ पल = १६ तोला = ०.२० सेर = १८६.५६ ग्राम

कुडब = १६ पल = ६४ तोला = ०.८० सेर = ७४६.२४ ग्राम

प्रस्थक = ६४ पल = २५६ तोला = ३.२० सेर = २.९८५ किलो

आढक = २५६ पल = १,०२४ तोला = १२.८० सेर = ११.९४ किलो

द्रोण (४ आढक) = १,०२४ पल = ४,०९६ तोला = ५१.२० सेर = ४७.७६ किलो

जघन्य कुम्भ (६० आढक) = १५,३६० पल = ६१,४४० तोला = १९.२ मन = ७.१६ क्विंटल

मध्यम कुम्भ (८० आढक) = २०,४८० पल = ८१,९२० तोला = २५.६० मन = ९.५५ क्विंटल

उत्कृष्ट कुम्भ (१०० आढक) = २५,६०० पल = १,०२,४०० तोला = ३२ मन = १.१९ टन

बाह (८०० आढक) = २,०४,८०० पल = ८,१९,२०० तोला = २५६ मन = ९.५५ टन

रसमानप्रमाण

चतुःषष्टिका = ४ पल = माणी का चौंसठवाँ भाग = १६ तोला = ०.२० सेर = १८६.५६ ग्राम

द्वात्रिंशिका = ८ पल = माणी का बत्तीसवाँ भाग = ३२ तोला = ०.४० सेर = ३७३.१२ ग्राम

षोडशिका = १६ पल = माणी का सोलहवाँ भाग = ६४ तोला = ०.८० सेर = ७४६.२४ ग्राम

अष्टभागिका = ३२ पल = माणी का आठवाँ भाग = १२८ तोला = १.६० सेर = १.४९ किलोग्राम

चतुर्भागिका = ६४ पल = माणी का चौथा भाग = २५६ तोला = ३.२० सेर = २.९९ किलोग्राम

अर्धमाणी = १२८ पल = माणी का आधा भाग = ५१२ तोला = ६.४० सेर = ५.९८ किलोग्राम

माणी = २५६ पल = १,०२४ तोला = १२.८० सेर = ११.९४ किलोग्राम

321. (Q.) What is the purpose of this *Rasa maan pramana* (volume measure of liquids) ?

(Ans.) This *Rasa maan pramana* (volume measure of liquids) is used to measure the quantity of liquids. With the help of this the quantity of liquids stored in the following was measured—*Varak* (small pitcher), *Ghat* (pitcher), *Karak* (*jhari* or a pitcher with a long neck), *Kikkiri* (*kalashi* or urn), *Driti* (a large leather flask), *Koradika* (large trough) and *Kundika* (small trough or basin).

This concludes the description of *Rasa maan pramana* (volume measure of liquids). This also concludes the description of *Maan pramana* (volume measure).

Elaboration—These two aphorisms describe liquid measures, their difference from food-grain measures and names of pots used to measure quantities of liquids.

Abbhintar siha jutte (abhyantara shikha yukt)—This phrase defines the difference between food-grain measure and liquid measure. With the *Dhaanya maan pramana* (volume measure of food-grains) solids in granular form are measured and these have a crest at the top. When made into a heap while measuring, these solids have an upward pointing crest. But when the liquids are measured they are level at the top. This is defined here as inverted or inward crest. This also accounts for the liquid measures to be considered as one quarter more than the equivalent solid measures.

The pots mentioned in context of *Rasa maan pramana* (volume measure of liquids) are those in popular use during that period in the state of Magadh. These pots were made of clay, leather or metal. In brief these two measures and their modern equivalents are as follows—

DHAANYA MAAN PRAMANA (VOLUME MEASURE OF FOOD-GRAINS)

Asriti = 1 *Pal* = 4 *Tola* = 0.05 *Seers* = 46.64 gms.

Prasriti = 2 *Pal* = 8 *Tola* = 0.10 *Seers* = 93.28 gms.

Setika = 4 *Pal* = 16 *Tola* = 0.20 *Seers* = 186.56 gms.

Kudab = 16 *Pal* = 64 *Tola* = 0.80 *Seers* = 746.24 gms.

Prasthak = 64 *Pal* = 256 *Tola* = 3.20 *Seers* = 2.985 kgs.

Adhak = 256 *Pal* = 1,024 *Tola* = 12.80 *Seers* = 11.94 kgs.

Dron (4 *Adhak*) = 1,024 *Pal* = 4,096 *Tola* = 51.20 *Seers* = 47.76 kgs.

Mini-*Kumbh* (60 *Adhak*) = 15,360 *Pal* = 61,440 *Tola* = 19.2 *Maunds* = 7.16 quintals.

Midi-*Kumbh* (80 *Adhak*) = 20,480 *Pal* = 81,920 *Tola* = 25.60 *Maunds* = 9.55 quintals.

Maxi-*Kumbh* (100 *Adhak*) = 25,600 *Pal* = 1,02,400 *Tola* = 32 *Maunds* = 1.19 metric tonnes.

Baha (800 *Adhak*) = 2,04,800 *Pal* = 8,19,200 *Tola* = 256 *Maunds* = 9.55 metric tonnes.

RASA MAAN PRAMANA (VOLUME MEASURE OF LIQUIDS)

Chatuhshashtika = 4 *Pal* = one sixty fourth part of a *Mani* = 16 *Tola* = 0.20 *Seers* = 186.56 gms.

Dvatrinshika = 8 *Pal* = one thirty second part of a *Mani* = 32 *Tola* = 0.40 *Seers* = 373.12 gms.

Shodashika = 16 *Pal* = one sixteenth part of a *Mani* = 64 *Tola* = 0.80 *Seers* = 746.24 gms.

Ashtabhagika = 32 *Pal* = one eighth part of a *Mani* = 128 *Tola* = 1.60 *Seers* = 1.49 kgs.

Chaturbhagika = 64 *Pal* = one fourth part of a *Mani* = 256 *Tola* = 3.20 *Seers* = 2.99 kgs.

Ardhamani = 128 *Pal* = one half of a *Mani* = 512 *Tola* = 6.40 *Seers* = 5.98 kgs.

One *Mani* = 256 *Pal* = 1,024 *Tola* = 12.80 *Seers* = 11.94 kgs.

(ख) उन्मानप्रमाण

३२२. से किं तं उम्माणे ?

उम्माणे जण्णं उम्मिणिज्जइ। तं जहा–अद्धकरिसो करिसो अद्धपलं पलं अद्धतुला तुला अद्धभारो भारो। दो अद्धकरिसा करिसो, दो करिसा अद्धपलं, दो अद्धपलाइं पलं, पंचुत्तरपलसतिया पंचपलसइया तुला, दस तुलाओ अद्धभारो, वीसं तुलाओ भारो।

३२२. (प्र.) उन्मानप्रमाण क्या है ?

(उ.) जिसका उन्मान किया जाता है अर्थात् जिसके द्वारा तोला जाता है, वह तराजू, काँटा आदि साधन उन्मानप्रमाण है। उसके आठ भेद इस प्रकार हैं-(१) अर्धकर्ष, (२) कर्ष, (३) अर्धपल, (४) पल, (५) अर्धतुला, (६) तुला, (७) अर्धभार, और (८) भार। दो अर्धकर्षों का एक कर्ष (१ तोला), दो कर्षों का एक अर्धपल, दो अर्धपलों का एक पल, एक सौ पाँच पलों की एक तुला (५.२५ सेर), दस तुला का एक अर्धभार (५२.५ सेर), बीस तुला का एक भार (१०५ सेर या २ मन २५ सेर लगभग) होता है।

(B) UNMAAN PRAMANA

322. (Q.) What is this *Unmaan pramana* (weight measure) ?

(Ans.) That which is used for weighing on a weighing scale is called *Unmaan*. The examples being—(1) *Ardhakarsh*, (2) *Karsh*, (3) *Ardhapal*, (4) *Pal*, (5) *Ardhatula*, (6) *Tula*, (7) *Ardhabhar*, and (8) *Bhar*. Two *Ardhakarshas* make one *Karsh* (1 *Tola*), two *Karshas* make one *Ardhapal*, two *Ardhapals* make one *Pal*, one

hundred and five *Pals* make one *Tula* (5.25 *Seers*), ten *Tulas* make one *Ardhabhar* (52.5 *Seers*), twenty *Tulas* make one *Bhar* (105 *Seers* or 2 *Maunds* and 25 *Seers*).

३२३. एएणं उम्माणपमाणेणं किं पयोयणं ?

एतेणं उम्माणपमाणेणं पत्त-अगलु-तगर-चोयय-कुंकुम-खंड-गुल-मच्छंडियादीणं दव्वाणं उम्माणपमाणणिव्वत्तिलक्खणं भवति। से तं उम्माणपमाणे।

३२३. (प्र.) इस उन्मानप्रमाण का क्या प्रयोजन है ?

(उ.) इस उन्मानप्रमाण से (१) पत्र (तेजपत्र आदि), (२) अगर, (३) तगर (गंधद्रव्य विशेष), (४) चोयक-(चोक औषधि विशेष), (५) कुंकुम, (६) खांड (शक्कर), (७) गुड़, तथा (८) मिश्री आदि द्रव्यों का परिमाण किया जाता है। यह उन्मानप्रमाण का स्वरूप है।

विवेचन-शब्द शास्त्र के अनुसार 'उन्मान' का अर्थ है-ऊँचाई का माप। प्रस्तुत आगम में 'उन्मान' शब्द का प्रयोग तोलने के अर्थ में हुआ है।

इस सूत्र में उन्मानप्रमाण की आद्य इकाई अर्धकर्ष हैं और अन्तिम उन्मान है-भार। इस सूत्र के अनुसार अर्द्धभार में एक हजार पचास (१,०५०) पल होते हैं। चरक के अनुसार, १,०५० पल का भार ६५.६२ सेर के बराबर होता है। आधुनिक मान के अनुसार एक सेर में ९२८ ग्राम वजन होता है। इस प्रकार आधुनिक मान में परिवर्तित करने पर चरक में बताये मान के अनुसार अर्द्धभार में ६५.६२ सेर = ६०.८९५ किलोग्राम होता है। उस समय प्रचलित मागध मान के अनुसार अर्द्धभार में ५२.५ सेर = ४८.७२० किलोग्राम होता है। (आचार्य महाप्रज्ञ कृत विवेचन, पृष्ठ २३४)

प्राचीन माप की जानकारी के लिए देखें-आगम समिति द्वारा प्रकाशित अनुयोगद्वार, पृ. २३३-२३६।

323. (Q.) What is the purpose of this *Unmaan pramana* (weight measure) ?

(Ans.) This *Unmaan pramana* (weight measure) is used to measure the quantity of things like (1) Leaves (like leaves of Indian *Cassia lignia* or *Cinnamomum tamala Nees*), (2) *Agar* (*Aquillaria agallocha*; a herb used as incense), (3) *Tagar* (*Valeriana jatamansi*; a fragrant herb), (4) *Choyak* (a medicinal herb), (5) *Kumkum* (saffron; also vermilion), (6) Sugar, (7) Jaggery, and (8) *Mishri* (large crystals of refined sugar) etc.

This concludes the description of *Unmaan pramana* (weight measure).

एक
दस
सौ
हजार
दस हजार

मान-प्रमाण के विविध भेद

मान-प्रमाण के दो भेद हैं-(१) धान्यमान, और (२) रसमान।

धान्य मापने के साधन, असृति-प्रसृति आदि तथा रस मापने के साधनों का वर्णन सूत्र ३१७ से ३२२, पृष्ठ ५५ से ६४ तक किया गया है।

धान्य मापने के साधन **धान्यमान** एवं रस मापने के साधन **रसमान**। तौलने के साधन **उन्मान**, गणना के साधन **गणिम** तथा सुवर्ण आदि मूल्यवान वस्तुएँ तौलने के साधन **प्रतिमान** कहे जाते हैं। प्राचीनकाल में प्रचलित मान-प्रमाणों के चित्रों की कल्पना आचार्य यशोदेव सूरि जी सम्पादित **'संग्रहणी रत्न'** के परिशिष्ट चित्र ६८-६९ के अनुसार है।

-सूत्र ३१७-३२२, पृष्ठ ५५-६४

VARIOUS KINDS OF VOLUME MEASURE

Volume measure is of two kinds—(1) Volume measure of food-grains, and (2) Volume measure of liquids.

The details of means of measuring volume of grains and liquids, such as *asriti* (handful), have been given in aphorisms 317 to 322 (pp. 55-64).

The means of measuring volume of grains are called *Dhaanyamaan* and those used for liquids are called *Rasamaan.* Means of weighing are called *Unmaan,* those of counting are *Ganim* and those of weighing precious things are *Pratimaan.* These illustrations of ancient means of measurement have been conceived on the basis of illustrations included in the book *'Sangrahani Ratna'* by Acharya Yashodev Suri ji (illustrations 68-69 in appendix).

—Aphorisms 317-322, pp. 55-64

Elaboration—Literally '*unmaan*' means measure of height. But in this *Agam* it is used as measure of weight.

In this aphorism the first unit of weight is *Ardhakarsh* and the last one is *Bhar*. As mentioned here *Ardhabhar* is of 1,050 *Pals* or 52.50 *Seers*. According to Charak, 1,050 *Pals* are equivalent to 65.62 *Seers*. Converting these into modern units we get 52.50 *Seers* = 48.720 kgs. according to the ancient Magadh measure and 65.62 *Seers* = 60.895 kgs. according to Charak. (*Anuogdarim* by Acharya Mahaprajna, p. 234).

For more details about ancient measures refer to *Tika of Anuyogadvar Sutra* by Shri Jnana Muni, part II, p. 233-236.

(ग) अवमानप्रमाण

३२४. से किं तं ओमाणे ?

ओमाणे जण्णं ओमिणिज्जति। तं जहा–हत्थेण वा दंडेण वा धणुएण वा जुगेण वा णालियाए वा अक्खेण वा मुसलेण वा।

दंडं धणू जुगं णालिया य अक्ख मुसलं च चउहत्थं।
दसनालियं च रज्जुं वियाण ओमाणसण्णाए॥१॥
वत्थुम्मि हत्थमिज्जं खित्ते दंडं धणुं च पंथम्मि।
खायं च नालियाए वियाण ओमाणसण्णाए॥२॥

३२४. (प्र.) अवमानप्रमाण क्या है?

(उ.) जिसके द्वारा अवमान-(लम्बाई, चौड़ाई और परिधि का नाप) किया जाता है, उसे अवमानप्रमाण कहते हैं। जैसे–हाथ, दंड, धनुष, युग, नालिका, अक्ष अथवा मूसल।

दंड, धनुष, युग, नालिका, अक्ष और मूसल यह चार हाथ के होते हैं। दस नालिका की एक रज्जु होती है। ये सभी अवमान कहलाते हैं॥१॥

वास्तु-(घर की भूमि को) हाथ द्वारा, क्षेत्र-खेत को दंड द्वारा मापा जाता है। मार्ग को धनुष द्वारा और खाई-कुआ, गड्ढा आदि को नालिका द्वारा नापा जाता है। इन सबकी 'अवमान' संज्ञा है॥२॥

विवेचन–हाथ–कोहनी से मध्यमा के आगे तक का नाप जो औसतन २४ अंगुल के बराबर होता है।

दण्ड–चार हाथ के नाप का लकड़ी का टुकड़ा।

धनुष–चार हाथ लम्बा धनुष।

युग–चार हाथ लम्बा बैलगाड़ी का जुआ।

नालिका–चार हाथ के नाप का बाँस का टुकड़ा।

अक्ष–चार हाथ लम्बी बैलगाड़ी की धुरी।

मूसल–चार हाथ लम्बा मूसल (धान कूटने का धनकुट्टा)।

रज्जु–४० हाथ लम्बी डोरी या रस्सी।

(C) AVAMAAN PRAMANA

324. (Q.) What is this *Avamaan pramana* (linear measure) ?

(Ans.) That which is used to measure linear dimension (length, breadth and circumference) is called *Avamaan pramana* (linear measure). The examples being—*Haath, Dand, Dhanush, Yug, Nalika, Aksh* and *Musal.*

Dand, Dhanush, Yug, Nalika, Aksh and *Musal* are equal to four *Haath*. Ten *Nalikas* make a *Rajju.* All these are called *Avamaan.* (1)

A plot of land meant for a house is measured in *Haath,* farm land in *Dand,* path in *Dhanush* and ditch or well is measured in *Nalika.* (2)

Elaboration—*Haath* (cubit)—length of the human forearm from elbow to the tip of the middle finger; on an average it is equal to 24 *angul* or breadth of a human finger.

***Dand* (stick)**—a stick cut to the length of four cubits.

***Dhanush* (bow)**—a bow of standard length of four cubits.

***Yug* (yoke)**—a bullock-cart yoke of standard length of four cubits.

***Nalika* (tube)**—a piece of bamboo cut to the length of four cubits.

***Aksh* (axle)**—a bullock-cart axle of standard length of four cubits.

***Musal* (pestle or mace)**—a pestle of standard length of four cubits.

***Rajju* (string or rope)**—a rope or string cut to a standard length of 40 cubits.

३२५. एतेणं ओमाणप्पमाणेणं किं पओयणं ?

एतेणं ओमाणप्पमाणेणं खाय–चिय–करगचित–कड–पड–भित्ति–परिक्खेवसंसियाणं दव्वाणं ओमाणप्पमाणनिव्वत्तिलक्खणं भवति। से तं ओमाणे।

३२५. (प्र.) इस अवमानप्रमाण का क्या प्रयोजन है ?

(उ.) इस अवमानप्रमाण से खात-खोदे हुए, चित-चिने हुए, बनाए हुए, करीत से काटे हुए तथा कट-चटाई, पट-वस्त्र, भित्ति-दीवाल, परिधि-दीवाल का घेरा अथवा खाई आदि से सम्बन्धित द्रव्यों की लम्बाई, चौड़ाई, गहराई और ऊँचाई का प्रमाण जाना जाता है।

325. (Q.) What is the purpose of this *Avamaan pramana* (linear measure) ?

(Ans.) This *Avamaan pramana* (linear measure) is used to measure the length, width, depth and height of things like dug up places, masonry work or constructed places, sawn boards, woven mats, cloth, wall and round constructions like parapet walls and moats.

This concludes the description of *Avamaan pramana* (linear measure).

(घ) गणिमप्रमाण

३२६. से किं तं गणिमे ?

गणिमे जण्णं गणिज्जति। तं जहा—एक्को दसगं सतं सहस्सं दससहस्साइं सतसहस्सं दससत—सहस्साइं कोडी।

३२६. (प्र.) गणिमप्रमाण क्या है ?

(उ.) जो गिना जाता है अथवा जिसके द्वारा गणना की जाती है, उसे गणिमप्रमाण कहते हैं। जैसे—एक, दस, सौ, हजार, दस हजार, लाख, दस लाख, करोड़ इत्यादि।

(D) GANIM PRAMANA

326. (Q.) What is this *Ganim pramana* (numerical measure) ?

(Ans.) That which is counted or that which is used for counting is called *Ganim pramana* (numerical measure). The examples being—one, ten, hundred, thousand, ten thousand, *lakh* (hundred thousand), ten *lakh* (a million), *crore* (ten million) etc.

३२७. एतेणं गणिमप्पमाणेणं किं पओयणं ?

एतेणं गणिमप्पमाणेणं भितग-भित्ति-भत्त-वेयण-आय-व्ययनिव्विसंसियाणं दव्वाणं गणिमप्पमाणनिव्वित्तिलक्खणं भवति। से तं गणिमे।

३२७. (प्र.) गणिमप्रमाण का क्या प्रयोजन है?

(उ.) इस गणिमप्रमाण से भृत्य-नौकर, कर्मचारी आदि की भित्ति-वृत्ति, भक्त-भोजन, वेतन के आय-व्यय से सम्बन्धित (व्यापार में हानि-लाभ आदि का हिसाब) द्रव्यों की गिनती का प्रमाण जाना जाता है। यह गणिमप्रमाण है।

327. (Q.) What is the purpose of this *Ganim pramana* (numerical measure)?

(Ans.) This *Ganim pramana* (numerical measure) is used to count things like—coinage or currency related to salary and wages and food for servants and employees, income and expenditure (in business) etc.

This concludes the description of *Ganim pramana* (numerical measure).

(च) प्रतिमानप्रमाण

३२८. से किं तं पडिमाणे ?

पडिमाणे जण्णं पडिमिणिज्जइ। तं जहा-गुंजा कागणी निप्फावो कम्ममासओ मंडलओ सुवण्णो।

पंच गुंजाओ कम्ममासओ, चत्तारि कागणीओ कम्ममासओ। तिण्णि निप्फावा कम्ममासओ, एवं चउक्को कम्ममासओ। बारस कम्ममासया मंडलओ, एवं अडयालीसाए (कागणीए) मंडलओ। सोलस कम्ममासया सुवण्णो, एवं चउसट्ठीए (कागणीए) सुवण्णो।

३२८. (प्र.) प्रतिमानप्रमाण क्या है?

(उ.) जिससे प्रतिमान (स्वर्ण आदि का तोल) किया जाता है, उसे प्रतिमान कहते हैं। जैसे-(१) गुंजा-(चिरमी)-रत्ती, (२) काकणी, (३) निष्पाव (बड़ी उड़द या राजमास), (४) कर्ममाषक, (५) मंडलक, और (६) सुवर्ण।

पाँच गुंजाओं-रत्तियों का, चार काकणियों का अथवा तीन निष्पाव का एक कर्ममाषक होता है। इस प्रकार चार काकणी का एक कर्ममाषक होता है। बारह कर्ममाषकों का

एक मंडलक होता है। सोलह कर्ममाषक अर्थात् चौंसठ काकणियों का एक स्वर्ण (मोहर) होता है।

विवेचन—आधुनिक इकाइयों में इनका मान लगभग निम्न प्रकार है—

(१) गुंजा (चिरमी या रत्ती) = ०.१२ ग्राम = ०.६ कैरेट

(२) काकणी = ०.१५ ग्राम = ०.७५ कैरेट

(३) निष्पाव = ०.२० ग्राम = १ कैरेट

(४) कर्ममाषक = ०.६० ग्राम = ३ कैरेट

(५) मण्डलक = ७.२० ग्राम = ३६ कैरेट

(६) सुवर्ण = ९.६० ग्राम = ४८ कैरेट

(E) PRATIMAAN PRAMANA

328. (Q.) What is this *Pratimaan pramana* (precision weight measure)?

(Ans.) That which is used to measure precious things (like gold) is called *Pratimaan pramana* (precision weight measure). The examples being—(1) *Gunja* (*chirmi* or *ratti*; seed of a shrub *Abru precatorius*), (2) *Kakani*, (3) *Nishpava* (a specific pulse called *Rajmash*), (4) *Karmamashak*, (5) *Mandalak*, and (6) *Suvarna* etc.

Five *gunjas* or four *kakanis* or three *nishpavas* make one *karmamashak*. Thus one *karmamashak* is made up of four *kakanis*. Twelve *karmamashaks* make one *mandalak*. Sixteen *karmamashaks* make one *suvarna* (gold coin).

Elaboration—Approximate equivalents of these weights in modern units are—

(1) *Gunja* (*chirmi* or *ratti*) = 0.12 gms. = 0.6 carats

(2) *Kakani* = 0.15 gms. = 0.75 carats

(3) *Nishpava* = 0.20 gms. = 1 carat

(4) *Karmamashak* = 0.60 gms. = 3 carats

(5) *Mandalak* = 7.20 gms. = 36 carats

(6) *Suvarna* = 9.60 gms. = 48 carats

३२९. एतेणं पडिमाणप्पमाणेणं किं पओयणं ?

एतेणं पडिमाणप्पमाणेणं सुवण्ण–रजत–मणि–मोत्तिय–संख–सिलप्पवालादीणं दव्वाणं पडिमाणप्पमाणनिव्वत्तिलक्खणं भवति। से तं पडिमाणे। से तं विभागनिप्फण्णे। से तं दव्वपमाणए।

३२९. (प्र.) इस प्रतिमानप्रमाण का क्या प्रयोजन है?

(उ.) इस प्रतिमानप्रमाण के द्वारा सुवर्ण, रजत (चाँदी), मणि, मोती, शंख, शिला, प्रवाल (मूँगा) आदि द्रव्यों का परिमाण जाना जाता है। इसे ही प्रतिमानप्रमाण कहते हैं। यही विभागनिष्पन्नप्रमाण और द्रव्यप्रमाण है।

329. (Q.) What is the purpose of this *Pratimaan pramana* (precision weight measure)?

(Ans.) This *Pratimaan pramana* (precision weight measure) is used to weigh things like—gold, silver, gems, pearls, conch-shells, rough gems, coral etc.

This concludes the description of *Pratimaan pramana* (precision weight measure). This concludes the description of *Vibhag nishpanna dravya pramana* (fragmentary standard of physical measurement). This also concludes the description of *Dravya pramana* (standard of physical measurement).

(ख) क्षेत्रप्रमाण

३३०. से किं तं खेत्तप्पमाणे ?

खेत्तप्पमाणे दुविहे पण्णत्ते। तं जहा—१. पदेसनिप्फण्णे य, २. विभागणिप्फण्णे य।

३३०. (प्र.) क्षेत्रप्रमाण क्या है?

(उ.) क्षेत्रप्रमाण (भूमि, आकाश आदि की नाप) दो प्रकार का है-(१) प्रदेशनिष्पन्न, और (२) विभागनिष्पन्न।

(B) KSHETRA PRAMANA

330. (Q.) What is this *Kshetra pramana* (standard of measurement of area)?

(Ans.) *Kshetra pramana* (standard of measurement of area of land, sky etc.) is of two kinds—(1) *Pradesh nishpanna* (space-point related), and (2) *Vibhag nishpanna* (fragmentary).

(१) प्रदेशनिष्पन्नक्षेत्रप्रमाण

३३१. से किं तं पदेसणिप्फण्णे ?

पदेसणिप्फण्णे एगपदेसोगाढे दुपदेसोगाढे जाव संखेज्जपदेसोगाढे असंखिज्जपदेसोगाढे। से तं पएसणिप्फण्णे।

३३१. (प्र.) प्रदेशनिष्पन्नक्षेत्रप्रमाण क्या है?

(उ.) एक प्रदेशावगाढ़, दो प्रदेशावगाढ़ यावत् संख्यात प्रदेशावगाढ़, असंख्यात प्रदेशावगाढ़। यह प्रदेशनिष्पन्नक्षेत्रप्रमाण हैं।

विवेचन—जैनदर्शन के अनुसार आकाश असंख्यात प्रदेशों वाला है, परन्तु आकाश के ये प्रदेश कभी एक दूसरे से अलग नहीं होते, परस्पर मिले हुए हैं। फिर भी कल्पना करके स्कन्ध, देश, प्रदेश के रूप में इनका विभाग किया जाता है। आकाश के एक प्रदेश का स्पर्श करने वाला या आकाश के एक प्रदेश पर आश्रित रहने वाला जो पुद्गल है, वह एक प्रदेशावगाढ़ कहा जाता है। इसी प्रकार दो प्रदेशों को स्पर्श करने वाला दो प्रदेशावगाढ़ यावत् असंख्यात प्रदेशावगाढ़ समझना चाहिए। लोकाकाश असंख्यात प्रदेशों वाला है।

(1) PRADESH NISHPANNA KSHETRA PRAMANA

331. (Q.) What is this *Pradesh nishpanna kshetra pramana* (space-point related standard of measurement of area)?

(Ans.) The (examples of) *Pradesh nishpanna kshetra pramana* (space-point related standard of measurement of area) are as follows—A body occupying one space-point, two space-points (and so on...), ten space-points, countable space-points and uncountable space-points.

This concludes the description of *Pradesh nishpanna kshetra pramana* (space-point related standard of measurement of area).

Elaboration—According to Jain metaphysics space has uncountable space-points which are joined together and inseparable. However, for convenience imaginary divisions like aggregate, part thereof, and space-point have been made. The particle of matter touching or occupying one space-point is called one *pradeshavagadh*. In the same way matter occupying two space-points and so on is called two *pradeshavagadh* etc. The *Lokakash* (occupied space) has uncountable space-points.

(२) विभागनिष्पन्नक्षेत्रप्रमाण

३३२. से किं तं विभागणिप्फण्णे ?

विभागणिप्फण्णे–

> **अंगुल विहत्थि रयणी कुच्छी धणु गाइयं च बोद्धव्वं।**
> **जोयणसेढी पयरं लोगमलोगे वि य तहेव॥१॥**

३३२. **(प्र.)** विभागनिष्पन्नक्षेत्रप्रमाण क्या है ?

(उ.) अंगुल, वितस्ति (बेंत, बालिश्त, बित्ता), रत्नि–(मुँड हाथ, बँधी मुट्ठी का हाथ), कुक्षि–(दो हाथ नाप), धनुष–(चार हाथ प्रमाण), गाऊ–(गव्यूत दो कोस प्रमाण), योजन–(चार कोस), श्रेणि–(असंख्य कोटाकोटि योजन), प्रतर–(श्रेणि से श्रेणि को गुणा करने पर जो क्षेत्र आता है वह प्रतर), लोक और अलोक को विभागनिष्पन्नक्षेत्रप्रमाण कहा है॥१॥

विवेचन–प्रदेशनिष्पन्नता और विभागनिष्पन्नता में मुख्य अन्तर यह है कि प्रदेशनिष्पन्नता में क्षेत्र अपने ही प्रदेशों द्वारा जाना जाता है, वे उससे अलग नहीं होते, लेकिन विभागनिष्पन्नता में उसी क्षेत्र को बाह्य साधनों, जैसे–अंगुल, वितस्ति आदि से जाना जा सकता है। विभागनिष्पन्न की आद्य इकाई अंगुल है।

(2) VIBHAG NISHPANNA KSHETRA PRAMANA

332. (Q.) What is this *Vibhag nishpanna kshetra pramana* (fragmentary standard of measurement of area) ?

(Ans.) The (examples of) *Vibhag nishpanna kshetra pramana* (fragmentary standard of measurement of area) are as follows—*Angul* (breadth of a human finger), *Vitasti* (*balisht* or *bittabhar* or the distance between tip of thumb and tip of little finger when fully stretched, it is approximately 12 *anguls*), *Ratni* (cubit or length of an arm with closed fist), *Kukshi* (two cubits), *Dhanush* (four cubits), *Gau* (two *kosa* or four miles), *Yojan* (four *kosa* or eight miles), *Shreni* (innumerable *kota-koti yojans, kota-koti* being ten million multiplied by ten million), *Pratar* (*shreni* multiplied by *shreni*), *Loka* (occupied space) and *Aloka* (unoccupied space or the space beyond). (1)

Elaboration—The basic difference between *Pradesh nishpanna* (space-point related) and *Vibhag nishpanna* (fragmentary) is that in the

former the area is measured in its own fractions (*pradesh*) only, whereas in the latter it is measured in fragmentary units through outside means, such as *angul, vitasti* etc. The first or the smallest unit of *Vibhag nishpanna kshetra pramana* (fragmentary standard of measurement of area) is *angul* (breadth of a human finger).

अंगुल का स्वरूप

३३३. से किं तं अंगुले ?

अंगुले तिविहे पण्णत्ते। तं जहा–१. आयंगुले, २. उस्सेहंगुले, ३. पमाणंगुले।

३३३. **(प्र.)** अंगुल क्या है ?

(उ.) अंगुल तीन प्रकार का है-(१) आत्मांगुल, (२) उत्सेधांगुल, और (३) प्रमाणांगुल।

ANGUL

333. (Q.) What is this *Angul* (breadth of a human finger) ?

(Ans.) *Angul* (breadth of a human finger) is of three kinds—(1) *Atmangul,* (2) *Utsedhangul,* and (3) *Pramanangul.*

(१) आत्मांगुल

३३४. से किं तं आयंगुले ?

आयंगुले जे णं जया मणुस्सा भवंति। तेसि णं तया अप्पणो अंगुलेणं दुवालस अंगुलाइं मुहं, नवमुहाइं पुरिसे पमाणजुत्ते भवति, दोणिए पुरिसे माणजुत्ते भवति, अद्धभारं तुलमाणे पुरिसे उम्माणजुत्ते भवति।

माणुम्माण–पमाणे जुत्ता लक्खण–वंजण–गुणेहिं उववेया।
उत्तमकुलप्पसूया उत्तमपुरिसा मुणेयव्वा॥१॥
होंति पुण अहियपुरिसा अट्ठसतं अंगुलाण उव्विद्धा।
छण्णउइ अहमपुरिसा चउरुत्तरा मज्झिमिल्ला उ॥२॥
हीणा वा अहिया वा जे खलु सर–सत्त–सारपरिहीणा।
ते उत्तमपुरिसाणं अवसा पेसत्तणमुवेंति॥३॥

३३४. **(प्र.)** आत्मांगुल किसे कहते हैं ?

(उ.) जिस काल में जो मनुष्य होते हैं (उस काल की अपेक्षा) उनके अपने अंगुल को आत्मांगुल कहते हैं। उनके अपने अंगुल से बारह अंगुल का एक मुख होता है। नौ मुख जितना (अर्थात् एक सौ आठ आत्मांगुल की ऊँचाई वाला) पुरुष प्रमाणयुक्त होता है। द्रोणिक पुरुष मानयुक्त होता है और अर्धभार जितने तोल वाला पुरुष उन्मानयुक्त होता है।

जो पुरुष मान, उन्मान और प्रमाण से सम्पन्न होते हैं तथा साथ ही (शंख आदि) शारीरिक शुभ लक्षणों (तिल, मसा आदि), व्यंजनों से और (उदारता, करुणा आदि) सद्गुणों से युक्त होते हैं तथा उग्र, भोग आदि उत्तम कुलों में उत्पन्न होने वाले पुरुषों को उत्तम पुरुष कहा जाता है ॥१॥

ये उत्तम पुरुष अपने अंगुल से एक सौ आठ (१०८) अंगुल ऊँचे होते हैं। अधम पुरुष छियानवै (९६) अंगुल और मध्यम पुरुष की ऊँचाई एक सौ चार (१०४) अंगुल की होती है ॥२॥

जो व्यक्ति स्वर, सत्व, सार से हीन होते हैं, वे उक्त प्रमाण से हीन हों या अधिक, वे उत्तम पुरुषों के अधीन रहकर उनकी सेवा करते हैं ॥३॥

(1) ATMANGUL

334. (Q.) What is this *Atmangul* ?

(Ans.) The breadth of the finger of man belonging to a particular epoch (this statement is about the average ideal standard man of the specific epoch; this is variable with respect to epoch) is called *atmangul* (own finger). (Now the ideal standard is described) He has a face that has a length equal to the breadth of his own twelve fingers. A person having a height equal to nine times the length of his face is the ideal standard man (in context of linear measure). A *draunik* man (a man who displaces the volume of water equal to one *dron)* is the ideal standard man (in context of volume). A man weighing *ardhabhar* is the ideal standard man (in context of weight).

The individuals who are born in high class families or clans, are endowed with the aforesaid ideal—*maan, unmaan* and *pramana* (ideal standard measurements including those of volume and weight) as also with auspicious *lakshans* (signs like conch-shell),

vyanjans (marks like mole) and virtues (like generosity and compassion) are called *uttam purush* or excellent ones. (1)

These excellent ones have a height of one hundred and eight *anguls.* The inferior ones measure ninety six *anguls* and the mediocre ones one hundred and four *anguls.* (2)

Irrespective of measuring higher or lower than the said standards, those who are devoid of good voice, substance and worth remain subservient to and serve the excellent ones. (3)

३३५. एतेणं अंगुलपमाणेणं छ अंगुलाइं पादो, दो पाया विहत्थी, दो विहत्थीओ रयणी, दो रयणीओ कुच्छी, दो कुच्छीओ दंडं धणू जुगे नालिया अक्ख-मुसले, दो धणुसहस्साइं गाउयं, चत्तारि गाउयाइं जोयणं।

३३५. इस आत्मांगुल से छह अंगुल का एक पाद (पाँव का अग्र भाग) होता है। दो पाद की एक वितस्ति, दो वितस्ति की एक रत्नि (हाथ) और दो रत्नि की एक कुक्षि, दो कुक्षि का एक दण्ड या धनुष या युग या नालिका या अक्ष या मूसल जानना चाहिए। दो हजार धनुष का एक गव्यूत (एक कोस) और चार गव्यूत का एक योजन होता है।

विवेचन-सूत्र ३३४ में पुरुषों के दो वर्गीकरण बताये हैं-

पहला-(१) प्रमाणयुक्त, (२) मानयुक्त, तथा (३) उन्मानयुक्त।

दूसरा-(१) उत्तम पुरुष, (२) मध्यम पुरुष, तथा (३) अधम पुरुष।

(१) अपने अंगुल से १२ अंगुल का मुख होता है और ९ मुख जितना अर्थात् १०८ अंगुल वाला पुरुष **प्रमाण पुरुष** होता है।

(२) **द्रौणिक पुरुष**-पानी से भरी हुई एक बड़ी कुंडिका को द्रोणी कहते हैं। उस कुंडिका में बैठाने पर द्रोण (४ आढक) जितना पानी छलककर बाहर निकल जाये अथवा उतनी खाली द्रोण में प्रवेश करने पर वह भर जाये उसे द्रोणिक पुरुष कहा जाता है। द्रोणिक पुरुष मानयुक्त कहलाता है।

(३) **उन्मानयुक्त**-तराजू से तोलने पर जिस पुरुष का वजन अर्ध भार यानी ५२.५ सेर या ४८.८३ किलोग्राम होता है, वह उन्मानयुक्त कहलाता है।

उत्तम पुरुष की ऊँचाई १०८ अंगुल, मध्यम पुरुष की १०४ अंगुल तथा अधम पुरुष की ९६ अंगुल मानी गई है।

जिसके शरीर में शंख, स्वस्तिक आदि शुभ लक्षण, तिल, मष आदि चिन्ह व्यंजन होते हैं, जिसका शरीर सत्व, बल, ओज, दृढ़ता आदि से युक्त तथा जिसका स्वर गम्भीरता आदि गुणों से युक्त, उदारता, करुणा आदि सद्गुणों से युक्त तथा जिनका जन्म उच्च कुलों में होता है, वे उत्तम पुरुष कहलाते हैं।

उपर्युक्त प्रमाण के अनुसार १०८ अंगुल की ऊँचाई = ६ फिट ९ इंच, १०४ अंगुल = ६ फिट ६ इंच तथा ९६ अंगुल = ६ फिट होती है।

वर्तमान में आत्मांगुल से १०० अंगुल की ऊँचाई = ६ फिट ३ इंच (श्रेष्ठ), ९२ अंगुल = ५ फिट ९ इंच (मध्यम) तथा ८४ अंगुल = ५ फिट ३ इंच (निम्न) मानी जाती है। पुरुष के व्यक्तित्व को प्रभावशाली और नेतृत्व सम्पन्न बनाने में शरीर की सुन्दरता, वाणी का ओज, शारीरिक वजन, कद आदि सहायक माने गये हैं।

335. By this standard *angul*—six *anguls* make one *paad* (foot), two *paads* make one *vitasti*, two *vitastis* make one *ratni*, two *ratnis* make one *kukshi* and two *kukshis* make one *dand* or *dhanush* or *yug* or *nalika* or *aksha* or *musal*. Two thousand *dhanush* make one *gavyut* (one *kosa* or two miles) and four *gavyuts* make a *yojan* (eight miles).

Elaboration—In aphorism 334 are mentioned two classifications of men—

First—Having (1) *pramana*, (2) *maan*, and (3) *unmaan*.

Second—(1) excellent, (2) mediocre, and (3) inferior.

(1) The *pramana* (ideal standard) man has a face 9 *anguls* long and height 12 times the length of the face or 108 *anguls*.

(2) Draunik purush—A large tub is called *droni*. When it is filled to the brim with water and a man sits in it and completely submerges, then if the volume of water he displaces measures one *dron* (4 *adhaks*) he is called a *dronik* man. This *dronik* man is the one endowed with ideal standard *maan*.

(3) Unman purush—When weighed on a balance if a man weighs *Ardhabhar* (52.5 *Seers* or 48.83 kgs.) he is supposed to be endowed with standard *unmaan*.

In height the excellent ones measure 108 *anguls*, the mediocre ones 104 *anguls* and the inferior ones 96 *anguls*.

The *uttam purush* or excellent ones are endowed with auspicious signs including conch-shell and *Swastika;* marks like moles and other birth-marks; a body that is strong, radiant and firm; a voice that is deep and resonant; virtues like generosity and compassion; and are born in high class families or clans.

The modern equivalent of the said standards of that period are—108 *angul* = 6 ft. 9 inches; 104 *angul* = 6 ft. 6 inches and 96 *angul* = 6 ft.

In modern times similar standards are : 100 *angul* = 6 ft. 3 inches; 92 *angul* = 5 ft. 9 inches and 84 *angul* = 5 ft. 3 inches. The beautiful appearance of the body, power of speech, weight and height of the body are said to be the qualities that give an impressive and dominating personality to a man.

आत्मांगुल का प्रयोजन

३३६. एएणं आयंगुलप्पमाणेणं किं पओयणं ?

एएणं आयंगुलप्पमाणे णं जे णं जया मणुस्सा भवंति तेसि णं तया अप्पणो अंगुलेणं अगड–तलाग–दह–नदी–वावी–पुक्खरिणि–दीहिया–गुंजालियाओ सरा सरपंतियाओ सरसरपंतियाओ बिलपंतियाओ आरामुज्जाण–काणण–वण–वणसंड–वणराईओ, देवकुल–सभा–पवा–थूभ–खाइय–परिहाओ, पागार–अट्टालग–चरिय–दार–गोपुर–तोरण–पासाद–घर–सरण–लेण–आवण–सिंघाडग–तिय–चउक्क–चच्चर–चउमुह–महापह–पह, सगड–रह–जाण–जुग्ग–गिल्लि–थिल्लि–सीय–संदमाणिय–लोही–लोहकडाह–कडुच्छुय–आसण–सतण–खंभ–भंड–मत्तोवगरणमादीणि अज्जकालिगाइं च जोयणाइं मविज्जंति।

३३६. (प्र.) इस आत्मांगुलप्रमाण का क्या प्रयोजन है ?

(उ.) इस आत्मांगुलप्रमाण से–अवट (कुआ), तड़ाग (तालाब), द्रह (जलाशय), नदी, वापी (चतुष्कोण वाली बावड़ी), पुष्करिणी (कमलयुक्त जलाशय), दीघिका (लम्बी-चौड़ी बावड़ी), गुंजालिका (वक्राकार बावड़ी), सर (अपने आप बना जलाशय-झील), सरपंक्ति (पंक्ति रूप में स्थित जलाशय), सरसरपंक्ति (नालियों द्वारा सम्बन्धित जलाशयों की पंक्ति), बिलपंक्ति (छोटे मुख वाले कूपों की पंक्ति-कुंडियाँ), आराम (बगीचा), उद्यान (अनेक प्रकार के पुष्पों–फलों वाले वृक्षों से युक्त बाग), कानन (अनेक वृक्षों से युक्त नगर का निकटवर्ती प्रदेश), वन (जिसमें एक ही जाति के वृक्ष हों), वनखण्ड (जिसमें अनेक जाति के उत्तम वृक्ष हों), वनराजि (जिसमें एक या अनेक जाति के वृक्षों की श्रेणियाँ हों), देवकुल (यक्षायतन मन्दिर आदि), सभा, प्रपा (प्याऊ), स्तूप (स्मृति में बनाया हुआ स्तम्भ), खातिका (खाई), परिखा (नीचे सँकड़ी और ऊपर विस्तीर्ण खाई), प्राकार (परकोटा), अट्टालक (परकोटे पर बना बुर्ज–अटारी), चरिका (खाई और प्राकार के बीच

बना आठ हाथ चौड़ा मार्ग), द्वार, गोपुर (नगर में प्रवेश करने का मुख्य द्वार), तोरण, प्रासाद (राजभवन), घर (सामान्य जनों के निवास-स्थान), शरण (घास-फूस से बनी झोंपड़ी), लयन (पर्वत में बनाया गया निवास-गुफा), आपण (हाट-दुकान), शृंगाटक (सिंघाड़े के आकार का त्रिकोण मार्ग), त्रिक (तिराहा), चतुष्क (चौराहा), चत्वर (चौगान, चौक, मैदान), चतुर्मुख (चार द्वार वाला देवालय आदि), महापथ (राजमार्ग), पथ (गलियाँ), शकट (बैलगाड़ी), रथ, यान (साधारण गाड़ी), युग्य (डोली-पालखी), गिल्लि (हाथी पर रखने का हौदा अथवा दो व्यक्तियों द्वारा उठाई जाने वाली पालखी), थिल्लि (दो घोड़ों की बग्घी, बहली), शिविका (पालखी), स्यंदमानिका (इक्का या पुरुष प्रमाण लम्बाई वाली शिविका), लोही (लोहे की छोटी कड़ाही, तवा), लोहकटाह (लोहे की बड़ी कड़ाही-कड़ाहा), कड़छी (चमचा), आसन (बैठने के पाट आदि), शयन (शय्या), स्तम्भ, भांड (मिट्टी के पात्र आदि), अमत्र (काँसे के बर्तन) आदि गृहोपयोगी बर्तन, उपकर आदि वस्तुओं एवं योजन आदि का माप किया जाता है।

विवेचन-'अज्जकालिगाइं' (अद्य कालिक) शब्द से यह सूचित किया है कि जिस काल में जितनी ऊँचाई, चौड़ाई वाले मनुष्य हों, उनकी अपेक्षा ही आत्मांगुल का प्रमाण निर्धारित होता है इसलिए यह अनिश्चित (अनवस्थित) है। और आत्मांगुल से ही योजन आदि नापे जाते हैं।

PURPOSE OF ATMANGUL

336. (Q.) What is the purpose of this *Atmangul pramana* (standard of the breadth of own finger) ?

(Ans.) This *Atmangul pramana* (standard of the breadth of own finger) of the men of the epoch under reference is used to measure the dimensions of the following—*avat* (well), *tadag* (pond), *draha* (lake), *river, vapi* (*bavadi* or rectangular reservoir), *pushkarini* (lake or pond with lotuses), *dighika* (large lake), *gunjalika* (zig-zag lake), *sar* (natural lake), *sar-pankti* (row of lakes), *sar-sar-pankti* (row of lakes connected by canals), *bil-pankti* (row of narrow wells or water-pits), *aram* (pleasure garden), *udyan* (parks with a variety of flowering plants and fruit trees), *kanan* (jungle near a town), *van* (forest with single species of trees), *van-khand* (forest with a variety of good quality trees), *van-raji* (forest with rows upon rows of trees of same or different kinds), *devakul* (temples), *sabha* (assembly hall), *prapa* (water-hut), *stupa* (a memorial pillar or mound), *khatika* (trench or gully), *parikha* (a moat or trench with narrow

नरक गति

चित्र परिचय ७

Illustration No. 7

आत्मांगुल का प्रयोजन

आत्मांगुल–जिस काल में जो मनुष्य होते हैं उनका अपना अंगुल आत्मांगुल कहा जाता है। (सूत्र ३३४) इस आत्मांगुल से भवन, सरोवर, कुआँ, आपण (हाट), उद्यान, परकोटे, गोपुर (नगर द्वार), बैलगाड़ी, रथ आदि निर्मित वस्तुओं का नाप किया जाता है। –सूत्र ३३६, पृष्ठ ७८

उत्सेधांगुल–अंगुल के बीच आठ यव के नाप से आठ यवमध्य का एक उत्सेधांगुल होता है। उत्सेधांगुल से नरक, तिर्यंच, मनुष्य एवं देवगति वाले जीवों के शरीरों की अवगाहना नापी जाती है। -सूत्र ३४५-३४६, पृष्ठ ९४

THE USE OF ATMANGUL

Atmangul (Own Finger)—It is the breadth of a finger of the men of the epoch under reference. (aphorism 334) It is used to measure the dimensions of things like—buildings, ponds, wells, markets, gardens, parapet walls, city gates, bullock-carts, chariots etc. —*Aphorism 336, p. 78*

Utsedhangul—Eight *yavamadhyas* make one *utsedhangul*. This unit is used to measure the space occupied by beings like infernal-beings, animals, human-beings and divine-beings. —*Aphorisms 345-346, p. 94*

bottom and wide top), *prakar* (parapet wall), *attalak* (bastion on a rampart), *charika* (an eight cubit wide pathway between moat and rampart), *dvar* (door), *gopur* (main gate of entrance into a town), *toran* (arch), *prasad* (palace), *ghar* (house), *sharan* (thatched hut), *layan* (a dugout or cave on a hill), *apan* (shop or marketplace), *shringatak* (a triangular marketplace), *trik* (meeting point of three roads), *chatushk* (meeting point of four roads), *chatvar* (a square, court, circus or plaza), *chaturmukh* (a temple with gates on all four sides), *mahapath* (highway), *path* (path or street), *shakat* (bullock-cart), *rath* (chariot), *yan* (vehicle), *yugya* (palanquin), *gilli* (howda or a seat on elephant's back), *thilli* (a coach driven by two horses), *shivika* (covered palanquin), *syandaman* (a palanquin as long as a man), *lohi* (a steel pan or concave platen), *lohakatah* (steel cauldron), *kadachi* (serving spoons), *asan* (seat), *shayan* (bed), *stambh* (pillar), *bhand* (earthen pots), *amatra* (bronze vessels) and other household equipment and accessories as also distances like *yojan* (eight miles).

Elaboration—The term *ajjakaligai* conveys that measure of *atmangul* was standardized during a particular epoch according to the physical dimensions of the people of that era. Thus as standard it is variable. All other units like *yojan* were fixed according to the measure of *atmangul* only.

आत्मांगुल के तीन भेद

३३७. से समासओ तिविहे पण्णत्ते। तं जहा–१. सूइअंगुले, २. पयरंगुले, ३. घणंगुले।

१. अंगुलायता एगपदेसिया सेढी सूइअंगुले, २. सूई सूईए गुणिया पयरंगुले, ३. पयरं सूईए गुणितं घणंगुले।

३३७. आत्मांगुल सामान्य से तीन प्रकार का है–(१) सूच्यंगुल, (२) प्रतरांगुल, तथा (३) घनांगुल।

(१) एक अंगुल लम्बी और एक प्रदेश चौड़ी आकाशप्रदेशों की श्रेणि–पंक्ति का नाम सूच्यंगुल है; (२) सूच्यंगुल को सूच्यंगुल से गुणा करने पर प्रतरांगुल होता है; तथा (३) प्रतरांगुल को सूच्यंगुल से गुणा करने पर घनांगुल होता है।

विवेचन–सूची अंगुल का अर्थ है–जो रेखा सुई की तरह एक ही आयाम (डाइमैन्शन) में फैली हो। जिसकी लम्बाई एक अंगुल जितनी तथा चौड़ाई और मोटाई एक आकाशप्रदेश जितनी हो। इसकी आकृति इस प्रकार समझी जा सकती है–

(एक पंक्ति में तीन बिन्दु)

प्रतरांगुल–प्रतर का अर्थ है वर्ग। सूची अंगुल को सूची अंगुल से गुणा करने पर प्रतर अंगुल बनता है जिसकी आकृति इस प्रकार बनती है–

(तीन-तीन बिन्दुओं की तीन पंक्तियाँ)

घनांगुल–गणित शास्त्र के अनुसार एक संख्या को उसी संख्या से दो बार गुणा करने को घन कहते हैं (२ × २ × २)। त्रिआयामी ज्यामिति में वस्तु की लम्बाई, चौड़ाई और मोटाई से घन बनता है। आगम में यही बात कही है। प्रतर अंगुल को सूची अंगुल से गुणा करने पर घन अंगुल प्राप्त होता है। इसकी आकृति की कल्पना इस प्रकार हो सकती है–

इसका सारांश यह है कि सूची अंगुल से वस्तु की दीर्घता = लम्बाई, प्रतरांगुल से लम्बाई-चौड़ाई तथा घनांगुल से लम्बाई, चौड़ाई और मोटाई जानी जाती है। एक उदाहरण द्वारा इसे यों समझा सकते हैं–एक अंगुल लम्बे बारीक धागे को नापने में सूच्यंगुल उपयोगी होता है, एक अंगुल लम्बे-चौड़े वस्त्र को नापने में प्रतरांगुल की उपयोगिता है और जहाँ धातु के टुकड़े की लम्बाई, चौड़ाई और मोटाई तीनों नापी जाती हैं वहाँ घनांगुल की उपयोगिता है।

THREE KINDS OF ATMANGUL

337. Generally *atmangul* is said to be of three types—(1) *Suchyangul* (linear *angul*), (2) *Pratarangul* (square *angul*), and (3) *Ghanangul* (cubic *angul*).

(1) One *angul* long and one space-point wide row of space-points is called *Suchyangul* (linear *angul*); (2) *Suchyangul* (linear *angul*) multiplied by *suchyangul* (linear *angul*) is *Pratarangul* (square

प्रतर अंगुल
कोटि८
तल५
कोटि५
कोटि६
कोटि११
कोटि१
कोटि१०
कोटि२
कोटि१

चित्र परिचय ६ | **Illustration No. 6**

अंगुल-प्रमाण के तीन भेद

(१) **सूची अंगुल**—एक अंगुल लम्बी रेखा जिसकी चौड़ाई एक प्रदेश हो।

(२) **प्रतर अंगुल**—एक अंगुल लम्बी, एक अंगुल चौड़ी समचौरस आकृति। सूची अंगुल के वर्ग को प्रतर अंगुल कहा जाता है।

(३) **घन अंगुल**—एक अंगुल लम्बी, एक अंगुल चौड़ी और एक अंगुल मोटी आकृति घन आकृति–घन अंगुल कही जाती है। यह तीनों आयामों में फैली हुई होती है।

–सूत्र ३३७ तथा ३५६, पृष्ठ ७९ तथा १३६

(४) **काकणी रत्न**—प्राचीनकाल में यह एक सिक्के के रूप में प्रचलित था। भरत चक्रवर्ती के चौदह रत्नों में एक रत्न है। काकणी रत्न की बाईं ओर वाली आकृति का वर्णन सूत्र में किया गया है। दाहिनी ओर अहरन की आकृति वाला काकणी रत्न है। **क.** संकेत से कोटि, **को.** संकेत से कोण तथा **त.** से तल समझें।

एक काकणी रत्न में १२ कोटि, ८ कोण तथा ६ तल होते हैं।

--सूत्र ३५८, पृष्ठ ८०

THREE KINDS OF ANGUL PRAMAAN

(1) Suchyangul (Linear Angul)—One *angul* long and one space-point wide row of space-points.

(2) Pratarangul (Square Angul)—A square shape one *angul* long and one *angul* wide. In other words square of *Suchyangul* is *Pratarangul*.

(3) Ghanangul (Cubic Angul)—A cube one *angul* long, one *angul* wide and one *angul* high is called *Ghanangul*. It has three dimensions.

—Aphorisms 337 and 356, pp. 79 and 136

(4) Kakani Gem—In ancient times it was used as a medium of exchange. It figures among the fourteen *ratnas* (exclusive possessions) belonging to Bharat Chakravarti. On left is the shape of the Kakani gem as described in the aphorism. On right is the anvil shaped gem. **Ka.**, **Ko.** and **Ta.** stand for projection, corner and surface.

A Kakani gem has 12 projections, 8 corners and 6 surfaces.

—Aphorism 358, p. 80

angul); and (3) *Pratarangul* (square *angul*) multiplied by *suchyangul* (linear *angul*) is *Ghanangul* (cubic *angul*).

Elaboration—*Suchyangul* or *suchi* (needle) *angul* means a one *angul* long needle-like line having only one dimension. The other two dimensions being one space-point each. It can be illustrated with three points in a line—

Pratarangul—*Pratar* means square. *Suchyangul* (linear *angul*) multiplied by *suchyangul* (linear *angul*) is *Pratarangul* (square *angul*). It is a square, one *angul* long and one *angul* wide and can be illustrated by three lines of three points each—

Ghanangul—According to mathematics a number multiplied twice with the same number becomes its cube. In three dimensional geometry a cube has three dimensions—length, width and thickness or height of a thing. *Agam* also conveys the same thing. When *pratarangul* (square *angul*) is multiplied by *suchyangul* (linear *angul*) we get *Ghanangul* (cubic *angul*). It is a cube one *angul* long, one *angul* wide and one *angul* high and can be illustrated by extending the square formed by three lines of three points each to three points in the third dimension—

This means that *Suchyangul* is the unit of measuring length, *Pratarangul* (square *angul*) is the unit of measuring the length and width or the area and *Ghanangul* (cubic *angul*) is the unit of measuring length, width and height or volume. Practical example of this is—one *angul* long thread is one *suchyangul* (linear *angul*), one *angul* long and one *angul* wide piece of cloth is one *pratarangul* (square *angul*), and one *angul* long, one *angul* wide and one *angul* high piece of metal is one *ghanangul* (cubic *angul*).

३३८. एतेसि णं भंते ! सूइअंगुल–पयरंगुल–घणंगुलाण य कतरे कतरेहिंतो अप्पे वा बहुए वा तुल्ले वा विसेसाहिए वा ?

सव्वत्थोवे सूइअंगुले, पयरंगुले असंखेज्जगुणे, घणंगुले असंखेज्जगुणे। से तं आयंगुले।

३३८. (प्र.) भंते ! इन सूच्यंगुल, प्रतरांगुल और घनांगुल में से कौन किससे अल्प, अधिक, तुल्य अथवा विशेषाधिक है ?

(उ.) इनमें सूच्यंगुल सबसे अल्प (कम) है, प्रतरांगुल उससे असंख्यातगुणा है और उससे घनांगुल असंख्यातगुणा है। यह आत्मांगुल है।

338. (Q.) *Bhante* ! Which of these three, *Suchyangul* (linear *angul*), *Pratarangul* (square *angul*) and *Ghanangul* (cubic *angul*), is relatively less, more, equal or much more.

(Ans.) Of these, *Suchyangul* (linear *angul*) is least, *Pratarangul* (square *angul*) is innumerable times larger than it and *Ghanangul* (cubic *angul*) is still innumerable times larger.

This concludes the description of *Atmangul pramana* (standard of the breadth of own finger).

(२) उत्सेधांगुल

३३९. से किं तं उस्सेहंगुले ?

उस्सेहंगुले अणेगविहे पण्णत्ते। तं जहा–

परमाणू तसरेणू रहरेणू अग्गयं च वालस्स।
लिक्खा जूया य जवो अट्ठगुणविवड्ढिया कमसो॥१॥

३३९. (प्र.) उत्सेधांगुल क्या है ?

(उ.) उत्सेधांगुल अनेक प्रकार का है। वह इस प्रकार है–(१) परमाणु, (२) त्रसरेणु, (३) रथरेणु, (४) बालाग्र (बाल का अग्र भाग), (५) लिक्षा (लीख), (६) यूका (जूँ), और (७) यव (जौ)। ये सभी क्रमशः उत्तरोत्तर आठ गुणे जानना चाहिए।

विवेचन–यहाँ 'अनेक प्रकार' का इंगित अनेक प्रकार की वर्धमान इकाइयों से मिलकर बना होने से है। जो क्रमशः बढ़ता जाता है उसे 'उत्सेध' कहते हैं। ऐसी घटक इकाइयों से जो अंगुल का नाप

होता है उसे उत्सेधांगुल कहा जाता है। अथवा देव, नारक आदि चतुर्गति के जीवों के शरीर की ऊँचाई का निर्णय करने के लिए जिस अंगुल का उपयोग किया जाता है, उसे उत्सेधांगुल कहते हैं।

उत्सेधांगुल के क्रमिक विभाजनों से होने वाला नाप सात प्रकार का है, इस कारण यहाँ उत्सेधांगुल के सात भेद बताये हैं। ये क्रमशः आठ गुणा बढ़ते हैं अर्थात् आठ परमाणु = एक त्रसरेणु, आठ त्रसरेणु = एक रथरेणु, आठ रथरेणु = एक बालाग्र, आठ बालाग्र = एक लिक्षा, आठ लिक्षा = एक यूका, आठ यूका = एक यव तथा आठ यव = एक उत्सेधांगुल।

त्रस जीवों के चलने से जो सूक्ष्म धूलिकण उड़ते हैं उसे त्रसरेणु कहते हैं। यह अत्यन्त सूक्ष्म होता है। रथ के उड़ने से चलने वाले धूलिकण रथरेणु। बाल का अग्र भाग बालाग्र कहा जाता है। लिक्षा-लीख और यूका-जूं से यहाँ नन्हें जीवों के प्रमाण का नाम सूचित किया है।

(2) UTSEDHANGUL

339. (Q.) What is this *Utsedhangul* (fragmentary units of *angul*)?

(Ans.) *Utsedhangul* (fragmentary units of *angul*) is of many kinds—(1) *Paramanu*, (2) *Tras-renu*, (3) *Rath-renu*, (4) *Balagra*, (5) *Liksha*, (6) *Yuka*, and (7) *Yava*. These units are progressively eight times the preceding unit.

Elaboration—Here 'many kinds' points at many kinds of progressively increasing units that form an *Utsedhangul*. That which continuously increases is called *Utsedh*. The measure of *angul* that is made up of such constituent units is called *Utsedhangul*. The other definition is—the unit (*angul*) that is used to measure the height of beings of the four realms including hell-beings is called *Utsedhangul*.

There are seven progressive division of *utsedhangul*. That is why it is said that *utsedhangul* is of seven kinds. They are in multiples of eight—eight *paramanus* (ultimate-particles) = one *tras-renu*, eight *tras-renus* = one *rath-renu*, eight *rath-renus* = one *balagra*, eight *balagras* = one *liksha*, eight *likshas* = one *yuka*, eight *yukas* = one *yava* and eight *yavas* make one *utsedhangul*.

The minute motes blown up due to movement of mobile-beings are called *tras-renu* and these are extremely minute. The dust particles blown up due to movement of a chariot are called *rath-renu*. The tip of *hair* is called *balagra*. *Liksha* means a nit and *yuka* means a louse. *Yava* means *barley*. All these are unit names based on the respective dimensions of these things.

३४०. से किं तं परमाणु ?

परमाणु दुविहे पण्णत्ते। तं जहा–१. सुहुमे य, २. वावहारिए य।

३४०. **(प्र.)** वह परमाणु क्या है ?

(उ.) परमाणु के दो प्रकार हैं, जैसे-(१) सूक्ष्म परमाणु, और (२) व्यवहार परमाणु।

PARAMANU

340. (Q.) What is this *Paramanu* (ultimate-particle of matter) ?

(Ans.) *Paramanu* (ultimate-particle of matter) is of two types—(1) *Sukshma paramanu* (abstract ultimate-particle of matter), and (2) *Vyavahar paramanu* (empirical ultimate-particle of matter).

३४१. तत्थ णं जे से सुहुमे से ठप्पे।

३४१. इनमें से सूक्ष्म परमाणु स्थापनीय है अर्थात् यहाँ उसका विषय नहीं है।

341. Of these, *Sukshma paramanu* (abstract ultimate-particle of matter) can only be ensconced (in the present context) and thus conventionally avoided here.

३४२. से किं तं वावहारिए ?

वावहारिए अणंताणं सुहुमपरमाणुपोग्गलाणं समुदयसमितिसमागमेणं से एगे वावहारिए परमाणुपोग्गले निप्पज्जति।

३४२. **(प्र.)** व्यवहार परमाणु किसे कहते हैं ?

(उ.) अनंत-अनंत सूक्ष्म परमाणुओं के समुदय–समागम (एकीभाव रूप मिलन) से एक व्यावहारिक परमाणु बनता है।

विवेचन–उत्सेधांगुल की आद्य इकाई परमाणु है।

परम + अणु = अर्थात् जो सब द्रव्यों में सूक्ष्मतम है, उससे सूक्ष्म (छोटा) अन्य कोई अणु न हो तथा जिसका पुनः विभाग (टुकड़ा–खण्ड) न हो सके, ऐसे अविभागी अंश को परमाणु कहते हैं।

(4) *Taijas sharira* (fiery body)—This body is endowed with properties of fire or heat. It helps in digestion and manifests as aura, glow and radiance. Every worldly being is endowed with this body. It is also the source of the magical fire-power (employed for burning other beings and things).

(5) *Karman sharira (karmic* body)—This is created by eight types of *karma pudgalas* (*karmic* particles). This is also the cause of all the other kinds of bodies including the *audarik sharira* (gross physical body). Its unique feature is that it accompanies the soul at the time of reincarnation.

These bodies are progressively subtler. *Vaikriya* (transmutable) is constituted of subtler particles than *audarik* (gross physical), *aharak* (telemigratory) is subtler than *audarik* (gross physical), *taijas* is subtler than *aharak* (telemigratory) and *karman* (*karmic*) is the most subtle. Every worldly being always has *taijas sharira* (fiery body) and *karman sharira* (*karmic* body). No being can have more than four types of *shariras* (bodies) at a given time. This is because *vaikriya sharira* (transmutable body) and *aharak sharira* (telemigratory body) cannot exist together.

चौबीस दंडकवर्ती जीवों की शरीरप्ररूपणा

४०६. णेरइयाणं भंते ! कति सरीरा पन्नत्ता ?

गो. ! तओ सरीरा पं.। तं.–वेउव्विए तेयए कम्मए।

४०६. **(प्र.)** भगवन् ! नैरयिकों के कितने शरीर हैं ?

(उ.) गौतम ! उनके तीन शरीर हैं–वैक्रिय, तैजस् और कार्मण।

BODIES OF BEINGS AT PLACES OF SUFFERING

406. (Q.) *Bhante* ! How many kinds of bodies do the *naaraks* (infernal beings) have ?

(Ans.) Gautam ! They have three kinds of bodies—*Vaikriya* (transmutable), *Taijas* (fiery) and *Karman* (*karmic*).

४०७. असुरकुमाराणं भंते ! कति सरीरा पं. ?

गो. ! तओ सरीरा पण्णत्ता। तं जहा–वेउव्विए तेयए कम्मए। एवं तिण्णि तिण्णि एते चेव सरीरा जाव थणियकुमाराणं भाणियव्वा।

४०७. **(प्र.)** भगवन् ! असुरकुमार देवों के कितने शरीर होते हैं ?

(उ.) गौतम ! उनके तीन शरीर कहे हैं। यथा–वैक्रिय, तैजस् और कार्मण। इसी प्रकार यही तीन–तीन शरीर स्तनितकुमार पर्यन्त सभी भवनपति देवों के जानना चाहिए।

407. (Q.) *Bhante* ! How many kinds of bodies do the *Asurkumars* have ?

(Ans.) Gautam ! They have three kinds of bodies—*Vaikriya* (transmutable), *Taijas* (fiery) and *Karman* (*karmic*). In the same way all the abode dwelling gods up to *Stanitkumar* have the same three kinds of bodies.

४०८. (१) पुढवीकाइयाणं भंते ! कति सरीरा पण्णत्ता ? गो. ! तओ सरीरा पण्णत्ता। तं जहा–ओरालिए तेयए कम्मए।

४०८. (१) (प्र.) भगवन् ! पृथ्वीकायिक जीवों के कितने शरीर होते हैं ?

(उ.) गौतम ! उनके तीन शरीर कहे गये हैं–औदारिक, तैजस् और कार्मण।

408. (1) (Q.) *Bhante* ! How many kinds of bodies do the *prithvikayiks* (earth-bodied beings) have ?

(Ans.) Gautam ! They have three kinds of bodies—*Audarik* (gross physical), *Taijas* (fiery) and *Karman* (*karmic*).

(२) एवं आउ–तेउ–वणस्सइकाइयाण वि एते चेव तिण्णि सरीरा भाणियव्वा।

(२) इसी प्रकार अप्कायिक, तेजस्कायिक और वनस्पतिकायिक जीवों के भी ये तीन–तीन शरीर जानना चाहिए।

(2) In the same way all *apkayik* (water-bodied), *tejaskayik* (fire-bodied) and *vanaspatikayik* (plant-bodied) beings have the same three kinds of bodies.

(३) वाउकाइयाणं जाव गो. ! चत्तारि सरीरा पन्नत्ता। तं.–ओरालिए वेउव्विए तेयए कम्मए।

(३) (प्र.) भगवन् ! वायुकायिक जीवों के कितने शरीर हैं ?

(उ.) गौतम ! वायुकायिक जीवों के चार शरीर हैं–औदारिक, वैक्रिय, तैजस् और कार्मण।

विवेचन–वायुकायिक जीवों के वैक्रियशरीर सम्बन्धी स्पष्टीकरण सूत्र ४२०/३ के विवेचन में देखें।

(3) (Q.) *Bhante* ! How many kinds of bodies do the *vayukayiks* (air-bodied beings) have ?

(Ans.) Gautam ! They have four kinds of bodies—*Audarik* (gross physical), *Vaikriya* (transmutable), *Taijas* (fiery) and *Karman* (*karmic*).

Elaboration—For explanation about the *vaikriya sharira* (transmutable body) of *vayukayiks* (air-bodied beings) refer to the elaboration of aphorism 420/3.

४०९. बेंदिय–तेंदिय–चउरिंदियाणं जहा पुढवीकाइयाणं।

४०९. द्वीन्द्रिय, त्रीन्द्रिय और चतुरिन्द्रिय जीवों के पृथ्वीकायिक जीवों के समान (औदारिक, तैजस्, कार्मण यह तीन शरीर) जानना चाहिए।

409. The (statement about) bodies of *dvindriya* (two-sensed), *trindriya* (three-sensed) and *chaturindriya* (four-sensed) beings is same as that about *prithvikayiks* (earth-bodied beings). (*audarik, taijas* and *karman*)

४१०. पंचेंदियतिरिक्खजोणियाणं जाव गो. ! जहा–वाउकाइयाणं।

४१०. (प्र.) पंचेन्द्रियतिर्यंचयोनिक जीवों के कितने शरीर होते हैं ?

(उ.) गौतम ! पंचेन्द्रियतिर्यंचयोनिकों के शरीर वायुकायिक जीवों के समान चार शरीर जानना चाहिए।

410. (Q.) *Bhante* ! How many kinds of bodies do the *Panchendriya Tiryanchyoniks* (five-sensed animals) have ?

(Ans.) Gautam ! Like *vayukayiks* (air-bodied beings) the *Panchendriya Tiryanchyoniks* (five-sensed animals) also have four kinds of bodies (*audarik, vaikriya, taijas* and *karman*).

४११. मणूसाणं जाव गो. ! पंच सरीरा पन्नत्ता। तं.–ओरालिए वेउव्विए आहारए तेयए कम्मए।

४११. (प्र.) भन्ते ! मनुष्यों के कितने शरीर कहे हैं ?

(उ.) गौतम ! मनुष्यों के पाँच शरीर कहे हैं। जैसे–औदारिक, वैक्रिय, आहारक, तैजस् और कार्मण।

411. (Q.) *Bhante* ! How many kinds of bodies do the human beings have ?

(**Ans.**) Gautam ! They have five kinds of bodies—*Audarik* (gross physical), *Vaikriya* (transmutable), *Aharak* (telemigratory), *Taijas* (fiery) and *Karman* (*karmic*).

४१२. वाणमंतराणं जोइसियाणं वेमाणियाणं जहा नेरइयाणं, वेउव्विय–तेयग–कम्मगा तिन्नि तिन्नि सरीरा भाणियव्वा।

४१२. वाणव्यंतर, ज्योतिष्क और वैमानिक देवों के नारकों के समान वैक्रिय, तैजस् और कार्मण ये तीन–तीन शरीर होते हैं।

412. Like the *naaraks* (infernal beings) the *Vanavyantar*, *Jyotishk* and *Vaimanik* gods have three kinds of bodies, *vaikriya* (transmutable), *taijas* (fiery) and *karman* (*karmic*).

पाँच शरीरों का संख्यापरिमाण

४१३. केवतिया णं भंते ! ओरालियसरीरा पण्णत्ता ?

गो. ! दुविहा पण्णत्ता। तं जहा–बद्धेल्लया य मुक्केल्लया य। तत्थ णं जे ते बद्धेल्लया ते णं असंखेज्जा, असंखेज्जाहिं उस्सप्पिणी–ओसप्पिणीहिं अवहीरंति कालओ, खेत्ततो असंखेज्जा लोगा।

तत्थ णं जे ते मुक्केल्लगा ते णं अणंता, अणंताहि उस्सप्पिणी–ओसप्पिणीहिं अवहीरंति कालओ, खेत्ततो अणंता लोगा दव्वओ अभवसिद्धिएहिं अणंतगुणा सिद्धाणं अणंतभागो।

४१३. (प्र.) भगवन् ! औदारिकशरीर कितने प्रकार के हैं ?

(उ.) गौतम ! औदारिकशरीर दो प्रकार के हैं। जैसे–बद्ध तथा मुक्त। उनमें जो बद्ध औदारिकशरीर हैं वे असंख्यात हैं। वे काल की दृष्टि से असंख्यात उत्सर्पिणियों–अवसर्पिणियों द्वारा अपहृत होते–छोड़े जाते हैं और क्षेत्र की दृष्टि से असंख्यात लोकप्रमाण हैं।

उनमें जो मुक्त हैं, वे अनन्त हैं। काल की दृष्टि से वे अनन्त उत्सर्पिणियों–अवसर्पिणियों से अपहृत होते हैं और क्षेत्र की दृष्टि से अनन्त लोक जितने हैं। द्रव्य की दृष्टि से वे अभवसिद्धिक (अभव्य) जीवों से अनन्त गुणा अधिक और सिद्धों के अनन्तवें भागप्रमाण हैं।

विवेचन—बद्ध अर्थात् बँधे हुए। बद्ध उसे कहते हैं जो प्रश्न के समय जीव के साथ संबद्ध है, जीव सहित है और मुक्त वह है जिसे जीव ने पूर्वभवों में ग्रहण करके त्याग दिया है। ऊपर बद्ध और मुक्त प्रकारों से औदारिकशरीरों की संख्या का परिमाण बतलाया है। (इन पाँचों शरीर के बद्ध-मुक्त की चर्चा का विश्लेषण अनु. ज्ञान मुनि कृत हिन्दी टीका, भाग २, पृ. ७३० से ७५० तक देखें।)

SUB-CATEGORIES OF FIVE KINDS OF BODIES

413. (Q.) *Bhante* ! Of how many kinds are *audarik shariras* (gross physical bodies) ?

(Ans.) Gautam ! *Audarik shariras* (gross physical bodies) are of two kinds—*Baddh* (bound with soul) and *Mukta* (abandoned by soul). Of these, the *baddh audarik shariras* (bound gross physical bodies) are innumerable. (Their number) in terms of time (is such that) it takes innumerable *utsarpini-avasarpini* (progressive-regressive cycles of time) to remove them (if stored in a silo.....—as mentioned in aphorism 370); and in terms of area they are equivalent to innumerable *loks* (innumerable times more than the *lok* or universe).

Of these the *mukta* (abandoned) are infinite. (Their number) in terms of time (is such that) it takes infinite *utsarpini-avasarpini* (progressive-regressive cycles of time) to remove them (if stored in a silo.....—as mentioned in aphorism 370); in terms of area they are equivalent to infinite *loks* (infinite times more than the *lok* or universe); and in terms of substance they are infinite times more than the number of *abhavyas* (souls unworthy of liberation) and infinite fraction of the number of *Siddhas* (liberated souls).

Elaboration—*Baddh* means bound. *Baddh* is that body which is bound with the soul at the time of asking this question. *Mukta* are those that have been abandoned by this soul in its past incarnations. The aforesaid aphorism details the number of *baddh* and *mukta* bodies. (for more details on this topic refer to *Tika of Anuyogadvar Sutra* by Shri Jnana Muni, p. 730-750.)

बद्ध-मुक्त वैक्रियशरीरों की संख्या

४१४. केवतिया णं भंते ! वेउव्वियसरीरा पं. ?

गोयमा ! दुविहा पण्णत्ता। तं.–बद्धेल्लया य मुक्केल्लया य। तत्थ णं जे ते बद्धेल्लया ते णं असंखेज्जा, असंखेज्जाहिं उस्सप्पिणि-ओसप्पिणीहिं अवहीरंति कालओ, खेत्तओ असंखेज्जाओ सेढीओ पतरस्स असंखेज्जइभागो। तत्थ णं जे ते मुक्केल्लया ते णं अणंता, अणंताहिं उस्सप्पिणि–ओसप्पिणीहिं अवहीरंति कालओ, सेसं जहा ओरालियस्स मुक्केल्लया तहा एते वि भाणियव्वा।

४१४. (प्र.) भगवन् ! वैक्रियशरीर कितने प्रकार के हैं ?

(उ.) गौतम ! वे दो प्रकार के कहे हैं। यथा–बद्ध और मुक्त। उनमें जो बद्ध हैं, वे असंख्यात हैं और काल की दृष्टि से असंख्यात उत्सर्पिणियों–अवसर्पिणियों द्वारा अपहृत होते हैं। क्षेत्र की दृष्टि से वे प्रतर के असंख्यातवें भाग में होने वाली असंख्यात श्रेणियों के आकाशप्रदेश जितने होते हैं। मुक्त वैक्रियशरीर अनन्त हैं। कालतः वे अनन्त उत्सर्पिणियों–अवसर्पिणियों द्वारा अपहृत होते हैं। शेष कथन मुक्त औदारिकशरीरों के समान जानना चाहिए।

NUMBER OF VAIKRIYA SHARIRAS

414. (Q.) *Bhante* ! Of how many kinds are *vaikriya shariras* (transmutable bodies) ?

(Ans.) Gautam ! *Vaikriya shariras* (transmutable bodies) are of two kinds—*Baddh* (bound with soul) and *Mukta* (abandoned by soul). Of these, the *baddh vaikriya shariras* (bound transmutable bodies) are innumerable. (Their number) in terms of time (is such that) it takes innumerable *utsarpini-avasarpini* (progressive-regressive cycles of time) to remove them (if stored in a silo.....—as mentioned in aphorism 370); and in terms of area they are equivalent to the number of space-points in innumerable *Shrenis* in the uncountable fraction of a *pratar* (see aphorism 356-357). Of these, the *mukta* (abandoned) *Vaikriya shariras* are infinite. (Their number) in terms of time (is such that) it takes infinite *utsarpini-avasarpini* (progressive-regressive cycles of time) to remove them (if stored in a silo). Other details are same as in case of *mukta audarik shariras* (abandoned gross physical bodies).

४१५. केवइया णं भंते ! आहारगसरीरा पं. ?

गोयमा ! दुविहा पं.-बद्धेल्लया य मुक्केल्लया य। तत्थ णं जे ते बद्धेल्लया ते णं सिया अत्थि सिया नत्थि, जइ अत्थि जहण्णेणं एगो वा दो वा तिण्णि वा, उक्कोसेणं सहस्सपुहत्तं। मुक्केल्लया जहा ओरालियसरीरस्स तहा भाणियव्वा।

४१५. (प्र.) भगवन् ! आहारकशरीर कितने हैं ?

(उ.) गौतम ! आहारकशरीर दो प्रकार के हैं। यथा-बद्ध और मुक्त। उनमें से बद्ध कभी होते हैं कभी नहीं होते हैं। यदि होते हैं तो जघन्यतः एक, दो या तीन और उत्कृष्टतः दो हजार से नौ हजार तक होते हैं। मुक्त आहारकशरीर अनन्त हैं, जिनकी प्ररूपणा औदारिकशरीर के समान जानना चाहिए।

विवेचन-बद्ध आहारकशरीर चतुर्दशपूर्वधारी संयत मनुष्य के ही होते हैं। बद्ध आहारकशरीर के कभी होने और कभी नहीं होने के दो मुख्य कारण यह हैं कि-(१) आहारकशरीर का अन्तर (विरहकाल) जघन्य एक समय और उत्कृष्ट छह मास का है, निरन्तर नहीं होता। (२) यदि आहारकशरीर होते हैं तो उनकी संख्या जघन्यतः एक, दो या तीन होती है और उत्कृष्ट सहस्रपृथक्त्व हो सकती है। दो से नौ तक की संख्या का नाम पृथक्त्व है। अतः एक समय में उत्कृष्टतः एक साथ दो हजार से लेकर नौ हजार तक आहारकशरीरधारक हो सकते हैं।

NUMBER OF AHARAK SHARIRAS

415. (Q.) *Bhante* ! Of how many kinds are *aharak shariras* (telemigratory bodies) ?

(Ans.) Gautam ! *Aharak shariras* (telemigratory bodies) are of two kinds—*Baddh* (bound with soul) and *Mukta* (abandoned by soul). Of these, the *baddh aharak shariras* (bound telemigratory bodies) sometimes exist and sometimes not. When they exist their number is minimum one, two or three and maximum two to nine thousand. Of these the *mukta* (abandoned) are infinite. Other details are same as in case of *mukta audarik shariras* (abandoned gross physical bodies).

Elaboration—Only the *Chaturdash-purvadhar* sages have the *baddh aharak shariras* (bound telemigratory bodies). The uncertainty about existence of this body is—(1) The intervening time between existence of

two such bodies is not continuous but it is minimum one *Samaya* and maximum six months; (2) When these bodies exist their number is minimum one, two or three and maximum *sahasra prithakatva*. The numbers two to nine are called *prithakatva*. That means, at one time a maximum of two to nine thousand such bodies may exist.

बद्ध-मुक्त तैजस्शरीरों का परिमाण

४१६. केवतिया णं भंते ! तेयगसरीरा पण्णत्ता ?

गोयमा ! दुविहा पं.। तं.-बद्धेल्लया य मुक्केल्लया य। तत्थ णं जे ते बद्धेल्लया ते णं अणंता, अणंताहिं उस्सप्पिणि-ओसप्पिणीहिं अवहीरंति कालओ, खेत्ततो अणंता लोगा, दव्वओ सिद्धेहिं अणंतगुणा सव्वजीवाणं अणंतभागूणा।

तत्थ णं जे ते मुक्केल्लया ते णं अणंता, अणंताहिं उस्सप्पिणि-ओसप्पिणीहिं अवहीरंति कालतो, खेत्ततो अणंता लोगा, दव्वओ सव्वजीवेहिं अणंतगुणा जीववग्गस्स अणंतभागो।

४१६. (प्र.) भगवन् ! तैजस्शरीर कितने कहे हैं ?

(उ.) गौतम ! वे दो प्रकार के हैं-बद्ध और मुक्त। उनमें से बद्ध अनन्त हैं, जो काल की दृष्टि से अनन्त उत्सर्पिणियों-अवसर्पिणियों से अपहृत होते हैं। क्षेत्र की दृष्टि से वे अनन्त लोक जितने हैं। द्रव्य की दृष्टि से सिद्धों से अनन्त गुणा से अधिक और सब जीवों से अनन्त भाग कम हैं।

मुक्त तैजस्शरीर अनन्त हैं, जो कालतः अनन्त उत्सर्पिणियों-अवसर्पिणियों में अपहृत होते हैं। क्षेत्रतः अनन्त लोकप्रमाण हैं, द्रव्यतः समस्त जीवों से अनन्त गुणा अधिक तथा जीववर्ग के अनन्तवें भाग हैं।

विवेचन-बद्ध तैजस्शरीर अनन्त इसलिए हैं कि साधारण शरीरी निगोदिया जीवों के भी तैजस्शरीर पृथक्-पृथक् होते हैं, औदारिकशरीर की तरह एक नहीं। उसकी अनन्तता का काल दृष्टि से परिमाण अनन्त उत्सर्पिणियों और अवसर्पिणियों के समयों के बराबर है। क्षेत्र की अपेक्षा अनन्त लोकप्रमाण है अर्थात् अनन्त लोकाकाशों में जितने प्रदेश हों, इतने प्रदेश प्रमाण वाले हैं। द्रव्य की अपेक्षा बद्ध तैजस्शरीर सिद्धों से अनन्त गुणा अधिक और सर्वजीवों की अपेक्षा से अनन्त भाग न्यून होते हैं। इसका कारण यह है-तैजस्शरीर समस्त संसारी जीवों के होते हैं और संसारी जीव सिद्धों से अनन्त गुणे हैं, इसलिए तैजस्शरीर भी सिद्धों से अनन्त गुणे हुए। किन्तु सर्वजीवराशि की अपेक्षा विचार करने पर समस्त जीवों से अनन्तवें भाग कम इसलिए हैं कि सिद्धों के तैजस्शरीर नहीं होता और सिद्ध

सर्वजीवराशि के अनन्तवें भाग हैं। अतः उन्हें कम कर देने से तैजसशरीर सर्वजीवों के अनन्तवें भाग न्यून हो जाते हैं। (विस्तार के लिए ज्ञान मुनि कृत हिन्दी टीका, भाग २, पृ. ७४५ से ७५५ देखें।)

NUMBER OF TAIJAS SHARIRAS

416. (Q.) *Bhante* ! Of how many kinds are *taijas shariras* (fiery bodies) ?

(Ans.) Gautam ! *Taijas shariras* (fiery bodies) are of two kinds—*Baddh* (bound with soul) and *Mukta* (abandoned by soul). Of these, the *baddh taijas shariras* (bound fiery bodies) are infinite. (Their number) in terms of time (is such that) it takes infinite *utsarpini-avasarpini* (progressive-regressive cycles of time) to remove them (if stored in a silo); and in terms of area they are equivalent to infinite *loks* (infinite times more than the number of *lok* or occupied space); and in terms of substance they are infinite times more than the number of *Siddhas* (liberated souls) and infinite fraction less than the total number of all beings.

Of these the *mukta* (abandoned) are infinite. (Their number) in terms of time (is such that) it takes infinite *utsarpini-avasarpini* (progressive-regressive cycles of time) to remove them (if stored in a silo); in terms of area they are equivalent to infinite *loks* (infinite times more than the *lok* or occupied space); and in terms of substance they are infinite times more than the total number of *Siddhas* (liberated souls) and infinite fraction of the total number of all beings.

Elaboration—The *baddh taijas shariras* (bound fiery bodies) are infinite because the *nigod* (dormant) beings with a clump-body too have independent *taijas shariras* (fiery bodies) unlike having a single *audarik* (gross physical) body. Their number in terms of time is equal to the total number of *Samayas* in infinite *utsarpini-avasarpini* (progressive-regressive cycles of time). In terms of area they are equivalent to infinite *loks,* in other words infinite times more than the total number of space-points in the *lok* or occupied space; and in terms of substance they are infinite times more than the number of *Siddhas* (liberated souls) and infinite fraction less than total number of all beings. The reason for this is that all worldly beings have *taijas sharira* (fiery body) and the number of worldly beings is infinite times more than that of *Siddhas,*

therefore *taijas shariras* (fiery bodies) are infinite times more than *Siddhas* (liberated souls). When considering in terms of total number of beings they are infinite fraction less than the total number of beings because *Siddhas* are devoid of *taijas shariras* (fiery bodies) and *Siddhas* form an infinite fraction of the total number of beings. By deducting the number of *Siddhas* from the total number of beings we get the number of *taijas* bodies. (for more details see *Tika of Anuyogadvar Sutra* by Shri Jnana Muni, p. 745-755).

बद्ध-मुक्त कार्मणशरीरों की संख्या

४१७. केवइया णं भंते ! कम्मयसरीरा पन्नत्ता ?

गो. ! दुविहा पण्णत्ता। तं जहा—बद्धेल्लया य मुक्केल्लया य। जहा तेयगसरीरा तह कम्मगसरीरा वि भाणियव्वा।

४१७. (प्र.) भगवन् ! कार्मणशरीर कितने कहे हैं ?

(उ.) गौतम ! वे दो प्रकार के हैं, यथा—बद्ध और मुक्त। जिस प्रकार से तैजस्शरीर की वक्तव्यता कही है, उसी प्रकार कार्मणशरीर के विषय में भी कहना चाहिए। तैजस् और कार्मण शरीरों की संख्या एवं स्वामी समान हैं तथा ये दोनों शरीर एक साथ रहते हैं।

NUMBER OF KARMAN SHARIRAS

417. (Q.) *Bhante* ! Of how many kinds are *karman shariras* (*karmic* bodies) ?

(Ans.) Gautam ! *Karman shariras* (*karmic* bodies) are of two kinds—*baddh* (bound) and *mukta* (abandoned). The details of *karman sharira* (*karmic* body) are same as those of *taijas sharira* (fiery body). (The number and owners of *taijas* and *karman shariras* are same and these two bodies always exist together).

नारकों में बद्ध-मुक्त पंच शरीरों की प्ररूपणा

४१८. (१) नेरइयाणं भंते ! केवतिया य ओदालियसरीरा पन्नत्ता ?

गोयमा ! दुविहा पण्णत्ता। तं.—बद्धेल्लया य मुक्केल्लया य। तत्थ णं जे ते बद्धेल्लया ते णं नत्थि। तत्थ णं जे ते मुक्केल्लया ते जहा ओहिया ओरालिया तहा भाणियव्वा।

४१८. (१) (प्र.) भगवन् ! नैरयिक जीवों के कितने औदारिकशरीर कहे हैं ?

(उ.) गौतम ! औदारिकशरीर दो प्रकार के हैं–बद्ध और मुक्त। नैरयिक जीवों के बुद्ध औदारिकशरीर नहीं होते हैं और मुक्त औदारिकशरीर पूर्वोक्त सामान्य मुक्त औदारिकशरीर के बराबर जानना चाहिए। (सूत्र ४१३ के समान)

BODIES OF NAARAKS

418. (1) (Q.) *Bhante* ! How many kinds of *audarik shariras* (gross physical bodies) the *naaraks* (infernal beings) are said to have?

(Ans.) Gautam ! *Audarik shariras* (gross physical bodies) are of two kinds—*baddh* (bound) and *mukta* (abandoned). The *naaraks* (infernal beings) do not have the *baddh* (bound with soul) kind. As regards the *mukta* (abandoned by soul) it should be read just as the general statement regarding *audarik shariras* (gross physical bodies) (Aphorism 413).

(२) नेरइयाणं भंते ! केवइया वेउव्वियसरीरा पन्नत्ता ?

गोयमा ! दुविहा पण्णत्ता। तं जहा–बद्धेल्लया य मुक्केल्लया य। तत्थ णं जे ते बद्धेल्लया ते णं असंखेज्जा असंखेज्जाहिं उस्सप्पिणी–ओसप्पिणीहिं अवहीरंति कालओ, खेत्तओ असंखेज्जाओ सेढीओ पयरस्स असंखेज्जइभागो, तासि णं सेढीणं विक्खंभसूयी अंगुलपढमवग्गमूलं बितियवग्गमूलपडुप्पण्णं अहव णं अंगुलबितियवग्गमूलघणपमाणमेत्ताओ सेढीओ। तत्थ णं जे ते मुक्केल्लया ते णं जहा ओहिया ओरालियसरीरा तहा भाणियव्वा।

(२) (प्र.) भगवन् ! नारक जीवों के वैक्रियशरीर कितने हैं ?

(उ.) गौतम ! दो प्रकार के हैं–बद्ध और मुक्त। उनमें से बद्ध वैक्रियशरीर तो असंख्यात हैं। काल की दृष्टि से असंख्यात उत्सर्पिणी–अवसर्पिणी में उनका अपहार होता है। क्षेत्र की दृष्टि से वे प्रतर के असंख्यात भाग में होने वाली असंख्य श्रेणियों के आकाशप्रदेश जितने हैं। उन श्रेणियों की विष्कम्भ (सूची लम्बाई लिए हुए एक प्रदेश की श्रेणी) अंगुलप्रमाण प्रतर क्षेत्र में होने वाली श्रेणी के असंख्येय वर्गमूल होते हैं। इसलिए प्रथम वर्गमूल को दूसरे वर्गमूल के गुणित करने पर जितनी श्रेणियाँ प्राप्त होती हैं अथवा अंगुल के द्वितीय वर्गमूल के घनप्रमाण श्रेणियों जितनी है। मुक्त वैक्रियशरीर सामान्य से मुक्त औदारिकशरीरों के बराबर जानना चाहिए।

(2) (Q.) *Bhante* ! How many kinds of *vaikriya shariras* (transmutable bodies) the *naaraks* (infernal beings) are said to have ?

(Ans.) Gautam ! *Vaikriya shariras* (transmutable bodies) are of two kinds—*baddh* (bound) and *mukta* (abandoned). Of these, the *baddh vaikriya shariras* (bound transmutable bodies) are innumerable. (Their number) in terms of time (is such that) it takes innumerable *utsarpini-avasarpini* (progressive-regressive cycles of time) to remove them (if stored in a silo). In terms of area they are equal to space-points in innumerable *Shrenis* (series or progression; in this context all the units like *angul, shreni, pratar* are the paramount units as described in aphorisms 356-357) in the innumerable fraction of one *pratar* (see aphorism 356-357). Expressed in *vishkambh-suchi* (square units) the *Shrenis* are calculated—as the first square root of the *Shrenis* in one *angul* multiplied by its second square root or the cube of the second square root of the *Shrenis* in one *angul*. As regards the *mukta vaikriya shariras* (abandoned transmutable bodies) it should be read just as the general statement regarding *audarik shariras* (gross physical bodies) (Aphorism 413).

(३) णेरइयाणं भंते ! केवइया आहारगसरीरा पण्णत्ता ?

गोयमा ! दुविहा पण्णत्ता। तं जहा—बद्धेल्लया य मुक्केल्लया य। तत्थ णं जे ते बद्धेल्लया ते णं नत्थि। तत्थ णं जे ते मुक्केल्लया ते जहा ओहिया ओरालिया तहा भाणियव्वा।

(३) (प्र.) भगवन् ! नारक जीवों के कितने आहारकशरीर कहे हैं ?

(उ.) गौतम ! आहारकशरीर दो प्रकार के हैं, यथा—बद्ध और मुक्त। बद्ध आहारकशरीर तो नैरयिकों के नहीं होते हैं तथा मुक्त जितने सामान्य औदारिक शरीर कहे गये हैं, उतने जानना चाहिए। (सूत्र ४१३ के अनुसार)

(3) (Q.) *Bhante* ! How many kinds of *aharak shariras* (telemigratory bodies) the *naaraks* (infernal beings) are said to have ?

(Ans.) Gautam ! *Aharak shariras* (telemigratory bodies) are of two kinds—*baddh* (bound) and *mukta* (abandoned). Of these, *naaraks* (infernal beings) do not have the *baddh aharak shariras* (bound telemigratory bodies). As regards the *mukta aharak shariras* (abandoned telemigratory bodies) it should be read just as the general statement regarding *audarik shariras* (gross physical bodies) (Aphorism 413).

(४) तेयग-कम्मगसरीरा जहा एतेसिं चेव वेउव्वियसरीरा तहा भाणियव्वा।

(४) तैजस् और कार्मणशरीरों के लिए जैसा इनके वैक्रियशरीरों के विषय में कहा गया है, उसी प्रकार समझना चाहिए।

विवेचन—नारक जीव वैक्रियशरीर वाले होने से उनमें बद्ध औदारिकशरीर नहीं होते हैं। मुक्त औदारिकशरीर सामान्य से बताये गये मुक्त औदारिकशरीरों के समान अनन्त हैं। क्योंकि नारक जीव जब पूर्वभवों में तिर्यंच या मनुष्य पर्याय में था, तब वहाँ औदारिकशरीर था और अब उसे छोड़कर नरकपर्याय में आया है। इसीलिए नारक जीवों के मुक्त औदारिकशरीर सामान्यतः अनन्त कहे हैं।

नैरयिकों के बद्ध वैक्रियशरीर उतने ही हैं जितने नैरयिक हैं। नैरयिकों की संख्या असंख्यात है, अतः एक-एक नारक के एक-एक वैक्रियशरीर होने से उनके वैक्रियशरीरों की संख्या भी असंख्यात है। बद्ध और मुक्त तैजस्-कार्मणशरीरों की संख्या बद्ध-मुक्त वैक्रियशरीरों के बराबर बताने का कारण है कि ये दोनों शरीर सभी नारकों के होते हैं, अतएव इनकी संख्या नैरयिकों की संख्या के समान ही जानना।

(4) As regards *taijas* and *karman shariras* (fiery and *karmic* bodies) they should be read just as the statement about their *vaikriya shariras* (transmutable bodies).

Elaboration—As the *naaraks* (infernal beings) essentially have *vaikriya sharira* (transmutable body) they cannot have *baddh audarik sharira* (bound gross physical body). Their *mukta audarik sharira* (abandoned gross physical body) are infinite as the general statement about *audarik shariras* (gross physical bodies). This is because a *naarak* (infernal being) had been an animal or a human being in his earlier incarnation and he had *audarik sharira* (gross physical body). He has abandoned it and reincarnated as a *naarak* (infernal being). Therefore for *naaraks* (infernal beings) the *mukta audarik shariras* (abandoned gross physical bodies) are said to be infinite in general.

The *baddh vaikriya shariras* (bound transmutable bodies) of *naaraks* (infernal beings) are same as the existing number of *naaraks* (infernal beings). The total number of *naaraks* (infernal beings) is innumerable. As one *naarak* (infernal being) has one *vaikriya sharira* (transmutable body) the total number of these bodies is innumerable. The reason for stating the total number of *baddh* and *mukta taijas* and *karman shariras* (bound and abandoned fiery and *karmic* bodies) being same is that all *naaraks* (infernal beings) have these two bodies, therefore their total number is also equal to the total number of existing *naaraks* (infernal beings).

भवनवासियों के बद्ध-मुक्त शरीर

४१९. (१) असुरकुमाराणं भंते ! केवतिया ओरालियसरीरा पन्नत्ता ?

गोयमा ! जहा नेरइयाणं ओरालियसरीरा तहा भाणियव्वा।

४१९. (१) (प्र.) भगवन् ! असुरकुमारों के कितने औदारिकशरीर कहे हैं ?

(उ.) गौतम ! नारकों के बद्ध-मुक्त औदारिकशरीरों की प्ररूपणा के समान ही इनके विषय भी जानना चाहिए।

BODIES OF BHAVANVASIS

419. (1) (Q.) *Bhante* ! How many kinds of *audarik shariras* (gross physical bodies) the *Asurkumars* (a kind of abode-dwelling gods) are said to have ?

(Ans.) Gautam ! It should be read just as the statement regarding *baddh* and *mukta audarik shariras* (bound and abandoned gross physical bodies) of the *naaraks* (infernal beings) (Aphorism 418-1).

(२) असुरकुमाराणं भंते ! केवतिया वेउव्वियसरीरा पन्नत्ता ?

गोयमा ! दुविहा पण्णत्ता। तं.—बद्धेल्लया य मुक्केल्लया य। तत्थ णं जे ते बद्धेल्लया ते णं असंखेज्जा असंखेज्जाहिं उस्सप्पिणि-ओसप्पिणीहिं अवहीरंति कालतो, खेत्ततो असंखेज्जाओ सेढीओ पयरस्स असंखेज्जइभागो, तासि णं सेढीणं विक्खंभसूई अंगुलपढमवग्गमूलस्स असंखेज्जतिभागो। मुक्केल्लया जहा ओहिया ओरालियसरीरा तहा भाणियव्वा।

(२) (प्र.) भगवन् ! असुरकुमारों के कितने वैक्रियशरीर कहे हैं ?

(उ.) गौतम ! वे दो प्रकार के कहे हैं—बद्ध और मुक्त। उनमें से बद्ध असंख्यात हैं, जो कालतः असंख्यात उत्सर्पिणियों और अवसर्पिणियों में अपहृत होते हैं। क्षेत्र की अपेक्षा वे असंख्यात श्रेणियों जितने हैं और वे श्रेणियाँ प्रतर के असंख्यातवें भागप्रमाण हैं। उन श्रेणियों की विष्कम्भसूची अंगुल के प्रथम वर्गमूल के असंख्यातवें भागप्रमाण है तथा मुक्त वैक्रियशरीरों के लिए जैसे सामान्य से मुक्त औदारिकशरीरों के लिए कहा गया है, उसी तरह कहना चाहिए।

विवेचन—यहाँ असुरकुमारों के बद्ध-मुक्त वैक्रियशरीरों का परिमाण बताया है। सामान्यतः तो असुरकुमारों के बद्ध वैक्रियशरीर असंख्यात हैं किन्तु वे असंख्यात, काल की अपेक्षा से असंख्यात उत्सर्पिणी और अवसर्पिणी काल के जितने समय होते हैं, उतने हैं। क्षेत्र की अपेक्षा असंख्यात का परिमाण इस प्रकार बताया है कि प्रतर के असंख्यातवें भाग में वर्तमान असंख्यात श्रेणियों के जितने प्रदेश होते हैं, उतने हैं। यहाँ उन श्रेणियों की विष्कम्भसूची ली गई है जो अंगुलप्रमाण क्षेत्र के प्रदेशों की राशि के प्रथम वर्गमूल का असंख्यातवाँ भाग है। यह विष्कम्भसूची नारकों की विष्कम्भसूची की अपेक्षा उसके भागप्रमाण वाली है। इस प्रकार असुरकुमार, नारकों की अपेक्षा उनके असंख्यातवें भागप्रमाण होते हैं। प्रज्ञापनासूत्र के महादण्डक में रत्नप्रभापृथ्वी के नारकों की संख्या की अपेक्षा समस्त भवनवासी देव असंख्यातवें भागप्रमाण कहे गये हैं। अतः समस्त नारकों की अपेक्षा असुरकुमार उनके असंख्यातवें भागप्रमाण हैं, अर्थात् अल्प हैं यह सिद्ध हो जाता है।

(2) (Q.) *Bhante* ! How many kinds of *vaikriya shariras* (transmutable bodies) the *Asurkumars* are said to have ?

(Ans.) Gautam ! Their *vaikriya shariras* (transmutable bodies) are of two kinds—*baddh* (bound) and *mukta* (abandoned). Of these, the *baddh vaikriya shariras* (bound transmutable bodies) are innumerable. (Their number) in terms of time (is such that) it takes innumerable *utsarpini-avasarpini* (progressive-regressive cycles of time) to remove them (if stored in a silo). In terms of area they are equal to space-points in innumerable *Shrenis* in the innumerable fraction of one *pratar*. Expressed in *vishkambh-suchi* (square units) the *Shrenis* are calculated as uncountable fraction of the first square root of the total space-points in one *angul*. As regards the *mukta vaikriya shariras* (abandoned transmutable bodies) it should be read just as the general statement regarding *audarik shariras* (gross physical bodies) (Aphorism 413).

Elaboration—This aphorism states the number of *baddh-mukta* (bound and abandoned) bodies of *Asurkumars* (a kind of abode-dwelling gods). Generally speaking their total number is innumerable. However, in terms of time they are equivalent to the total number of *Samayas* in innumerable *utsarpini-avasarpini* (progressive-regressive cycles of time). In terms of area the term innumerable has been explained as the innumerable fraction of the first square root of the total number of space-points in one square *angul* area. This number in *vishkambh-suchi* (square units) is only a fraction of the similar number for *naaraks* (infernal beings). Thus the number of *Asurkumars* is just a fraction of the number of *naaraks* (infernal beings). This is also confirmed by a statement in *Prajnapana Sutra* (Mahadandak) that the total number of all abode-dwelling gods is just a fraction of the *naaraks* (infernal beings) of the *Ratnaprabha* land (the first hell) alone.

(३) असुरकुमाराणं भंते ! केवइया आहारगसरीरा पन्नत्ता ?

गोयमा ! दुविहा पण्णत्ता। तं जहा–बद्धेल्लया य मुक्केल्लया य। जहा एएसिं चेव ओरालियसरीरा तहा भाणियव्वा।

(३) (प्र.) भगवन् ! असुरकुमारों के कितने आहारकशरीर कहे हैं ?

(उ.) गौतम ! वे दो प्रकार के कहे हैं–बद्ध और मुक्त। ये दोनों प्रकार के आहारकशरीर असुरकुमार देवों में औदारिकशरीर के समान जानने चाहिए।

(3) (Q.) *Bhante* ! How many kinds of *aharak shariras* (telemigratory bodies) the *Asurkumars* are said to have ?

(Ans.) Gautam ! Their *aharak shariras* (telemigratory bodies) are of two kinds—*baddh* (bound) and *mukta* (abandoned). These two should be read just as the statement regarding *audarik shariras* (gross physical bodies) of *Asurkumars.*

(४) तेयग–कम्मगसरीरा जहा एतेसिं चेव वेउव्वियसरीरा तहा भाणियव्वा।

(४) तैजस् और कार्मणशरीर जैसे इनके (असुरकुमारों के) वैक्रियशरीर बताये, उसी प्रकार जानना चाहिए।

(4) As regards *taijas* and *karman shariras* (fiery and *karmic* bodies) they should be read just as the statement about their (*Asurkumars*) *vaikriya shariras* (transmutable bodies).

(५) जहा असुरकुमाराणं तहा जाव थणियकुमाराणं ताव भाणियव्वं।

(५) असुरकुमारों में जैसे इन पाँच शरीरों का कथन किया है, वैसा ही स्तनितकुमार पर्यन्त सब भवनवासी देवों के विषय में जानना चाहिए।

(5) The details about bodies of all other abode-dwelling gods up to *Stanitkumar* should be read just as the details about *Asurkumars*.

पृथ्वी–अप्–तैजस्कायिक जीवों के बद्ध–मुक्त शरीर

४२०. (१) पुढविकाइयाणं भंते ! केवइया ओरालियसरीरा पन्नत्ता ?

गोयमा ! दुविहा पं.–बद्धेल्लया य मुक्केवल्लया य। एवं जहा ओरालियसरीरा तहा भाणियव्वा।

पुढविकाइयाणं भंते ! केवइया वेउव्वियसरीरा पन्नत्ता ?

गोयमा ! दुविहा पं.। तं.–बद्धेल्लया य मुक्केल्लया य। तत्थ णं जे ते बद्धेल्लया ते णं णत्थि। मुक्केल्लया जहा ओहिया ओरालियसरीरा तहा भाणियव्वा।

आहारगसरीरा वि एवं चेव भाणियव्वा। तेयग–कम्मगसरीराणं जहा एएसिं चेव ओरालियसरीरा तहा भाणियव्वा।

४२०. (१) (प्र.) भगवन् ! पृथ्वीकायिकों के कितने औदारिकशरीर कहे हैं ?

(उ.) गौतम ! इनके औदारिकशरीर दो प्रकार के कहे हैं–बद्ध और मुक्त। इनके दोनों शरीरों की संख्या सामान्य बद्ध और मुक्त औदारिकशरीरों जितनी जानना चाहिए।

(प्र.) भगवन् ! पृथ्वीकायिकों के वैक्रियशरीर कितने कहे हैं ?

(उ.) गौतम ! वे दो प्रकार के कहे गये हैं–बद्ध और मुक्त। इनमें से बद्ध तो इनके नहीं होते हैं और मुक्त के लिए औदारिकशरीरों के समान ही जानना चाहिए।

आहारकशरीरों की वक्तव्यता भी इसी प्रकार जानना चाहिए। इनके बद्ध और मुक्त तैजस्–कार्मण शरीरों की प्ररूपणा भी इनके बद्ध और मुक्त औदारिकशरीरों के समान समझना चाहिए।

420. (1) (Q.) *Bhante* ! How many kinds of *audarik shariras* (gross physical bodies) the *Prithvikayiks* (earth-bodied beings) are said to have ?

(Ans.) Gautam ! Their *audarik shariras* (gross physical bodies) are of two kinds—*baddh* (bound) and *mukta* (abandoned). The number of these two should be read just as the general statement regarding *audarik shariras* (gross physical bodies).

(Q.) *Bhante* ! How many kinds of *vaikriya shariras* (transmutable bodies) the *Prithvikayiks* (earth-bodied beings) are said to have ?

(Ans.) Gautam ! *Vaikriya shariras* (transmutable bodies) are of two kinds—*baddh* (bound) and *mukta* (abandoned). Of these, they do not have *baddh* (bound) bodies and as regards the number of *mukta* (abandoned) bodies it should be read just as the general statement regarding *audarik shariras* (gross physical bodies).

The same is true for their *aharak shariras* (telemigratory bodies). The details about their *baddh* and *mukta taijas-karman shariras* (bound and abandoned fiery and *karmic* bodies) are also same as their *baddh* and *mukta audarik shariras* (bound and abandoned gross physical bodies).

(२) जहा पुढविकाइयाणं एवं आउकाइयाणं तेउकाइयाण य सव्वसरीरा भाणियव्वा।

(२) जिस प्रकार पृथ्वीकायिकों के पाँच शरीरों का कथन है, वैसे ही अर्थात् उतनी ही संख्या अप्कायिक और तैजस्कायिक जीवों के पाँच शरीरों की जाननी चाहिए।

(2) The details about (five kinds of) bodies of *Apkayiks* (water-bodied beings) and *Tejaskayiks* (fire-bodied beings) should be read just as the details about the (five kinds of) bodies of *Prithvikayiks* (earth-bodied beings).

वायुकायिकों के बद्ध-मुक्त शरीर

(३) वाउकाइयाणं भंते ! केवइया ओरालियसरीरा पन्नत्ता ?

गो. ! जहा पुढविकाइयाणं ओरालियसरीरा तहा भाणियव्वा।

वाउकाइयाणं भंते ! केवतिया वेउव्वियसरीरा पन्नत्ता ?

गो. ! दुविहा पं.। तं.—बद्धेल्लया य मुक्केल्लया य। तत्थ णं जे ते बद्धेल्लया ते णं असंखेज्जा समए २ अवहीरमाणा २ पलिओवमस्स असंखेज्जइभागमेत्तेणं कालेणं अवहीरंति। नो चेव णं अवहिया सिया। मुक्केल्लया जहा ओहिया ओरालियमुक्केल्लया। आहारयसरीरा जहा पुढविकाइयाणं वेउव्वियसरीरा तहा भाणियव्वा।

तेयग–कम्मयसरीरा जहा पुढविकाइयाणं तहा भाणियव्वा।

(३) (प्र.) भगवन् ! वायुकायिक जीवों के औदारिकशरीर कितने कहे गये हैं ?

(उ.) गौतम ! जिस प्रकार पृथ्वीकायिक जीवों के औदारिकशरीरों की वक्तव्यता है, वैसी ही यहाँ समझना चाहिए।

(प्र.) भगवन् ! वायुकायिक जीवों के वैक्रियशरीर कितने हैं ?

(उ.) गौतम ! वे दो प्रकार के हैं–बद्ध और मुक्त। उनमें से बद्ध असंख्यात हैं। यदि समय-समय में एक-एक शरीर का अपहरण किया जाये तो (क्षेत्र) पल्योपम के असंख्यातवें भाग में जितने प्रदेश हैं, उतने काल में पूर्णतः अपहृत हों। किन्तु उनका किसी ने कभी अपहरण किया नहीं है और मुक्त औधिक औदारिक के बराबर हैं और आहारकशरीर पृथ्वीकायिकों के वैक्रियशरीर के समान कहना चाहिए।

बद्ध, मुक्त तैजस्, कार्मणशरीरों की प्ररूपणा पृथ्वीकायिक जीवों के बद्ध एवं मुक्त तैजस् और कार्मणशरीरों के समान समझना चाहिए।

विवेचन—वायुकायिक जीवों के वैक्रियशरीर सम्बन्धी स्पष्टीकरण इस प्रकार है–

वायुकायिक जीवों के बद्ध वैक्रियशरीर असंख्यात हैं और उस असंख्यात का परिमाण बताने के लिए कहा है कि यदि ये शरीर एक-एक समय में निकाले जायें तो क्षेत्र पल्योपम के असंख्यातवें भाग में जितने आकाशप्रदेश होते हैं, उतने समयों में इनको निकाला जा सकता है। तात्पर्य यह है कि क्षेत्र पल्योपम के असंख्यातवें भाग के आकाश में जितने प्रदेश हैं, उतने ये बद्ध वैक्रियशरीर होते हैं। परन्तु यह प्ररूपणा समझने के लिए है। इस प्रकार अपहरण करके निकाल पाना असाध्य है।

कदाचित् यह कहा जाये कि असंख्यात लोकाकाशों के जितने प्रदेश हैं, उतने वायुकायिक जीव हैं, ऐसा शास्त्रों में उल्लेख है, तो फिर उनमें से बद्ध वैक्रियशरीरधारी वायुकायिक जीवों की इतनी अल्प संख्या बताने का क्या कारण है ? इसका समाधान यह है कि वायुकायिक जीव चार प्रकार के हैं– (१) सूक्ष्म अपर्याप्त, (२) सूक्ष्म पर्याप्त, (३) बादर अपर्याप्त, और (४) बादर पर्याप्त। इनमें से आदि के तीन प्रकार के वायुकायिक जीव तो असंख्यात लोकाकाशों के प्रदेशों जितने हैं और उनमें वैक्रियलब्धि

नहीं होती है। बादर पर्याप्त वायुकायिक जीव प्रतर के असंख्यातवें भाग में जितने आकाशप्रदेश होते हैं, उतने हैं, किन्तु वे उनमें भी सभी वैक्रियलब्धि-सम्पन्न नहीं होते हैं। इनमें भी असंख्यातवें भागवर्ती जीवों के ही वैक्रियलब्धि होती है। वैक्रियलब्धि-सम्पन्नों में भी सब बद्ध वैक्रियशरीरयुक्त नहीं होते, किन्तु असंख्येय भागवर्ती जीव ही बद्ध वैक्रियशरीरधारी होते हैं। इसलिए वायुकायिक जीवों में जो बद्ध वैक्रियशरीरधारी जीवों की संख्या कही गई है, इसी न्याय से समझना चाहिए।

AIR-BODIED BEINGS

(3) (Q.) *Bhante* ! How many kinds of *audarik shariras* (gross physical bodies) the *Vayukayiks* (air-bodied beings) are said to have ?

(Ans.) The details about the *audarik shariras* (gross physical bodies) of *Vayukayiks* (air-bodied beings) should be read just as the details about the *audarik shariras* (gross physical bodies) of *Prithvikayiks* (earth-bodied beings).

(Q.) *Bhante* ! How many kinds of *vaikriya shariras* (transmutable bodies) the *Vayukayiks* (air-bodied beings) are said to have ?

(Ans.) Gautam ! Their *vaikriya shariras* (transmutable bodies) are of two kinds—*baddh* (bound) and *mukta* (abandoned). Of these, the *baddh vaikriya shariras* (bound transmutable bodies) are innumerable. If one body is removed every *Samaya* they will get exhausted in uncountable fraction of (the number equal to the total space-points in) a *(kshetra) Palyopam*. However this has never been done (in other words it is impractical). As regards the number of *mukta* (abandoned) bodies it should be read just as the general statement regarding *audarik shariras* (gross physical bodies). As regards the details about *aharak shariras* (telemigratory bodies) it should be read just as the statement regarding *vaikriya shariras* (transmutable bodies) of the *Prithvikayiks* (earth-bodied beings).

The details about their *baddh* and *mukta taijas-karman shariras* (bound and abandoned fiery and *karmic* bodies) are same as the *baddh* and *mukta taijas-karman shariras* (bound and abandoned fiery and *karmic* bodies) of *Prithvikayiks* (earth-bodied beings).

Elaboration—The explanation regarding *vaikriya shariras* (transmutable bodies) of *Vayukayiks* (air-bodied beings) is as follows—

The total number of *baddh vaikriya shariras* (bound transmutable bodies) of *Vayukayiks* (air-bodied beings) are innumerable. In order to convey the level of this 'innumerable' it is mentioned that if one body is removed every *Samaya* they will get exhausted in uncountable fraction of (the number equal to the total space-points in) a *(kshetra) Palyopam.* This means that the total number of bound transmutable bodies of *Vayukayiks* (air-bodied beings) is equal to the total number of space-points in space measuring innumerable fraction of a *(kshetra) Palyopam.* However, this is just a conceptual explanation because the process of removing mentioned here is impractical.

If it is stated, as mentioned in scriptures, that the total number of *Vayukayiks* (air-bodied beings) is equal to innumerable times the total number of space-points in *Lokakash* (occupied space) than what is the reason for total number of *Vayukayiks* (air-bodied beings) with bound transmutable bodies being so meager ? The explanation is that there are four kinds of *Vayukayiks* (air-bodied beings)—(1) *Sukshma Aparyapt* (minute underdeveloped), (2) *Sukshma Paryapt* (minute fully developed), (3) *Badar Aparyapt* (gross underdeveloped), and (4) *Badar Paryapt* (gross fully developed). Out of these the first three are equal to innumerable times the total number of space-points in *Lokakash* (occupied space) but they lack the capacity of transmutation. The total number of gross fully developed *Vayukayiks* (air-bodied beings) is equal to the total number of space-points in innumerable fraction of a *pratar* but all these do not have the capacity of transmutation. Only an innumerable fraction of these have that capacity. Out of those having this capacity all do not have bound bodies. Only an innumerable fraction of these have. Therefore the statement about the total number of *Vayukayiks* (air-bodied beings) having bound transmutable bodies is, indeed, true.

वनस्पतिकायिकों के बद्ध-मुक्त शरीर

(४) वणस्सइकाइयाणं ओरालिय-वेउव्विय-आहारगसरीरा जहा पुढविकाइयाणं तहा भाणियव्वा।

वणस्सइकाइयाणं भंते ! केवइया तेयग-कम्मगसरीरा पण्णत्ता ?

गो. ! जहा ओहिया तेयग-कम्मगसरीरा तहा वणस्सइकाइयाण वि तेयग-कम्मगसरीरा भाणियव्वा।

(४) वनस्पतिकायिक जीवों के औदारिक, वैक्रिय और आहारकशरीरों को पृथ्वीकायिक जीवों के औदारिकशरीरों के समान समझना चाहिए।

(प्र.) भगवन् ! वनस्पतिकायिक जीवों के तैजस्-कार्मणशरीर कितने कहे गये हैं ?

(उ.) गौतम ! औधिक तैजस्-कार्मणशरीरों के प्रमाण के बराबर वनस्पतिकायिक जीवों के तैजस्-कार्मणशरीरों का प्रमाण जानना चाहिए।

विवेचन-उक्त वनस्पतिकायिकों के बद्ध औदारिकशरीर पृथ्वीकायिक जीवों के समान कहने का कारण यह है कि साधारण वनस्पतिकायिक जीव अनन्त होने पर भी उनका एक शरीर होने के कारण औदारिकशरीर असंख्यात ही हो सकते हैं। इनके वैक्रियलब्धि और आहारकलब्धि नहीं होने से मुक्त वैक्रिय-आहारकशरीर ही होते हैं, बद्ध नहीं। इनके बद्ध और मुक्त तैजस्-कार्मणशरीर अनन्त हैं, क्योंकि वे प्रत्येक जीव के स्वतन्त्र होते हैं और साधारण जीवों के अनन्त होने से इन दोनों को अनन्त जानना चाहिए।

PLANT-BODIED BEINGS

(4) The details about the *audarik, vaikriya* and *aharak shariras* (gross physical, transmutable and telemigratory bodies) of *Vanaspatikayiks* (plant-bodied beings) should be read just as the details about the *audarik shariras* (gross physical bodies) of *Prithvikayiks* (earth-bodied beings).

(Q.) *Bhante* ! How many kinds of *taijas-karman shariras* (fiery and *karmic* bodies) the *Vanaspatikayiks* (plant-bodied beings) are said to have ?

(Ans.) Gautam ! The details about the *taijas-karman shariras* (fiery and *karmic* bodies) of the *Vanaspatikayiks* (plant-bodied beings) should be read just as the general statement about *taijas-karman shariras* (fiery and *karmic* bodies).

Elaboration—Here it is stated that the bound gross physical bodies of plant-bodied beings and earth-bodied beings are same. The reason for this is that although, generally speaking plant-bodied beings are infinite in number, a large number of them are clumped in a single body.

Therefore the total number of gross physical bodies can only be innumerable. They are devoid of the capacities of transmutation and telemigration; therefore they only have *mukta vaikriya* and *aharak* (abandoned transmutable and telemigratory) bodies and not *baddh* (bound) ones. The number of their *baddh* and *mukta taijas* and *karman* (bound and abandoned fiery and *karmic*) bodies is infinite because every individual being has these bodies irrespective of its clumped state. Generally speaking the total number of plant-bodied beings is infinite; therefore the total number of these bodies is also infinite.

विकलेन्द्रियों के बद्ध-मुक्त शरीर

४२१. (१) बेइंदियाणं भंते ! केवइया ओरालियसरीरा पन्नत्ता ?

गोयमा ! दुविहा पण्णत्ता। तं जहा—बद्धेल्लया य मुक्केल्लया य। तत्थ णं जे ते बद्धेल्लया ते णं असंखेज्जा, असंखेज्जाहिं उस्सप्पिणी-ओसप्पिणीहिं अवहीरंति कालओ, खेत्तओ असंखेज्जाओ सेढीओ पयरस्स असंखेज्जइभागो, तासि णं सेढीणं विक्खंभसूयी असंखेज्जाओ जोयणकोडाकोडीओ असंखेज्जाइं सेढिवग्गमूलाइं; बेइंदियाणं ओरालियसरीरेहिं बद्धेल्लएहिं पयरं अवहीरइ असंखेज्जाहिं उस्सप्पिणि-ओसप्पिणीहिं कालओ, खेत्तओ अंगुलपयरस्स आवलियाए य असंखेज्जइभागपडिभागेणं। मुक्केल्लया जहा ओहिया ओरालियसरीरा तहा भाणियव्वा।

वेउव्विय-आहारगसरीरा णं बद्धेल्लया नत्थि, मुक्केल्लया जहा ओरालियसरीरा ओहिया तहा भाणियव्वा।

तेया-कम्मगसरीरा जहा एतेसिं चेव ओरालियसरीरा तहा भाणियव्वा।

४२१. (१) (प्र.) भगवन् ! द्वीन्द्रियों के औदारिकशरीर कितने हैं ?

(उ.) गौतम ! वे दो प्रकार के हैं। यथा—बद्ध और मुक्त। उनमें से बद्ध औदारिकशरीर असंख्यात हैं। काल की अपेक्षा असंख्यात उत्सर्पिणियों और अवसर्पिणियों से अपहृत होते हैं। अर्थात् असंख्यात उत्सर्पिणियों-अवसर्पिणियों के समय जितने हैं। क्षेत्र की अपेक्षा प्रतर के असंख्यातवें भाग में वर्तमान असंख्यात श्रेणियों के प्रदेशों की राशि प्रमाण हैं। उन श्रेणियों की विष्कंभसूची असंख्यात कोटाकोटि योजनप्रमाण है। इतने प्रमाण वाली विष्कम्भसूची असंख्यात श्रेणियों के वर्गमूल रूप है। द्वीन्द्रियों के बद्ध औदारिकशरीरों द्वारा प्रतर अपहृत किया जाये तो काल की अपेक्षा असंख्यात उत्सर्पिणी-अवसर्पिणी कालों में

अपहृत होता है तथा क्षेत्र की अपेक्षा अंगुल मात्र प्रतर और आवलिका के असंख्यातवें भाग-प्रतिभाग (प्रमाणांश) से अपहृत होता है। जैसा औघिक मुक्त औदारिकशरीरों का परिमाण कहा है, वैसा इनके मुक्त औदारिकशरीरों के लिए भी जानना चाहिए।

द्वीन्द्रियों के बद्ध वैक्रिय-आहारकशरीर नहीं होते हैं और मुक्त के विषय में जैसा औघिक मुक्त औदारिकशरीर के विषय में कहा है, वैसा जानना चाहिए।

तैजस् और कार्मण के बद्ध-मुक्त शरीरों के लिए जैसा इनके औदारिकशरीरों के विषय में कहा है, वैसा ही कहना चाहिए।

VIKALENDRIYA

421. (1) (Q.) *Bhante* ! How many kinds of *audarik shariras* (gross physical bodies) the *Dvindriyas* (two-sensed beings) are said to have ?

(Ans.) Gautam ! Their *audarik shariras* (gross physical bodies) are of two kinds—*baddh* (bound) and *mukta* (abandoned). Of these, the *baddh audarik shariras* (bound gross physical bodies) are innumerable. (Their number) in terms of time (is such that) it takes innumerable *utsarpini-avasarpini* (progressive-regressive cycles of time) to remove them (if stored in a silo). In terms of area they are equal to space-points in innumerable *Shrenis* in the innumerable fraction of one *pratar* (see aphorism 356-357). Expressed in *vishkambh-suchi* (wide rows) the *Shrenis* are equal to innumerable *Kotakoti yojan* which is equal to (the sum of) innumerable square roots (such as first square root, second square root and so on). (An alternative way of arriving at this figure is—) If the bound gross physical bodies are removed from a fully occupied *pratar* it takes innumerable *utsarpini-avasarpini* (progressive-regressive cycles of time) in terms of time. In terms of area they are equal to the number of time units, measured as innumerable fraction of an *avalika,* required to empty the total number of space-points in a *pratar angul.* As regards the *mukta audarik shariras* (bound gross physical bodies) it should be read just as the general statement regarding *mukta audarik shariras* (abandoned gross physical bodies) (Aphorism 413).

The two-sensed beings are devoid of *baddh vaikriya* and *aharak* (bound transmutable and telemigratory) bodies. The details regarding the *mukta vaikriya* and *aharak shariras* (abandoned transmutable and telemigratory bodies) should be read just as the general statement regarding *mukta audarik shariras* (abandoned gross physical bodies).

The details about the *baddh* and *mukta taijas-karman shariras* (bound and abandoned fiery and *karmic* bodies) should be read just as the statement about their *audarik shariras* (gross physical bodies).

(२) जहा बेइंदियाणं तहा तेइंदियाणं चउरिंदियाणं वि भाणियव्वं।

(२) द्वीन्द्रियों के बद्ध-मुक्त पाँच शरीरों के सम्बन्ध में जो निर्देश किया है, वैसा ही त्रीन्द्रिय और चतुरिन्द्रिय जीवों के विषय में भी कहना चाहिए।

विवेचन-प्रस्तुत पाठ में द्वीन्द्रिय, त्रीन्द्रिय और चतुरिन्द्रिय जीवों के बद्ध और मुक्त शरीरों की प्ररूपणा है। उसका द्वीन्द्रिय की अपेक्षा से स्पष्टीकरण इस प्रकार है-

द्वीन्द्रियों के बद्ध औदारिकशरीर असंख्यात हैं और उस असंख्यात का परिमाण काल की अपेक्षा असंख्यात उत्सर्पिणी और अवसर्पिणी काल के जितने समय होते हैं, उतना है। क्षेत्र की अपेक्षा वे शरीर प्रतर के असंख्यातवें भाग में वर्तमान असंख्यात श्रेणियों के प्रदेशों की राशि जितने हैं। इन श्रेणियों की विष्कंभसूची असंख्यात कोटाकोटि योजनों की जानना चाहिए। इतने प्रमाण वाली विष्कंभ (विस्तार) सूची असंख्यात श्रेणियों के वर्गमूल रूप होती है। किसी राशि को उसी राशि से गुणा करने पर वर्गफल आता है। जिस राशि से गुणा किया था वह उस वर्गफल का वर्गमूल होता है। इसका तात्पर्य यह है कि आकाशश्रेणी में रहे हुए समस्त प्रदेश असंख्यात होते हैं, जिनको कल्पना से ६५,५३६ समझ लें। यह ६५,५३६ की संख्या असंख्यात की सूचक मान लें। इस संख्या का प्रथम वर्गमूल २५६, दूसरा वर्गमूल १६, तीसरा वर्गमूल ४ तथा चौथा वर्गमूल २ हुआ। ये कल्पित वर्गमूल असंख्यात वर्गमूल रूप हैं। इन वर्गमूलों का जोड़ करने पर (२५६ + १६ + ४ + २ = २७८) दो सौ अठहत्तर हुआ। यह २७८ प्रदेशों वाली विष्कम्भसूची है।

अब इसी शरीरप्रमाण को दूसरे प्रकार से बताने के लिए सूत्र में पद दिया है-"...... **पयरं अवहीरइ असंखेज्जाहिं उस्सप्पिणि-ओसप्पिणीहिं कालओ।**" अर्थात् द्वीन्द्रिय जीवों के बद्ध औदारिकशरीरों से यदि सब प्रतर खाली किया जाये तो असंख्यात उत्सर्पिणी-अवसर्पिणी कालों के समयों से वह समस्त प्रतर द्वीन्द्रिय जीवों के बद्ध औदारिकशरीरों से खाली किया जा सकता है और क्षेत्र की अपेक्षा "**अंगुलपयरस्स आवलियाए यं असंखेज्जइभागं पडिभागेणं।**" अर्थात् अंगुल प्रतर के जितने प्रदेश हैं उनको एक-एक द्वीन्द्रिय जीवों से भरा जाये और फिर उन प्रदेशों से आवलिका के असंख्यातवें भाग रूप समय में

एक-एक द्वीन्द्रिय जीव को निकाला जाये तो आवलिका के असंख्यात भाग लगते हैं। इतने प्रदेश अंगुल प्रतर के हैं। उस प्रतर के जितने प्रदेश हैं, उतने द्वीन्द्रिय जीवों के बद्ध औदारिकशरीर हैं। इस प्रकार से बताई गई संख्या में पूर्वोक्त कथन से कोई भेद नहीं है, मात्र कथन-शैली की भिन्नता है।

(2) The details about (five kinds of) bodies of three and four-sensed beings should be read just as the details about the (five kinds of) bodies of two-sensed beings.

Elaboration—This aphorism details the bound and abandoned bodies of two to four sensed beings. Two sensed beings, being the model, are explained as follows—

The *baddh audarik shariras* (bound gross physical bodies) are innumerable. The quantum of this 'innumerable' in terms of time is the total number of *Samayas* in innumerable *utsarpini-avasarpini* (progressive-regressive cycles of time). In terms of area they are equal to space-points in innumerable *Shrenis* in the innumerable fraction of one *pratar* (see aphorism 356-357). Expressed in *vishkambh-suchi* (wide rows) the *Shrenis* are equal to innumerable *Kotakoti yojans*. This is equal to the sum of square roots of innumerable *Shrenis* (progressions). A number multiplied by the same number gives the square of that number. This number is the square root of the square so obtained. To understand this *vishkambh-suchi* let us take an example of finite numbers. The total number of space-points in an *akash-shreni* is innumerable. Let us assume this 'innumerable' to be 65,536. The first square root of this number is 256, the second square root is 16, the third is 4 and the fourth is 2. When we add these square roots (256 + 16 + 4 + 2), we get the figure 278. This is a *vishkambh-suchi* having 278 space-points.

    - 1. *Sutragam* (scriptural knowledge of the text)
    - 2. *Arthagam* (scriptural knowledge of the meaning)
    - 3. *Tadubhayagam* (scriptural knowledge of both)
    - 1. *Atmagam* (self-acquired scriptural knowledge)
    - 2. *Anantaragam* (scriptural knowledge acquired in immediate succession)
    - 3. *Paramparagam* (scriptural knowledge acquired through lineage)

४७१. से किं तं दंसणगुणप्पमाणे ?

दंसणगुणप्पमाणे चउव्विहे पण्णत्ते। तं जहा–१. चक्खुदंसणगुणप्पमाणे, २. अचक्खुदंसणगुणप्पमाणे, ३. ओहिदंसणगुणप्पमाणे, ४. केवलदंसणगुणप्पमाणे य।

चक्खुदंसणं चक्खुदंसणिस्स घड–पड–कड–रधादिएसु दव्वेसु,

अचक्खुदंसणं अचक्खुदंसणिस्स आयभावे,

ओहिदंसणं ओहिदंसणिस्स सव्वरूविदव्वेहिं न पुण सव्वपज्जवेहिं,

केवलदंसणं केवलदंसणिस्स सव्वदव्वेहिं सव्वपज्जवेहि य। से तं दंसणगुणप्पमाणे।

४७१. (प्र.) दर्शनगुणप्रमाण क्या है?

(उ.) दर्शनगुणप्रमाण चार प्रकार का है। यथा–(१) चक्षुदर्शनगुणप्रमाण, (२) अचक्षुदर्शनगुणप्रमाण, (३) अवधिदर्शनगुणप्रमाण, और (४) केवलदर्शनगुणप्रमाण।

(१) चक्षुदर्शनी का चक्षुदर्शन घट, पट, कट, रथ आदि द्रव्यों में (रूपी पदार्थ को देखने में) होता है।

(२) अचक्षुदर्शनी का अचक्षुदर्शन आत्मभाव में होता है (अर्थात् चक्षु के अतिरिक्त अन्य चार इन्द्रियों एवं मन से होने वाला सामान्य बोध घटादि पदार्थों (ज्ञेय) के साथ ज्ञाता का संश्लेष–संयोग होने पर होता है)।

(३) अवधिदर्शनी का अवधिदर्शन सभी रूपी द्रव्यों में होता है, किन्तु सभी पर्यायों में नहीं होता है।

(४) केवलदर्शनी का केवलदर्शन सर्व द्रव्यों और सर्व पर्यायों में होता है। यही दर्शनगुणप्रमाण है।

DARSHAN GUNA PRAMANA

471. (Q.) What is this *Darshan Guna Pramana* (standard of validation by perception-attributes) ?

(Ans.) *Darshan Guna Pramana* (standard of validation by perception-attributes) is of four kinds—(1) *Chakshu-darshan Guna Pramana* (standard of validation by attributes of visual perception), (2) *Achakshu-darshan Guna Pramana* (standard of validation by attributes of non-visual perception), (3) *Avadhi-*

darshan Guna Pramana (standard of validation by attributes of extrasensory perception of the physical dimension), and (4) *Keval-darshan Guna Pramana* (standard of validation by attributes of omni-perception).

(1) *Chakshu-darshan* (visual perception) of a person endowed with that capacity covers pitcher, cloth, mat, chariot and other such material things.

(2) *Achakshu-darshan* (non-visual perception) of a person endowed with that capacity covers things that come in contact with the self (this contact is through faculties other than visual perception, i.e. the remaining four sense organs and mind).

(3) *Avadhi-darshan* (extrasensory perception of the physical dimension) of a person endowed with that capacity covers all material things having a form but not all their modes or variant states.

(4) *Keval-darshan* (omni-perception) of a person endowed with that capacity covers all material things having a form and also all their modes or variant states.

This concludes the description of *Darshan Guna Pramana* (standard of validation by perception-attributes).

चारित्रगुणप्रमाण

४७२. से किं तं चरित्तगुणप्पमाणे ?

चरित्तगुणप्पमाणे पंचविहे पण्णत्ते। तं जहा–१. सामाइयचरित्तगुणप्पमाणे, २. छेदोवट्ठावणियचरित्तगुणप्पमाणे, ३. परिहारविसुद्धियचरित्तगुणप्पमाणे, ४. सुहुमसंपरायचरित्तगुणप्पमाणे, ५. अहक्खायचरित्तगुणप्पमाणे।

१. सामाइयचरित्तगुणप्पमाणे दुविहे पण्णत्ते। तं जहा–इत्तरिए य आवकहिए य।

२. छेदोवट्ठावणियचरित्तगुणप्पमाणे दुविहे पण्णत्ते। तं जहा–सातियारे य निरतियारे य।

३. परिहारविसुद्धियचरित्तगुणप्पमाणे दुविहे पण्णत्ते। तं जहा–णिव्विसमाणए य णिव्विट्ठकायिए य।

४. सुहुमसंपरायचरित्तगुणप्पमाणे दुविहे पण्णत्ते। तं जहा–संकिलिस्समाणयं च विसुज्झमाणयं च।

५. अहक्खायचरित्तगुणप्पमाणे दुविहे पण्णत्ते। तं जहा–पडिवाई य अपडिवाई य–छउमत्थे य केवलिए य। से तं चरित्तगुणप्पमाणे। से तं जीवगुणप्पमाणे। से तं गुणप्पमाणे।

।। आगम प्रमाणे त्ति पयं सम्मत्तं ।।

४७२. (प्र.) चारित्रगुणप्रमाण क्या है?

(उ.) चारित्रगुणप्रमाण के पाँच भेद हैं। यथा–(१) सामायिकचारित्रगुणप्रमाण, (२) छेदोपस्थापनीयचारित्रगुणप्रमाण, (३) परिहारविशुद्धिचारित्रगुणप्रमाण, (४) सूक्ष्मसंपरायचारित्रगुणप्रमाण, (५) यथाख्यातचारित्रगुणप्रमाण।

(१) सामायिकचारित्रगुणप्रमाण दो प्रकार का है–(क) इत्वरिक, और (ख) यावत्कथिक।

(२) छेदोपस्थापनीयचारित्रगुणप्रमाण के दो भेद हैं–(क) सातिचार, और (ख) निरतिचार।

(३) परिहारविशुद्धिचारित्रगुणप्रमाण दो प्रकार का है–(क) निर्विश्यमानक, और (ख) निर्विष्टकायिक।

(४) सूक्ष्मसंपरायचारित्रगुणप्रमाण दो प्रकार का है–(क) संक्लिश्यमानक, और (ख) विशुद्ध्यमानक।

(५) यथाख्यातचारित्रगुणप्रमाण के दो भेद हैं–(क) प्रतिपाती, और (ख) अप्रतिपाती। अथवा (क) छाद्‌मस्थिक, और (ख) कैवलिक।

यह चारित्रगुणप्रमाण का स्वरूप है। जीव गुणप्रमाण तथा गुणप्रमाण का कथन समाप्त हुआ।

विवेचन–चारित्र के वर्णन में सर्वप्रथम 'चारित्र' शब्द का अर्थ समझें तो अधिक उपयोगी रहेगा। आचार्यों ने शब्द की दृष्टि से और अर्थ की दृष्टि से चारित्र की भिन्न-भिन्न परिभाषाएँ दी हैं।

चारित्र की परिभाषा–वृत्तिकार मलधारी हेमचन्द्र ने शब्द की दृष्टि से चारित्र का अर्थ किया है–**"चरति अनिन्दितमनेनेति चारित्रम्।"**–जिसको धारण करके मनुष्य अनिन्दित-श्रेष्ठ आचरण करता है, वह है चारित्र। (वृत्ति पत्रांक २०१)

निम्न व्याख्या अर्थ या भाव की दृष्टि को अधिक स्पष्ट करती है–

"अष्टविधकर्म चयरिक्तीकरणात् चारित्रम्।"–आठ प्रकार के कर्मों के चय (समूह) को रिक्त–खाली करने की साधना चारित्र है। (विशेषावश्यकभाष्य जिनभद्रगणि)

चारित्र के भेद–आचार्यों ने विविध अपेक्षाओं से चारित्र के अनेक भेद बताये हैं–

एक भेद–सांसारिक प्रवृत्तियों से निवृत्ति रूप चारित्र एक है।

दो भेद–व्यवहार और निश्चय दृष्टि से चारित्र के दो भेद हैं। इन्द्रिय–संयम तथा प्राणि–संयम रूप चारित्र के दो भेद होते हैं।

तीन भेद–औपशमिक, क्षायिक और क्षायोपशमिक चारित्र।

चार भेद–सराग संयम और वीतराग संयम (छद्मस्थ का) अयोग चारित्र और सयोग चारित्र (वीतराग का)।

पाँच भेद–प्रस्तुत सूत्र में बताये हैं।

इसी तरह निवृत्ति रूप परिणामों की तरतमता की अपेक्षा चारित्र के संख्यात, असंख्यात और अनन्त भेद हो सकते हैं।

(१) **सामायिकचारित्र**–आगमों के व्याख्याकार आचार्यों का कथन है कि वास्तव में तो सामायिक रूप चारित्र एक ही प्रकार का है। क्योंकि समस्त सावद्य प्रवृत्तियों का त्याग करना और रागरहित आत्मा का 'सम अवस्था'–समभाव में स्थित रहना, सामायिक है और यही चारित्र है। फिर भी प्रायश्चित्त, विशिष्ट तपश्चरण और विशेष निर्मलता की दृष्टि से यहाँ उसके पाँच भेद बताये हैं। इनमें से सामायिक चारित्र के दो भेद हैं–

(क) इत्वरकालिक (अल्पकालिक) सामायिकचारित्र–प्रथम व अन्तिम तीर्थंकरों के शासन में जब तक पाँच महाव्रतों का आरोपण नहीं किया जाता, तब तक जघन्य ७ दिन, मध्यम ४ मास और उत्कृष्ट ६ मास तक सामायिकचारित्र में रखा जाता है। उसके बाद छेदोपस्थापनीय (बड़ी दीक्षा) चारित्र अंगीकार किया जाता है।

(ख) यावत्कथिक (यावज्जीवन)–बीच के २२ तीर्थंकरों के शासन में सामायिकचारित्र यावज्जीवन काल का होता है। क्योंकि इन तीर्थंकरों के शिष्यों को दूसरी बार सामायिकचारित्र नहीं दिया जाता। प्रथम बार में अंगीकृत मुनि–दीक्षा ही उनके जीवनभर के लिए होती है।

(२) **छेदोपस्थापनीयचारित्र**–छेद + उपस्थापन = जिस चारित्र में पूर्व पर्याय का छेदन (काट) कर पुनः महाव्रतों का आरोपण किया जाता है उसे छेदोपस्थापनीय कहते हैं। इसके दो भेद हैं–

(क) सातिचार–व्रत भंग हो जाने पर या दोष सेवन करने पर उसकी शुद्धि करके पुनः महाव्रतारोपण करना। यह प्रथम व अन्तिम तीर्थंकरों के शासन में ही होता है।

(ख) निरतिचार–प्रथम दीक्षा के बाद (इत्वर सामायिक वाले मुनियों को) पुनः महाव्रतारोपण कराना (बड़ी दीक्षा देना) अथवा एक तीर्थ से दूसरे तीर्थ में जाने वाले साधुओं को महाव्रतारोपण कराना।

(३) **परिहारविशुद्धिचारित्र**–जिस चारित्र साधना में 'परिहार' अर्थात् तप विशेष द्वारा कर्म निर्जरा रूप विशेष शुद्धि होती है, वह परिहार + विशुद्धिचारित्र है।

मलधारीया वृत्ति के आधार पर आचार्य श्री आत्माराम जी म. ने परिहारविशुद्धिचारित्र की निम्न विधि का वर्णन किया है–

परिहारविशुद्धिचारित्र की विधि–स्वयं तीर्थंकर भगवान के समीप या तीर्थंकर भगवान के समीप रहकर जिसने पहले परिहारविशुद्धिचारित्र अंगीकार किया है, उस साधु के पास यह चारित्र अंगीकार किया जाता है। परिहार तप ९ साधुओं का गण अंगीकार करता है। इनमें से ४ साधु तप ग्रहण करते हैं, जो **पारिहारिक** कहलाते हैं। इनमें से चार परस्पर वैयावृत्य (सेवा) करते हैं, जो **आनुपारिहारिक** कहलाते हैं। एक साधु कल्पस्थित होता है जो गुरु रूप में रहता है, जिसके पास पारिहारिक एवं आनुपारिहारिक साधु आलोचना, वन्दना, प्रत्याख्यान करते हैं। वह सभी समाचारी का पालन करता है। पारिहारिक साधु ग्रीष्म ऋतु में जघन्य एक उपवास, मध्यम बेला (दो उपवास) और उत्कृष्ट तेला (तीन उपवास) तप करते हैं तथा शिशिर ऋतु में जघन्य बेला, मध्यम तेला और उत्कृष्ट चौला (४ उपवास) तप करते हैं। इसी प्रकार वर्षाकाल में जघन्य तेला, मध्यम चौला और उत्कृष्ट पचौला (५ उपवास) तप करते हैं। शेष चार आनुपारिहारिक और कल्पस्थित ये पाँचों ही साधु प्रायः प्रतिदिन आहार करते हैं, उपवास आदि नहीं करते। आहार भी आयंबिल के सिवाय और कुछ नहीं करते अर्थात् प्रतिदिन लगातार आयंबिल ही करते हैं। इस प्रकार पारिहारिक साधु छह मास तक तप करते हैं। छह मास तक तप करने के बाद वे (पारिहारिक साधु) आनुपारिहारिक बन जाते हैं। अर्थात्–पारिहारिकों की वैयावृत्य करने वाले हो जाते हैं और जो पहले वैयावृत्य (आनुपारिहारिक) करते थे, वे अब पारिहारिक बन जाते हैं और छह मास तक पूर्ववत् तप करते हैं।

छह मास तप करने के बाद वे आनुपारिहारिक (वैयावृत्यशील) बन जाते हैं, अर्थात् तप करने लग जाते हैं। यह क्रम भी पूर्ववत् छह मास तक चलता है। इसी प्रकार ८ साधुओं के द्वारा तप कर लेने पर एक को गुरुपद पर स्थापित किया जाता है और शेष ७ वैयावृत्य करते हैं और गुरुपद पर रहा हुआ साधु तप करना शुरू करता है। यह भी छह मास तक लगातार तप करता है। यों १८ मास में इस तप का कल्प पूर्ण होता है। परिहार तप के पूर्ण होने पर या तो वे साधु इसी कल्प को पुनः प्रारम्भ करते हैं या जिनकल्प धारण कर लेते हैं, या फिर वे वापस गच्छ में आ जाते हैं। इस प्रकार ये तीन रास्ते हैं, उनके लिए। यह चारित्र (कल्प) सिर्फ छेदोपस्थापनिकचारित्र वालों के ही होता है, दूसरों के नहीं।

परिहारविशुद्धिचारित्र के दो भेद हैं–**(क) निर्विश्यमानक** (आसेव्यमानक) तप करने वाले साधु, तथा **(ख) निर्विष्टकायिक**–सेवा करने वाले तथा आलोचना कराने वाले गुरु का चारित्र।

(४) सूक्ष्मसंपरायचारित्र–संपराय का अर्थ है–क्रोधादि कषाय। जिस चारित्र में संज्वलन आदि सूक्ष्म कषायों का अंश विद्यमान हो। इसके भी दो भेद हैं–

(क) संक्लिश्यमानक–उपशम श्रेणी से गिरते हुए साधु के परिणाम संक्लेशयुक्त होते हैं, अतः उसका चारित्र संक्लिश्यमानक है।

तपाराधक–पारिहारिक

चित्र परिचय १६

Illustration No. 16

परिहारविशुद्धि चारित्र की आराधना

परिहारविशुद्धि चारित्र की आराधनाकाल में ६ मास तक चार मुनि तप करते हैं वे **पारिहारिक** तथा चार उनकी वैयावृत्य करते हैं वे **आनुपारिहारिक** कहलाते हैं। गुरु स्थान पर आसीन मुनि **कल्पस्थित**, जो उनको प्रत्याख्यान, आलोचना आदि कराते हैं। यह तप आराधना १८ मास में पूर्ण होती है।

—सूत्र ४७२, पृष्ठ ३१०

PROCEDURE OF PARIHARAVISHUDDHI CHARITRA

During this practice four ascetics actually perform the austerities for 6 months and they are called *Pariharik*. Four other ascetics render services and are called *Anupariharik*. An ascetic who acts like a guru and supervises all activities including the rituals of critical review, paying homage and atonement is called *Kalpasthit*. This practice is concluded in 18 months.

—Aphorism 472, p. 310

(ख) **विशुद्ध्यमानक**–उपशम श्रेणी तथा क्षपक श्रेणी पर चढ़ते हुए साधु के परिणाम उत्तरोत्तर विशुद्ध होते हैं, उसका चारित्र।

(५) **यथाख्यातचारित्र**–कषायोदय का सर्वथा अभाव होने से अतिचाररहित विशुद्ध चारित्र। इसके दो भेद हैं–

(क) **छाद्मस्थिक**–११वें गुणस्थानवर्ती छद्मस्थ मुनि का चारित्र–इसमें मोह सर्वथा क्षीण नहीं होता, उपशान्त रहता है। अतः यह प्रतिपाति कहा जाता है।

(ख) **कैवलिक**–बारहवें गुणस्थान में प्रवेश करते ही मोह क्षीण हो जाता है। फिर वह आगे १३वें तथा १४वें गुणस्थान में ही पहुँचता है। क्षीण मोह मुनि का चारित्र अप्रतिपाति है। पाँच चारित्र के सम्बन्ध में विस्तृत वर्णन के लिए ज्ञान मुनि कृत हिन्दी टीका पृ. ८१०-८१८ तथा जैन सिद्धान्त बोल संग्रह, भाग १ देखना चाहिए।

॥ आगम प्रमाणपद प्रकरण समाप्त ॥

CHARITRA GUNA PRAMANA

472. (Q.) What is this *Charitra Guna Pramana* (standard of validation by conduct-attributes)?

(Ans.) *Charitra Guna Pramana* (standard of validation by conduct-attributes) is of five kinds—(1) *Samayik Charitra Guna Pramana* (standard of validation by attributes of conduct of abstinence from all sinful activities including killing of living beings), (2) *Chhedopasthaniya Charitra Guna Pramana* (standard of validation by attributes of conduct of re-initiation after rectifying faults), (3) *Pariharavishuddhi Charitra Guna Pramana* (standard of validation by attributes of conduct of higher austerities leading to purity), (4) *Sukshmasamparaya Charitra Guna Pramana* (standard of validation by attributes of conduct of the level where only residual subtle passions exist), (5) *Yathakhyat Charitra Guna Pramana* (standard of validation by attributes of conduct defined as perfect).

(1) *Samayik Charitra Guna Pramana* is of two kinds—(a) *Itvarik* (temporary), and (b) *Yavatkathit* (life-long).

(2) *Chhedopasthaniya Charitra Guna Pramana* is of two kinds—(a) *Satichar* (with rectification of faults), and (b) *Niratichar* (without rectification of faults as no faults appear).

(3) *Pariharavishuddhi Charitra Guna Pramana* is of two kinds—(a) *Nirvishyamanak* (conduct of the ascetic observing austerities), and (b) *Nirvishtakayik* (conduct of the serving and supervising ascetics).

(4) *Sukshmasamparaya Charitra Guna Pramana* is of two kinds—(a) *Sanklishyamanak* (tending to deteriorate), and (b) *Vishudhyamanak* (tending to get purified).

(5) *Yathakkhyat Charitra Guna Pramana* is of two kinds—(a) *Pratipati* (with chances of falling), and (b) *Apratipati* (without chances of falling). Or (a) *Chhadmastik* (related to the state of bondage), and (b) *Kaivalik* (related to the state of omniscience).

This concludes the description of *Charitra Guna Pramana* (standard of validation by conduct-attributes). This concludes the description of *Jiva Guna Pramana* (standard of validation of the living or soul by attributes). This also concludes the description of *Guna Pramana* (standard of validation by attributes).

Elaboration—While describing *charitra* (conduct) it is important to first understand the meaning of the word. *Acharyas* have given various definitions of *charitra* in context of etymology and meaning.

The definition—The verbal meaning given by Maladhari Hemachandra, the commentator (*Vritti*), is—following which man behaves in a pleasant (excellent) manner is called *charitra* (conduct). (*Vritti* leaf 201)

The following elaboration further clarifies the meaning or the idea contained—

The practice of getting rid of the heap of eight types of *karmas* is called *charitra* (ascetic-conduct). (*Visheshavashyak Bhashya* by Jinabhadragani)

Kinds of *charitra*—From different angles different categories have been stated by *acharyas*—

One kind—The *charitra* (ascetic-conduct) of renouncing mundane indulgences is of single kind.

Two kinds—From empirical and transcendental viewpoints *charitra* (ascetic-conduct) is of two kinds. Two kinds are also discipline of the sense organs and discipline in behaviour with beings.

Three kinds—*Aupashamik charitra* (ascetic-conduct leading to pacification of *karmas*), *kshayik charitra* (ascetic-conduct leading to extinction of *karmas*) and *kshayopashamik charitra* (ascetic-conduct leading to pacification-cum-extinction of *karmas*).

Four kinds—*Sarag* (with attachment) and *Vitarag* (without attachment in case of *Chhadmasth*); *Ayoga* (not involving mind, speech and body activities) and *Sayoga* (involving activities of mind, speech and body) in case of omniscients.

Five kinds—As mentioned in this aphorism.

This way there can be countable, innumerable and infinite kinds of conduct depending on the degree of detachment.

(1) *Samayik Charitra*—The *acharyas* who have written commentaries on *Agams* say that *charitra* (ascetic-conduct) in the form of *Samayik* (equanimity), in fact, is only of one kind. This is because, to renounce all sinful attitudes and indulgences and maintain a detached and equanimous state of the soul is called *Samayik;* and the definition of *charitra* (ascetic-conduct) is also the same. However, here five categories of *charitra* (ascetic-conduct) have been classified based on atonement, special austerities and higher levels of purity. Of these *Samayik Charitra* is of two kinds—

(a) *Itvarik* or *Itvarkalik* (temporary or for a limited period)—During the period of influence of the first and the last *Tirthankars,* prior to accepting five great vows an initiate accepts *Samayik Charitra* temporarily for a limited duration of seven days or four months or six months. After completion of this period he is finally initiated as an ascetic for life. At this point he accepts the *Chhedopasthapaniya Charitra.*

(b) *Yavatkathit* (life-long)—During the period of influence of the remaining twenty two *Tirthankars* the initiation as an ascetic into the *Samayik Charitra* is for the duration of life right at the first instance. There is no probation-type short-term initiation.

(2) *Chhedopasthaniya Charitra*—When earlier mode or status of initiation is rectified and the person is re-initiated into the five great vows it is called *Chhedopasthaniya Charitra.* This is of two kinds—

(a) *Satichar*—To get re-initiated after rectifying and atoning for committed faults or breaking vows. This practice prevails only during the period of influence of the first and last *Tirthankars.*

(b) *Niratichar*—To get re-initiated after the end of the periodic temporary initiation. This is also done when an ascetic shifts from one *Tirth* (religious ford to another), as in case of the ascetics of the tradition of *Parshvanath* shifting to that of *Mahavir*.

(3) *Pariharavishuddhi Charitra*—The conduct where higher purity (*vishuddhi*) of soul by way of shedding *karmas* is pursued through specific rigorous austerities (*parihar*) is called *Pariharavishuddhi Charitra*.

On the basis of the commentary (*Vritti*) by Maladhari Hemachandra, Acharya Atmaram ji M. has described the following procedure of *Pariharavishuddhi Charitra*—

This *charitra* is accepted under the guidance of the *Tirthankar* himself or some ascetic who has successfully followed *Pariharavishuddhi Charitra* under the *Tirthankar*. It is accepted and performed in a batch of nine ascetics. Of these, four actually perform the austerities and are called *Pariharik*. Four other ascetics render services and look after the needs of the actual performers; they are called *Anupariharik*. All these activities are supervised and guided by the ninth ascetic who acts like a *guru* and is called *Kalpasthit*. He observes the complete ascetic-praxis and the other ascetics perform the rituals of critical review, paying homage and atonement. The *Pariharik* ascetics observe one, two or three day fasting during the summer season; two day, three day or four day fasting during the winter season; and three day, four day or five day fasting during the monsoon season. The remaining five, four *Anupariharik* and one *Kalpasthit*, eat almost everyday avoiding any fasting. During this six month period the only food all these nine ascetics eat is the *Ayambil* food (food cooked with a single ingredient even without any salt or other condiments and taken once a day). This continues for six months, after which the functions of *Pariharik* and *Anupariharik* ascetics are interchanged for the next six months.

After this, in the thirteenth month, one of the eight becomes *Kalpasthitik* ascetic or the *guru* and the remaining seven attend to him. For next six months this *guru* performs the austerities. Thus this specific practice is concluded in 18 months. After its completion the ascetics either commence it once again or accept *Jinakalp* (even higher level of austerities) or they may return to their parent *Gachh* (sect).

These are the three paths open to such ascetics. This practice is meant only for those at the *Chhedopasthaniya Charitra* level and none other.

As already explained, this is of two kinds—**(a)** ***Nirvishyamanak*** (conduct of the ascetic observing austerities), and **(b)** ***Nirvishtakayik*** (conduct of the serving and supervising ascetics).

(4) ***Sukshmasamparaya Charitra***—*Samparaya* means passions (anger, conceit, deceit and greed). The *Charitra* (ascetic-conduct) where the residue of subtle passions continues to exist is called *Sukshmasamparaya Charitra.* This is of two kinds—

(a) ***Sanklishyamanak***—An ascetic tending to fall from the higher levels of state of pacification of *karmas (Upasham Shreni)* has a tendency of continuously tarnishing or deteriorating attitude; the *Charitra* (ascetic-conduct) of such individual is *Sanklishyamanak.*

(b) ***Vishudhyamanak***—An ascetic tending to rise on the higher levels of state of pacification of *karmas (Upasham Shreni)* and extinction of *karmas (Kshapak Shreni)* has a tendency of progressively purifying attitude; the *Charitra* (ascetic-conduct) of such individual is *Vishudhyamanak.*

(5) ***Yathakhyat Charitra***—In complete absence of fruition of passions the perfect *Charitra* (ascetic-conduct) free of any transgressions is *Yathakhyat Charitra.* This is of two kinds—

(a) ***Chhadmastik***—This is the *Charitra* (ascetic-conduct) of a *Chhadmast* ascetic (in the state of bondage) at the eleventh *Gunasthan* (level of purity of soul). As fondness is only pacified and not completely extinct here, there are chances of his regression or fall. Therefore it is also called *Pratipati.*

(b) ***Kaivalik***—As the aspirant reaches the twelfth *Gunasthan* (level of purity of soul) the fondness reduces to very subtle level. From here he only progresses to thirteenth and fourteenth *Gunasthans* (levels of purity of soul). There is no chance of his regression or fall. Therefore it is also called *Apratipati.* (for more details refer to *Tika of Anuyogadvar Sutra* by Shri Jnana Muni, p. 810-818)

● END OF THE DISCUSSION ON AGAM PRAMANA ●

नयप्रमाण-प्रकरण
THE DISCUSSION ON NAYA PRAMANA

नयप्रमाण

४७३. से किं तं नयप्पमाणे ?

नयप्पमाणे तिविहे पण्णत्ते। तं जहा–पत्थयदिट्ठंतेणं वसहिदिट्ठंतेणं पएसदिट्ठंतेणं।

४७३. (प्र.) नयप्रमाण क्या है?

(उ.) नयप्रमाण का स्वरूप तीन दृष्टान्तों द्वारा स्पष्ट किया गया है। जैसे कि–(१) प्रस्थक के दृष्टान्त द्वारा, (२) वसति के दृष्टान्त द्वारा, और (३) प्रदेश के दृष्टान्त द्वारा।

NAYA PRAMANA

473. (Q.) What is this *naya pramana* ?

(Ans.) *Naya pramana* (standard of validation of viewpoints) is said to be of three kinds—(explained by—) (1) *Prasthak dristant* (example of wooden measuring pot), (2) *Vasati dristant* (example of an abode), and (3) *Pradesh dristant* (example of space-point).

प्रस्थकदृष्टान्त द्वारा नय निरूपण

४७४. से किं तं पत्थगदिट्ठंतेणं ?

पत्थगदिट्ठंतेणं से जहानामए केइ पुरिसे परसुं गहाय अडविहुत्ते गच्छेज्जा, तं च केइ पासित्ता वदेज्जा–कत्थ भवं गच्छसि ? अविसुद्धो नेगमो भणति–पत्थगस्स गच्छामि।

तं च केइ छिंदमाणं पासित्ता वइज्जा–किं भवं छिंदसि ? विसुद्धो नेगमो भणति–पत्थयं छिंदामि।

तं च केइ तच्छेमाणं पासित्ता वदेज्जा–किं भवं तच्छेसि ? विसुद्धतराओ णेगमो भणति–पत्थयं तच्छेमि।

तं च केइ उक्किरमाणं पासित्ता वदेज्जा–किं भवं उक्किरसि ? विसुद्धतराओ णेगमो भणति–पत्थयं उक्किरामि।

तं च केइ लिहमाणं पासेत्ता वदेज्जा–किं भवं लिहसि ? विसुद्धतराओ णेगमो भणति–पत्थयं लिहामि।

एवं विसुद्धतरागस्स णेगमस्स नामाउडिओ पत्थओ।

एवमेव ववहारस्स वि।

संगहस्स चिओ मिओ मिज्जसमारूढो पत्थओ।

उजुसुयस्स पत्थओ वि पत्थओ मिज्जं पि से पत्थओ।

तिण्हं सद्दणयाणं पत्थयाहिगारजाणओ पत्थओ जस्स वा वसेणं पत्थओ निप्फज्जइ। से तं पत्थयदिट्ठंतेणं।

४७४. (प्र.) प्रस्थकदृष्टान्त (द्वारा प्ररूपित नयप्रमाण) क्या है?

(उ.) जैसे कोई पुरुष परशु (कुल्हाड़ी) लेकर वन की ओर जाता है। उसे देखकर किसी ने पूछा–"आप कहाँ जा रहे हैं?" तब अविशुद्ध नैगमनय के मतानुसार उसने कहा–"प्रस्थक लेने के लिए जा रहा हूँ।"

फिर वृक्ष को छेदन करते–काटते हुए देखकर कोई कहता है–"आप क्या काट रहे हैं?" तब उसने विशुद्ध नैगमनय के अनुसार उत्तर दिया–"मैं प्रस्थक काट रहा हूँ।"

तदनन्तर कोई उस लकड़ी को छीलते देखकर पूछता है–"आप यह क्या छील रहे हैं?" तब विशुद्धतर नैगमनय की दृष्टि से उसने कहा–"प्रस्थक छील रहा हूँ।"

तत्पश्चात् कोई काष्ठ के मध्य भाग को उत्कीर्ण करते (उकेरते) देखकर पूछता है–"आप यह क्या उकेर रहे हैं।" तब विशुद्धतर नैगमनय के अनुसार उसने उत्तर दिया–"मैं प्रस्थक उकेर रहा हूँ।"

फिर कोई उस उत्कीर्ण काष्ठ पर प्रस्थक का आकार लिखते देखकर कहता है–"आप यह क्या लिख रहे हैं?" तो विशुद्धतर नैगमनयानुसार उत्तर देता है–"प्रस्थक अंकित कर रहा हूँ।"

इसी प्रकार से जब तक सम्पूर्ण प्रस्थक बनकर तैयार न हो जाये, तब तक प्रस्थक सम्बन्धी प्रश्नोत्तर करना चाहिए।

इसी प्रकार व्यवहारनय भी पूर्वोक्त सभी अवस्थाओं को प्रस्थक मानता है।

संग्रहनय के मत से धान्य से भरा हुआ प्रस्थक ही प्रस्थक कहा जाता है।

ऋजुसूत्रनय के मत से प्रस्थक भी प्रस्थक है और मेय वस्तु (उससे मापी गई धान्यादि वस्तु) भी प्रस्थक है।

तीनों शब्दनयों (शब्द, समभिरूढ़ और एवंभूत) के मतानुसार प्रस्थक के अर्थाधिकार को जानने वाले व्यक्ति को अथवा प्रस्थक के स्वरूप के परिज्ञान में उपयुक्त जीव अथवा प्रस्थककर्त्ता का वह उपयोग जिससे प्रस्थक निष्पन्न होता है उसमें वर्तमान कर्त्ता प्रस्थक है।

इस प्रकार प्रस्थक के दृष्टान्त द्वारा नयप्रमाण का स्वरूप जानना चाहिए।

विवेचन—जैनदर्शन अनेकान्तवादी दर्शन है। इसकी मान्यता है कि संसार में प्रत्येक वस्तु अनन्त धर्मात्मक होती है। एक व्यक्ति एक बार में वस्तु के सभी धर्मों (गुणों) का कथन नहीं कर सकता, एक बार में उसके एक ही धर्म का कथन किया जा सकता है और बाकी धर्मों के प्रति मौन या तटस्थभाव रखा जाता है। इस शैली को जैनदर्शन में 'नय' कहा जाता है। जैसे वृत्तिकार मलयगिरि ने कहा है—"**अनन्तधर्मणो वस्तुनः एकांशेन नयनं नयः।**"—अनन्त धर्मात्मक वस्तु के किसी एक पक्ष का निरूपण करना तथा अन्य पक्षों के प्रति तटस्थ या मौन रहना नय है। यहाँ इसे ही नयप्रमाण कहा गया है। नय का विस्तृत वर्णन आगे सूत्र ६०६ में किया गया है। यहाँ पर प्रासंगिक होने से संक्षेप में इसका वर्णन किया जाता है।

संक्षेप में नय के दो भेद हैं—द्रव्यार्थिकनय और पर्यायार्थिकनय। वस्तु में रहे समान गुण-धर्म का कथन करना अर्थात् अभेद को प्रधानता देने वाला द्रव्यार्थिकनय है तथा विशेषगामी विचार अथवा भेद को मुख्यता देने वाला पर्यायार्थिकनय है। द्रव्यार्थिक के तीन भेद हैं—(१) नैगम, (२) संग्रह, और (३) व्यवहार; तथा पर्यायार्थिक के चार भेद हैं—(४) ऋजुसूत्र, (५) शब्द, (६) समभिरूढ़, तथा (७) एवंभूत।

(१) **नैगमनय** का विषय सबसे विशाल है। वह लोक रूढ़ि के अनुसार सामान्य और विशेष सबका ग्रहण करता है। इसके अविशुद्ध, विशुद्ध और विशुद्धतर तीन भेद प्रस्तुत सूत्र में बताये हैं।

(२) **संग्रहनय** केवल सामान्य को ग्रहण करता है। भिन्न-भिन्न वस्तुओं या व्यक्तियों में रही भिन्नता को गौण करके सामान्य समानता का प्रतिपादन करना इसका विषय है।

(३) **व्यवहारनय** का क्षेत्र उससे भी सीमित है। संग्रहनय के अनुसार ग्रहीत वस्तुओं में व्यावहारिक प्रयोजन के लिए यह भेद करता है।

ये तीनों नय एक-दूसरे से क्रमशः संकुचित हैं। फिर भी तीनों सामान्य का ग्रहण करते हैं अतः द्रव्यार्थिक कहे जाते हैं।

(४) **ऋजुसूत्रनय**—यह भूत-भविष्य की उपेक्षा करके वर्तमान पर्याय को ही ग्रहण करता है। इसी सरलता के कारण इसे 'ऋजु' कहा है।

(५) **शब्दनय**—ये शब्द के अर्थ को नहीं, किन्तु भाव को प्रधानता देता है। शब्द के लिंग, कारक आदि भेदों के कारण अर्थ में भेद मानता है।

(६) **समभिरूढ़नय**–जो विचार शब्द के रूढ़ अर्थ पर निर्भर नहीं रहकर व्युत्पत्ति के अनुसार समान अर्थ वाले शब्दों में भी भेद करता है, वह समभिरूढ़नय है।

(७) **एवंभूतनय**–शब्दार्थ के अनुसार क्रिया होने पर ही उस वस्तु को तद्रूप स्वीकार करता है। ये चारों उत्तरोत्तर संकुचित हैं। इन्हें पर्यायार्थिकनय कहा जाता है।

प्रस्तुत सूत्रों में नयप्रमाण को तीन दृष्टान्तों द्वारा समझाया गया है। उस समय मगध देश में प्रचलित धान्य मापने के एक 'पात्र' को प्रस्थक कहा जाता था। कल्पना करो कोई व्यक्ति 'प्रस्थक' बनाने के उद्देश्य से काठ लाने के लिए जंगल में जाता है। कोई रास्ते में उसे पूछता है–"तुम कहाँ जा रहे हो ?" वह कहता है–"मैं प्रस्थक के लिए जा रहा हूँ।" अविशुद्ध नैगमनय की दृष्टि से उसका यह उत्तर सही है। काठ कारण है और प्रस्थक कार्य है। कारण में कार्य का उपचार करना, यह नैगमनय का विषय है।

काष्ठ काटते समय पूछने पर वह कहता है–"मैं प्रस्थक काट रहा हूँ।" यह कथन विशुद्ध नैगमनय है। काष्ठ काटने और प्रस्थक बनाने में पहले की अपेक्षा कुछ निकटता है। काठ को छीलते समय–"मैं प्रस्थक को छील रहा हूँ।" यह उत्तर विशुद्धतर नैगमनय है।

व्यवहारनय नैगमनय के समान ही है। किन्तु संग्रहनय के अनुसार जो प्रस्थक धान्य से भरा हो, उसे ही प्रस्थक कहना चाहिए।

ऋजुसूत्र के अनुसार प्रस्थक और उसके द्वारा मापी गई वस्तु दोनों को ही प्रस्थक कहा जा सकता है।

अन्तिम तीनों शब्दनयों के अनुसार प्रस्थक के अर्थ को जानने वाला ही वास्तव में प्रस्थक कहलाता है अथवा उसके उपयोग–चैतन्य व्यापार को ही प्रस्थक माना जा सकता है।

प्रस्तुत सूत्र में नयों की परिभाषा नहीं करके नयों का प्रयोजन तथा उपयोग की दृष्टि से वर्णन है, जिसमें प्रस्थक, वसति और प्रदेश के तीन दृष्टान्त देकर नय शैली को उदाहरणों के साथ स्पष्ट कर दिया है।

PRASTHAK DRISTANT

474. (Q.) What is this *prasthak dristant* (example of wooden measuring pot) ?

(Ans.) *Prasthak dristant* (example of wooden measuring pot) is : For instance, a person goes into a forest carrying an axe. On seeing him someone asks—"Where do you go ?" He answers from *avishuddha Naigam naya* (the ambiguous co-ordinated viewpoint)—"I go for a *prasthak*." (it is a wooden measuring pot used as a measure for cereals in the Magadh country during that period).

Later, seeing him cutting a tree someone asks—"What do you cut ?" He answers from *vishuddha Naigam naya* (the

unambiguous or clear co-ordinated viewpoint)—"I cut a *prasthak* (wooden measuring pot)."

Then, seeing him chiseling the piece of wood someone asks—"What do you chisel ?" He answers from *vishuddhatar Naigam naya* (clearer co-ordinated viewpoint)—"I chisel a *prasthak* (wooden measuring pot)."

Then, seeing him carving the middle portion of the piece of wood someone asks—"What do you carve ?" He answers from *vishuddhatar Naigam naya* (still clear co-ordinated viewpoint)—"I carve a *prasthak* (wooden measuring pot)."

Then, seeing him engraving the carved piece of wood someone asks—"What do you engrave ?" He answers from *vishuddhatar Naigam naya* (still clear co-ordinated viewpoint)—"I engrave a *prasthak* (wooden measuring pot)."

This way questions and answers should be stated till the process of making a *prasthak* (wooden measuring pot) is concluded.

Same is true for *Vyavahar naya* (particularized viewpoint). (In other words the particularized viewpoint also accepts the aforesaid stages involved in the process of making a *prasthak* as *prasthak*).

According to *Samgraha naya* (generalized viewpoint) only a *prasthak* (wooden measuring pot) filled with grains is called *prasthak* (wooden measuring pot).

According to the *Rijusutra naya* (precisionistic viewpoint) a *prasthak* is, indeed, a *prasthak* but the measured thing (grains etc.) is also a *prasthak.*

According to the three *Shabda nayas* (verbal viewpoints) the person who knows the purview of the meaning of the word *prasthak* or he who is conversant with and involved in the use and making of a *prasthak* is called a *prasthak.*

This concludes the description of *prasthak dristant* (example of wooden measuring pot).

Elaboration—Jain philosophy is the philosophy of non-absolutism. It believes that everything in this world has infinite properties. No person

can describe all the properties and attributes of a thing at once. At one moment only one attribute can be stated and while doing that other attributes either remain untold or are ignored. This system of logic is called the *naya* system (system of viewpoints) in Jain philosophy. As has been stated by Malayagiri the commentator (*Vritti*)—To explicate one facet of a multifaceted thing and remain uninvolved with or silent about the other facets is called *naya*, Here this is taken to be *naya pramana* (standard of validation of viewpoints).

In simple terms there are two kinds of *naya*—*Dravyarthik naya* (existent material aspect) and *Paryayarthik naya* (transformational aspects). The first deals with the common properties and attributes of things and the second with the specific or special attributes. The first has assimilative approach and the second has analytical or reductionist approach. *Dravyarthik naya* (existent material aspect) has three categories—(1) *Naigam naya* (co-ordinated viewpoint), (2) *Samgraha naya* (generalized viewpoint), and (3) *Vyavahar naya* (particularized viewpoint); and *Paryayarthik naya* (transformational aspects) has four categories—(4) *Rijusutra naya* (precisionistic viewpoint), (5) *Shabda naya* (verbal viewpoint), (6) *Samabhirudha naya* (conventional etymological viewpoint), and (7) *Evambhuta naya* (viewpoint of exactness or that related to words used in original derivative sense and significance).

(1) *Naigam naya* (co-ordinated viewpoint) has the widest range. It accepts everything conventional, common or special. Here its three sub-categories have been mentioned—ambiguous, clear and more clear.

(2) *Samgraha naya* (generalized viewpoint) covers the generalities. It ignores the differences in different things or persons and establishes the common similarities.

(3) *Vyavahar naya* (particularized viewpoint) has even more limited scope. It separates the things covered in *Samgraha naya* (generalized viewpoint) from utilitarian angle based on specific use.

Although these three viewpoints have progressively diminishing range they still cover the generalities and are, therefore, called *Dravyarthik naya* (existent material aspect).

(4) *Rijusutra naya* (precisionistic viewpoint or that related to specific point or period of time) ignores past and future and covers only the

present state. For this inherent simplicity it is called *Rijusutra* (*riju* being minute or small).

(5) *Shabda naya* (verbal viewpoint or that related to language and grammar) is not much concerned with the meaning of a word but the message it conveys. It accepts variance in meaning based on grammatical attributes like gender, tense, number etc.

(6) *Samabhirudha naya* (conventional etymological viewpoint)—The standpoint that examines different etymological meanings of synonyms even. For example Indra, Shakra and Purandar being names of the king of gods are synonymous but there etymological meaning are different. Indra is one who has grandeur, Shakra is one who has power and Purandar is one who destroys cities.

(7) *Evambhuta naya* (viewpoint of exactness or that related to words used in original derivative sense and significance)—The standpoint that calls for use of right word for right action and not otherwise. For example the term Indra should be used only when the context is of grandeur and not when he is worshipping.

In these aphorisms *naya pramana* (standard of validation of viewpoints) has been explained with the help of three examples or illustrations. *Prasthak* was the name given to a wooden measuring pot used as a measure for cereals in the Magadh country during that period. Consider a person going into a forest to fetch wood for making a *prasthak*. On the way someone asks—"Where do you go ?" He replies—"I am going for a *prasthak.*" His answer is correct from *avishuddha Naigam naya* (the ambiguous co-ordinated viewpoint). Wood is cause and *prasthak* is effect. To install effect on cause is the subject of *Naigam naya* (co-ordinated viewpoint).

Putting the same question while he is cutting a tree, his answer is—"I cut a *prasthak* (wooden measuring pot)." This is an example of *vishuddha Naigam naya* (the unambiguous or clear co-ordinated viewpoint). As compared to the earlier stage, he is nearer to the final act of producing a *prasthak*. Then while chiseling, his answer is—"I chisel a *prasthak* (wooden measuring pot)," conforms to *vishuddhatar Naigam naya* (clearer co-ordinated viewpoint).

Vyavahar naya (particularized viewpoint) is like *Naigam naya* (co-ordinated viewpoint) only. But according to *Samgraha naya*

(generalized viewpoint) only a *prasthak* (wooden measuring pot) filled with grains is called *prasthak* (wooden measuring pot).

According to the *Rijusutra naya* (precisionistic viewpoint) a *prasthak* is, indeed, a *prasthak* and the measured thing (grains etc.) is also a *prasthak.*

According to the three *Shabda nayas* (verbal viewpoints) the person who knows the purview of the meaning of the word *prasthak* or he who is conversant with and involved in the use and making of a *prasthak* is called a *prasthak.*

In this aphorism the *nayas* have not been defined but their purpose and use has been described. The *naya* system has been explained with the three examples of *prasthak* (wooden measuring pot), *Vasati* (abode), and *Pradesh* (space-point).

वसतिदृष्टान्त द्वारा नय निरूपण

४७५. से किं तं वसहिदिट्ठंतेणं ?

वसहिदिट्ठंतेणं से जहानामए केइ पुरिसे कंचि पुरिसं वदिज्जा, कहिं भवं वससि ? तत्थ अविसुद्धो णेगमो भणइ–लोगे वसामि।

लोगे तिविहे पण्णत्ते, तं जहा–उड्ढलोए, अधोलोए, तिरियलोए, तेसु सव्वेसु भवं वससि ? विसुद्धो णेगमो भणइ–तिरियलोए वसामि।

तिरियलोए जंबूद्दीवादीया सयंभूरमणपज्जवसाणा असंखेज्जा–दीव–समुद्दा पण्णत्ता, तेसु सव्वेसु भवं वससि ? विसुद्धतराओ णेगमो भणति–जंबुद्दीवे वसामि।

जम्बुद्दीवे दस खेत्ता पण्णत्ता, तं जहा–१. भरहे, २. एरवए, ३. हेमवए, ४. एरण्णवए, ५. हरिवस्से, ६. रम्मगवस्से, ७. देवकुरा, ८. उत्तरकुरा, ९. पुव्वविदेहे, १०. अवरविदेहे, तेसु सव्वेसु भवं यससि ? विसुद्धतराओ णेगमो भणति–भरहे वसामि।

भरहे वासे दुविहे पण्णत्ते, तं जहा–दाहिणड्ढभरहे य उत्तरड्ढभरहे य, तेसु सव्वेसु भवं वससि ? विसुद्धतराओ णेगमो भणति–दाहिणड्ढभरहे वसामि।

दाहिणड्ढभरहे अणेगाइं गाम–णगर–खेड–कब्बड–मडंब–दोणमुह–पट्टणा–ऽऽगर–संवाह–सण्णिवेसाइं, तेसु सव्वेसु भवं वससि ? विसुद्धतराओ णेगमो भणति–पाडलिपुत्ते वसामि।

पाडलिपुत्ते अणेगाइं गिहाइं, तेसु सव्वेसु भवं वससि ? विसुद्धतराओ णेगमो भणति–देवदत्तस्स घरे वसामि।

देवदत्तस्स घरे अणेगा कोट्ठगा, तेसु सव्वेसु भवं वससि ? विसुद्धतराओ णेगमो भणति–गब्भघरे वसामि।

एवं विसुद्धतरागस्स णेगमस्स वसमाणो वसति।

एवमेव ववहारस्स वि।

संगहस्स संथारसमारूढो वसति।

उज्जुसुयस्स जेसु आगासपएसेसु ओगाढो तेसु वसइ।

तिण्हं सद्दनयाणं आयभावे वसइ। से तं वसहिदिट्ठंतेणं।

४७५. (प्र.) जिसके द्वारा नयों का स्वरूप जाना जाता है वह वसतिदृष्टान्त क्या है ?

(उ.) वसति के दृष्टान्त द्वारा नयों का स्वरूप इस प्रकार है–जैसे किसी पुरुष ने किसी अन्य पुरुष से पूछा–"आप कहाँ रहते हैं ?" उसने अविशुद्ध नैगमनय के अनुसार उत्तर दिया–"मैं लोक में रहता हूँ।"

पुनः पूछा–"लोक के तो तीन भेद हैं–ऊर्ध्वलोक, अधोलोक, तिर्यग्लोक। तो क्या आप इन सबमें रहते हैं ?" विशुद्ध नैगमनय के अनुसार उसने कहा–"मैं तिर्यग्लोक में रहता हूँ।"

प्रश्नकर्त्ता ने पुनः प्रश्न किया–"तिर्यग्लोक में जम्बूद्वीप आदि स्वयंभूरमण समुद्र पर्यन्त असंख्यात द्वीप-समुद्र हैं। तो क्या आप इन सभी में रहते हैं ?" प्रत्युत्तर में विशुद्धतर नैगमनय के अभिप्रायानुसार उसने कहा–"मैं जम्बूद्वीप में रहता हूँ।"

प्रश्नकर्त्ता ने पुनः प्रश्न किया–"जम्बूद्वीप में दस क्षेत्र हैं, यथा–(१) भरत, (२) ऐरवत, (३) हैमवत, (४) ऐरण्यवत, (५) हरिवर्ष, (६) रम्यकवर्ष, (७) देवकुरु, (८) उत्तरकुरु, (९) पूर्वविदेह, और (१०) अपरविदेह। क्या आप इन दसों क्षेत्रों में रहते हैं ?" विशुद्धतर नैगमनय के अभिप्रायानुसार उसने उत्तर दिया–"मैं भरतक्षेत्र में रहता हूँ।"

प्रश्नकर्त्ता ने पुनः पूछा–''भरतक्षेत्र के दो विभाग हैं–दक्षिणार्धभरत और उत्तरार्धभरत। क्या आप उन दोनों विभागों में रहते हैं ?'' विशुद्धतर नैगमनय की दृष्टि से उसने उत्तर दिया–''दक्षिणार्धभरत में रहता हूँ।''

प्रश्नकर्त्ता ने पुनः पूछा–''दक्षिणार्धभरत में तो अनेक ग्राम, नगर, खेड, कर्वट, मडंब, द्रोणमुख, पट्टन, आकर, संवाह, सन्निवेश हैं। क्या आप उन सबमें रहते हैं ?'' विशुद्धतर नैगमनयानुसार उसने उत्तर दिया–''मैं पाटलिपुत्र में रहता हूँ।''

प्रश्नकर्त्ता ने पुनः पूछा–''पाटलिपुत्र में अनेक घर हैं। तो क्या आप उन सभी में निवास करते हैं ?'' तब विशुद्धतर नैगमनय की दृष्टि से उत्तर दिया–''देवदत्त के घर में बसता हूँ।''

प्रश्नकर्त्ता ने पुनः पूछा–''देवदत्त के घर में अनेक प्रकोष्ठ–कोठे (कमरे) हैं। तो क्या आप उन सबमें रहते हैं ?'' उसने विशुद्धतर नैगमनय के अनुसार उत्तर दिया–''(नहीं, मैं उन सबमें तो नहीं रहता, किन्तु) गर्भगृह में रहता हूँ।''

इस प्रकार विशुद्ध नैगमनय के मत से निवास करते हुए–वसते हुए को वसता हुआ माना जाता है।

व्यवहारनय का मंतव्य भी इसी प्रकार का है।

संग्रहनय के मतानुसार शय्या पर बैठे या लेटे हुए व्यक्ति को ही वसता हुआ कहा जा सकता है।

ऋजुसूत्रनय के मत से जितने आकाशप्रदेशों में व्यक्ति विद्यमान हैं, उनमें ही वसता हुआ माना जाता है।

तीनों शब्दनयों के अभिप्राय से आत्मभाव (अपने स्वरूप) में ही निवास होता है।

इस प्रकार वसति के दृष्टान्त द्वारा नयों का स्वरूप जानना चाहिए।

VASATI DRISTANT

475. (Q.) What is this *Vasati dristant* (example of an abode) ?

(Ans.) *Vasati dristant* (example of an abode) is : For instance a person asks another person—"Where do you live ?" He answers from *avishuddha Naigam naya* (the ambiguous co-ordinated viewpoint)—"I live in the *Lok* (universe)."

On further inquiry—"There are three divisions of the *Lok*—*Urdhva Lok* (heavens), *Adho Lok* (hells) and *Tiryag Lok* (middle

world). Do you live in all these ?" He answers from *vishuddha Naigam naya* (the unambiguous or clear co-ordinated viewpoint)—"I live in the middle world."

He is again asked—"In the middle world there are said to be innumerable continents and oceans starting from *Jambudveep* and ending in *Svayambhuraman* ocean. Do you live in all these ?" He answers from *vishuddhatar Naigam naya* (clearer co-ordinated viewpoint)—"I live in *Jambudveep*."

He is further asked—"In *Jambudveep* there are said to be ten regions—(1) Bharat, (2) Airavat, (3) Haimavat, (4) Airanyavat, (5) Harivarsh, (6) Ramyakvarsh, (7) Deva-kuru, (8) Uttar-kuru, (9) Purvavideh, and (10) Aparvideh. Do you live in all these ?" He answers from *vishuddhatar Naigam naya* (still clear co-ordinated viewpoint)—"I live in Bharat region."

He is asked again—"In *Dakshinardh* (Southern) Bharat there are many types of settlements like *gram* (village), *nagar* (city), *khet* (a settlement surrounded by a temporary mud wall), *karbat* (untidy and ragged settlement), *madamb* (a remote or isolated town), *dron-mukh* (a city connected by both waterways and roads), *pattan* (commercial city), *aakar* (a settlement near mines), *samvaha* (a castle like settlement atop hill) and *sannivesh* (a suburb). Do you live in all these ?" He answers from *vishuddhatar Naigam naya* (still clear co-ordinated viewpoint)—"I live in Pataliputra (name of a city)."

He is again asked—"In Pataliputra there are many houses. Do you live in them all ?" He answers from *vishuddhatar Naigam naya* (clearer co-ordinated viewpoint)—"I live in the house of Devadatt (name of a person)."

He is again asked—"In the house of Devadatt there are many rooms. Do you live in them all ?" He answers from *vishuddhatar Naigam naya* (clearer co-ordinated viewpoint)—"I live in the inner room."

This way according to *vishuddha Naigam naya* (the unambiguous or clear co-ordinated viewpoint) a person actually living in an abode is said to be living there.

Same is true for *Vyavahar naya* (particularized viewpoint).

According to *Samgraha naya* (generalized viewpoint) a person actually lying in or sitting on a bed is said to be living there (*vasati* means to settle in an abode and unless one makes himself comfortable on a bed he cannot be called settled).

According to the *Rijusutra naya* (precisionistic viewpoint) the person lives only in the space-points he occupies.

According to the three *Shabda naya* (verbal viewpoints) the person lives within his own self.

This concludes the description of *Vasati dristant* (example of an abode).

प्रदेशदृष्टान्त द्वारा नय निरूपण

४७६. से किं तं पदेसदिट्ठंतेणं ?

पदेसदिट्ठंतेणं णेगमो भणति–छण्हं पदेसो, तं जहा–१. धम्मपदेसो, २. अधम्मपदेसो, ३. आगासपदेसो, ४. जीवपदेसो, ५. खंधपदेसो, ६. देसपदेसो।

एवं वयंतं णेगमं संगहो भणति–जं भणसि–छण्हं पदेसो तं न भवइ।

कम्हा ? जम्हा जो देसपदेसो सो तस्सेव दव्वस्स।

जहा को दिट्ठंतो ?

दासेण मे खरो कीओ दासो वि मे खरो वि मे, तं मा भणाहि–छण्हं पएसो, भणाहि पंचण्हं पएसो, तं जहा–धम्मपएसो अधम्मपएसो आगासपदेसो जीवपएसो खंधपदेसो।

एवं वयंतं संगहं ववहारो भणइ–जं भणसि–पंचण्हं पएसो तं ण भवइ।

कम्हा ? जइ पंचण्हं गोट्ठियाणं केइ दव्वजाए सामण्णं, तं जहा–हिरण्णे वा सुवण्णे वा धणे वा धण्णे वा, तो जुत्तं वत्तुं जहा पंचण्हं पएसो ? तं मा भणाहि–पंचण्हं पएसो, भणाहि–पंचविहो पएसो, तं जहा–धम्मपदेसो अधम्मपदेसो आगासपदेसो जीवपदेसो खंधपदेसो।

एवं वदंतं ववहारं उज्जुसुओ भणति–जं भणसि–पंचविहो पदेसो तं न भवइ।

कम्हा ? जइ ते पंचविहो पएसो एवं ते एक्केक्को पएसो पंचविहो एवं ते पणुवीसतिविहो पदेसो भवति, तं मा भणाहि–पंचविहो पएसो, भणाहि–भइयव्वो पदेसो–सिया धम्मपदेसो सिया अधम्मपदेसो सिया आगासपदेसो सिया जीवपदेसो सिया खंधपदेसो।

एवं वयंतं उज्जुसुयं संपतिसद्दो भणति–जं भणसि भइयव्वो पदेसो तं न भवति।

कम्हा ? जइ ते भइयव्वो पदेसो एवं ते १. धम्मपदेसो वि सिया अधम्मपदेसो सिया आगासपदेसो सिया जीवपदेसो सिया खंधपदेसो, २. अधम्मपदेसो वि सिया धम्मपदेसो सिया आगासपएसो सिया जीवपएसो सिया खंधपएसो, ३. आगासपएसो वि सिया धम्मपदेसो सिया अहम्मपएसो सिया जीवपएसो सिया खंधपएसो, ४. जीवपएसो वि सिया धम्मपएसो सिया अधम्मपएसो सिया आगासपदेसो सिया खंधपएसो, ५. खंधपएसो वि सिया धम्मपदेसो सिया अधम्मपदेसो सिया आगासपदेसो सिया जीवपदेसो।

एवं ते अणवत्था भविस्सई, तं मा भणाहि–भइयव्वो पदेसो, भणाहि–धम्मे पदेसे से पदेसे धम्मे, अहम्मे पदेसे से पदेसे अहम्मे, आगासे पदेसे से पदेसे आगासे, जीव पदेसे से पदेसे णो जीवे, खंधे पदेसे से पदेसे णोखंधे।

एवं वयंतं सद्दणयं समभिरूढो भणति–जं भणसि–धम्मे पदेसे से पदेसे धम्मे जाव खंधे पदेसे से पदेसे नोखंधे तं न भवइ।

कम्हा ? एत्थ दो समासा भवंति, तं जहा–तप्पुरिसे य कम्मधारए य। तं ण णज्जइ कतरेणं समासेणं भणसि–किं तप्पुरिसेणं किं कम्मधारएणं? जइ तप्पुरिसेणं भणसि तो मा एवं भणाहि, अह कम्मधारएणं भणसि तो विसेसओ भणाहि–धम्मे य से पदेसे य से पदेसे धम्मे, अहम्मे य से पदेसे य से से पदेसे अहम्मे, आगासे य से पदेसे य से से से पदेसे आगासे, जीवे य से पदेसे य से से पदेसे नोजीवे, खंधे य से पदेसे य से से पदेसे नोखंधे।

एवं वयंतं संपयं समभिरूढं एवंभूओ भणइ–जं जं भणसि तं तं सव्वं कसिणं पडिपुण्णं निरवसेसं एगगहणगहितं देसे वि मे अवत्थू पदेसे वि मे अवत्थू। से तं पदेसदिट्ठंतेणं। से तं णयप्पमाणे।

॥ नयपमाणे त्ति पयं सम्मत्तं ॥

४७६. (प्र.) प्रदेशदृष्टान्त द्वारा प्रतिपादित नयों का स्वरूप क्या है?

(उ.) प्रदेशों के दृष्टान्त द्वारा नयों का स्वरूप इस प्रकार है–

नैगमनय कहता है–"छह द्रव्यों के प्रदेश होते हैं, जैसे–(१) धर्मास्तिकाय का प्रदेश, (२) अधर्मास्तिकाय का प्रदेश, (३) आकाशास्तिकाय का प्रदेश, (४) जीवास्तिकाय का प्रदेश, (५) स्कन्ध का प्रदेश, और (६) देश का प्रदेश।"

ऐसा कहने पर नैगमनय से संग्रहनय कहता है–"जो तुम कहते हो कि 'छहों के प्रदेश हैं', वह उचित नहीं है।"

"क्यों (नहीं है) ?"

"इसलिए कि जो देश का प्रदेश है, वह उसी द्रव्य का है (उससे भिन्न नहीं है)।"

"इसके लिए कोई दृष्टान्त है ?"

"हाँ, दृष्टान्त है। जैसे मेरे दास ने गधा खरीदा और दास मेरा है और गधा भी मेरा है। इसलिए यह मत कहो कि 'छहों के प्रदेश हैं', यह कहो कि 'पाँचों का प्रदेश है।' यथा–(१) धर्मास्तिकाय का प्रदेश, (२) अधर्मास्तिकाय का प्रदेश, (३) आकाशास्तिकाय का प्रदेश, (४) जीवास्तिकाय का प्रदेश, और (५) स्कन्ध का प्रदेश।"

संग्रहनय के ऐसा कहने पर व्यवहारनय ने कहा–"तुम कहते हो कि पाँचों के प्रदेश हैं, वह उचित नहीं है।"

"क्यों नहीं है ?"

प्रत्युत्तर में व्यवहारनय ने कहा–"जैसे पाँच गोष्ठिक पुरुषों (मित्रों या भागीदारों) का कोई द्रव्य सामान्य (सबके अधिकार का) है–हिरण्य, स्वर्ण, धन, धान्य आदि (वैसे ही पाँचों के प्रदेश सामान्य होते) तो तुम्हारा कहना उचित था कि पाँचों के प्रदेश हैं। (परन्तु ऐसा है नहीं) इसलिए ऐसा मत कहो कि 'पाँचों के प्रदेश हैं', किन्तु कहो–'प्रदेश पाँच प्रकार का है', जैसे–(१) धर्मास्तिकाय का प्रदेश, (२) अधर्मास्तिकाय का प्रदेश, (३) आकाशास्तिकाय का प्रदेश, (४) जीवास्तिकाय का प्रदेश, और (५) स्कन्ध का प्रदेश।"

व्यवहारनय के ऐसा कहने पर ऋजुसूत्रनय कहता है–"तुम भी जो कहते हो कि 'पाँच प्रकार के प्रदेश हैं', वह उचित नहीं है।"

"क्यों नहीं है ?"

"क्योंकि यदि 'पाँच प्रकार के प्रदेश हैं' यह कहो तो एक-एक प्रदेश पाँच-पाँच प्रकार का हो जाने से तुम्हारे मत से पच्चीस प्रकार का प्रदेश होगा। इसलिए ऐसा मत कहो कि 'पाँच प्रकार का प्रदेश है।' यह कहो कि 'प्रदेश भजनीय (विकल्पयुक्त) है।'' यथा- (१) स्यात् धर्मास्तिकाय का प्रदेश, (२) स्यात् अधर्मास्तिकाय का प्रदेश, (३) स्यात् आकाशास्तिकाय का प्रदेश, (४) स्यात् जीव का प्रदेश, और (५) स्यात् स्कन्ध का प्रदेश है।''

ऐसा कहने पर ऋजुसूत्रनय से संप्रतिशब्दनय कहता है-"तुम जो कहते हो कि 'प्रदेश भजनीय है', यह कहना उचित नहीं है।''

"क्यों नहीं है?''

"क्योंकि 'प्रदेश भजनीय है', ऐसा मानने से तो (१) धर्मास्तिकाय का प्रदेश अधर्मास्तिकाय का प्रदेश, आकाशास्तिकाय का प्रदेश, जीवास्तिकाय का प्रदेश और स्कन्ध का भी प्रदेश हो सकता है। इसी प्रकार (२) अधर्मास्तिकाय का प्रदेश धर्मास्तिकाय का प्रदेश, आकाशास्तिकाय का प्रदेश, जीवास्तिकाय का प्रदेश एवं स्कन्ध का प्रदेश हो सकता है। (३) आकाशास्तिकाय का प्रदेश भी धर्मास्तिकाय का प्रदेश, अधर्मास्तिकाय का प्रदेश, जीवास्तिकाय का प्रदेश एवं स्कन्ध का प्रदेश हो सकता है। (४) जीवास्तिकाय का प्रदेश भी धर्मास्तिकाय का प्रदेश, अधर्मास्तिकाय का प्रदेश, आकाशास्तिकाय का प्रदेश या स्कन्ध का प्रदेश हो सकता है। (५) स्कन्ध का प्रदेश भी धर्मास्तिकाय का प्रदेश, अधर्मास्तिकाय का प्रदेश, आकाशास्तिकाय का प्रदेश अथवा जीवास्तिकाय का प्रदेश हो सकता है।

इस प्रकार से अनवस्था (जहाँ तर्क व युक्ति का कहीं भी अन्त न हो उसे अनवस्था दोष कहा जाता है) हो जायेगी। अतः ऐसा मत कहो-'प्रदेश भजनीय है', किन्तु ऐसा कहो-'धर्मरूप जो प्रदेश है, वही प्रदेश धर्म है-धर्मात्मक है, जो अधर्मास्तिकाय का प्रदेश है, वही प्रदेश अधर्मास्तिकायात्मक है; जो आकाशास्तिकाय का प्रदेश है, वही प्रदेश आकाशात्मक है, जो जीवास्तिकाय का प्रदेश है, वही प्रदेश नोजीव है; इसी प्रकार जो स्कन्ध का प्रदेश है, वही प्रदेश नोस्कन्धात्मक है'।''

शब्दनय के ऐसा कहने पर सम्प्रति समभिरूढ़नय कहता है-"तुम कहते हो कि धर्मास्तिकाय का जो प्रदेश है, वही प्रदेश धर्मास्तिकाय रूप है, यावत् स्कन्ध का जो प्रदेश है, वही प्रदेश नोस्कन्धात्मक है, किन्तु तुम्हारा यह कथन युक्तिसंगत नहीं है।''

"किसलिए?''

"क्योंकि यहाँ (धम्मे पएसे आदि में) तत्पुरुष और कर्मधारय यह दो समास होते हैं। इसलिए संदेह होता है कि उक्त दोनों समासों में से तुम किस समास की दृष्टि से 'धर्मप्रदेश' आदि कह रहे हो? यदि तत्पुरुष समासदृष्टि से कहते हो तो ऐसा मत कहो और यदि कर्मधारय समास की अपेक्षा कहते हो तब विशेषण सहित कहना चाहिए-धर्म और उसका जो प्रदेश है (उसका समस्त धर्मास्तिकाय के साथ समानाधिकर हो जाने से), वही प्रदेश धर्मास्तिकाय है। इसी प्रकार अधर्म और उसका जो प्रदेश है, वही प्रदेश अधर्मास्तिकाय रूप है; आकाश और उसका जो प्रदेश है, वही प्रदेश आकाशास्तिकाय है; एक जीव और उसका जो प्रदेश है, वही प्रदेश नोजीवास्तिकाय है तथा स्कन्ध और उसका जो प्रदेश है, वही प्रदेश नोस्कन्धात्मक है।

समभिरूढ़नय के ऐसा कहने पर एवंभूतनय कहता है-"(धर्मास्तिकाय आदि के विषय में) जो कुछ भी तुम कहते हो वह समीचीन नहीं। मेरे मत से वे सब कृत्स्न (देश-प्रदेश की कल्पना से रहित) हैं, प्रतिपूर्ण और निरवशेष (अवयवरहित) हैं, एक ग्रहणगृहीत हैं-एक नाम से ग्रहण किये गये हैं। अतः देश भी अवास्तविक है एवं प्रदेश भी अवास्तविक है।"

यही प्रदेशदृष्टान्त है। इस प्रकार नयप्रमाण का वर्णन पूर्ण हुआ।

This concludes the description of *Bhaava samkhya/shankh* (*samkhya/shankh* as essence). This concludes the description of *Bhaava pramana* (standard of measurement of state). This also concludes the description of *Pramana* (standard of measurement).

● END OF THE DISCUSSION ON SAMKHYA PRAMANA ●

वक्तव्यता-प्रकरण
THE DISCUSSION ON VAKTAVYATA

वक्तव्यता के भेद-प्रभेद

५२१. से किं तं वत्तव्वया ?

वत्तव्वया तिविहा पण्णत्ता। तं.—ससमयवत्तव्वया परसमयवत्तव्वया ससमय-परसमयवत्तव्वया।

५२१. (प्र.) वक्तव्यता क्या है ?

(उ.) वक्तव्यता तीन प्रकार की है, यथा-(१) स्वसमयवक्तव्यता, (२) परसमयवक्तव्यता, और (३) स्वसमय-परसमयवक्तव्यता।

TYPES OF VAKTAVYATA

521. (Q.) What is this *vaktavyata* (explication) ?

(Ans.) *Vaktavyata* (explication) is of three kinds—(1) *Svasamaya vaktavyata* (explication of one's own doctrine), (2) *Parasamaya vaktavyata* (explication of doctrine of others), and (3) *Svasamaya-parasamaya vaktavyata* (explication of doctrines of self and others).

स्वसमयवक्तव्यता निरूपण

५२२. से किं तं ससमयवत्तव्वया ?

ससमयवत्तव्वया जत्थ णं ससमए आघविज्जति पण्णविज्जति परूविज्जति दंसिज्जति निदंसिज्जति। से तं ससमयवत्तव्वया।

५२२. (प्र.) स्वसमयवक्तव्यता क्या है ?

(उ.) स्वसिद्धान्त का कथन (आख्यान), प्रज्ञापन, प्ररूपण, दर्शन, निदर्शन और उपदर्शन करना स्वसमयवक्तव्यता है। यही स्वसमयवक्तव्यता है।

विशेष शब्दों के अर्थ—

आघविज्जति—सामान्य रूप से कथन करना, व्याख्यान करना।

पण्णविज्जति—विषय की पृथक्-पृथक् लाक्षणिक व्याख्या करना।

परूविज्जति–अधिकृत विषय की विस्तृत प्ररूपणा करना।

दंसिज्जति–दृष्टान्त द्वारा सिद्धान्त को स्पष्ट करना।

निदंसिज्जति–उपनय द्वारा अधिकृत विषय का स्वरूप बताना।

उवदंसिज्जति–समस्त कथन का उपसंहार करके अपने सिद्धान्त की स्थापना करना।

SVASAMAYA VAKTAVYATA

522. (Q.) What is this *Svasamaya vaktavyata* (explication of one's own doctrine) ?

(Ans.) To state (*akhyan*), define (*prajnapan*), explain (*prarupan*), exemplify (*darshan*), validate (*nidarshan*) and propound (*upadarshan*) one's own doctrine is *Svasamaya vaktavyata* (explication of one's own doctrine).

This concludes the description of *Svasamaya vaktavyata* (explication of one's own doctrine).

Technical Terms—

Aghavijjati (akhyan)—To simply state.

Pannavijjati (prajnapan)—To define the included concepts individually.

Paruvijjati (prarupan)—To explain the subject in details.

Dansijjati (darshan)—To exemplify the doctrine with the help of examples.

Nidansijjati (nidarshan)—To validate logically and analogically.

Uvadansijjati (upadarshan)—To conclude the discussion and propound one's own doctrine.

परसमयवक्तव्यता निरूपण

५२३. से किं तं परसमयवत्तव्वया ?

परसमयवत्तव्वया जत्थ णं परसमए आघविज्जति जाव उवदंसिज्जति। से तं परसमयवत्तव्वया।

५२३. (प्र.) परसमयवक्तव्यता क्या है ?

(उ.) जिस वक्तव्यता में पर-समय = अन्य मत के सिद्धान्त का कथन यावत् विवेचन किया जाता है, वह परसमयवक्तव्यता है।

523. (Q.) What is this *Parasamaya vaktavyata* (explication of doctrine of others) ?

(Ans.) To state (*akhyan*), (and so on up to...) propound (*upadarshan*) doctrine of others is *Parasamaya vaktavyata* (explication of doctrine of others).

This concludes the description of *Parasamaya vaktavyata* (explication of doctrine of others).

ससमय–परसमयवक्तव्यता

५२४. से किं तं ससमय–परसमयवत्तव्वया ?

ससमय–परसमयवत्तव्वा जत्थ णं ससमए–परसमए आघविज्जइ जाव उवदंसिज्जइ। से तं ससमय–परसमयवत्तव्वया।

५२४. (प्र.) स्वसमय-परसमयवक्तव्यता क्या है ?

(उ.) जिस वक्तव्यता में स्वसिद्धान्त और परसिद्धान्त दोनों का कथन यावत् विवेचन किया जाता है, उसे स्वसमय-परसमयवक्तव्यता कहते हैं।

विवेचन–एक विषय की प्ररूपणा तथा आगमसम्मत नियत अर्थ का प्रतिपादन करना 'वक्तव्यता' है।

(१) **स्वसमयवक्तव्यता**–अपने सिद्धान्त का प्रतिपादन करना स्वसमयवक्तव्यता है। जैसे–अस्तिकाय पाँच हैं–धर्मास्तिकाय, अधर्मास्तिकाय आदि। धर्मास्तिकाय गति सहायक द्रव्य है। आदि स्व–सिद्धान्त कथन करना।

(२) **परसमयवक्तव्यता**–अन्यतीर्थिकों के सिद्धान्त का प्रतिपादन परसमयवक्तव्यता है। जैसे–

"संति पंच महब्भूया, इहमेगेसिं आहिया।" –सूत्रकृतांग १/१/७

लोकायतिकों (नास्तिकों) के मतानुसार पृथ्वी, जल, तेज, वायु और आकाश ये सर्वलोकव्यापी पंच महाभूत हैं। यह पर–सिद्धान्त का कथन है।

(३) **उभयसमयवक्तव्यता**–अपने तथा अन्यतीर्थिक दोनों के सिद्धान्त का प्रतिपादन करना–उभयसमय (स्वसमय, परसमय-वक्तव्यता है, जैसे–

"अगारमावसंता वि, आरण्णा वा वि पव्वया।
इमं दरिसणमावण्णा, सव्वदुक्खा विमुच्चंति॥" –सूत्रकृतांग १/१/१९

"कोई व्यक्ति गृहस्थ हो, तापस हो अथवा प्रव्रजित शाक्य आदि हो, हमारे दर्शन का आश्रय लेकर वह सब दुःखों से मुक्त हो जाता है।"

सांख्यदर्शन को मानने वाले व्यक्तियों द्वारा उक्त प्रतिपादन परसमयवक्तव्यता है और जैनदर्शन द्वारा यह प्रतिपादन स्वसमयवक्तव्यता है। इसलिए इसमें उभयसमयवक्तव्यता है।

एगे आया (स्थानांग १/१) आत्मा एक है–इस वचन को एक उदाहरण के रूप में लें तो परसमय की दृष्टि से इसकी व्याख्या करने वाले कहते हैं–आत्मा एक है–

"एक एव हि भूतात्मा, भूते भूते व्यवस्थितः।
एकधा बहुधा चैव, दृश्यते जलचन्द्रवत्॥" –ब्रह्म. उप. १२

एक ही आत्मा प्रत्येक प्राणी में प्रतिष्ठित है। वह एक होने पर भी अनेक रूप में दिखाई देती है जैसे–चन्द्रमा एक है। जल से भरे हुए अनेक पात्रों में उसके स्वतन्त्र अस्तित्व की प्रतीति होती है, वैसे ही आत्मा एक होने पर भी अनेक रूपों में दिखाई देता है।

स्वसमय की दृष्टि से इसका विवेचन इस प्रकार किया जायेगा–"सब जीवों में शुद्धोपयोग रूप लक्षण समान हैं। **"उपयोगलक्षणो जीवः।"**–जीव का लक्षण उपयोग है। उपयोग सब जीवों में है इस समानता की दृष्टि से आत्मतत्त्व एक है। उभयसमयवक्तव्यता का यह प्रसंग तुलनात्मक अध्ययन का संकेत देता है।

SVASAMAYA-PARASAMAYA VAKTAVYATA

524. (Q.) What is this *Svasamaya-parasamaya vaktavyata* (explication of doctrines of self and others) ?

(Ans.) To state (*akhyan*), (and so on up to...) propound (*upadarshan*) doctrine of self as well as others is *Svasamaya-parasamaya vaktavyata* (explication of doctrines of self and others).

This concludes the description of *Svasamaya-parasamaya vaktavyata* (explication of doctrines of self and others).

Elaboration—To explain a subject in details and propound the meaning according to the *Agam* (canon) is called *vaktavyata* (explication).

(1) *Svasamaya vaktavyata* (explication of one's own doctrine)—To explicate and propound one's own doctrine. For example, to state and establish that there are five *astikayas* (entities), such as *Dharmastikaya* (motion entity), *Adharmastikaya* (rest entity) etc. *Dharmastikaya* is the entity that helps motion and so on.

(2) *Parasamaya vaktavyata* (explication of doctrine of others)—To explicate and propound doctrines of others. For example, to state and

explain that according to *Lokayatiks* (heretics) earth, water, fire, air and space are the five all pervading fundamental entities.

(3) *Svasamaya-parasamaya vaktavyata* (explication of doctrines of self and others)—To explicate and propound doctrines of self and others. For example—

"Irrespective of a person being a householder, hermit or a Buddhist monk, he can attain salvation from all miseries by following our philosophy."

Coming from an adherent of Samkhya school this statement is a doctrine of others and coming from an adherent of Jain school this statement is one's own doctrine. Thus such statements fall under the category of *Svasamaya-parasamaya vaktavyata* (explication of doctrines of self and others).

If we take the statement *'Ege aya'*—Soul is one—as an example the interpretation of others is—One single soul resides in every being. Although it is one, it appears to be many. An example is the moon, which is one but appears to be many in its independent reflections in numerous water filled pots.

The same statement according to one's own (Jain) interpretation means—As the attribute of endeavour for purity of attitude is common to all beings, the soul is one (same). The action or endeavour is the attribute of a being. This sameness of attributes points at the generic singularity of all beings. This example indicates the comparative nature of *Svasamaya-parasamaya vaktavyata* (explication of doctrines of self and others).

वक्तव्यता के विषय में नयदृष्टियाँ

५२५. (१) इयाणिं को णओ कं वत्तव्वयमिच्छति ?

तत्थ णेगम-संगह-ववहारा तिविहं वत्तव्वयं इच्छंति। तं जहा-ससमयवत्तव्वयं-परसमयवत्तव्वयं ससमय-परसमयवत्तव्वयं।

५२५. (१) (प्र.) (इन तीनों वक्तव्यताओं में से) कौन नय किस वक्तव्यता को स्वीकार करता है ?

(उ.) नैगम, संग्रह और व्यवहारनय तीनों प्रकार की वक्तव्यता को स्वीकार करते हैं।

525. (1) (Q.) Which *naya* (viewpoint or perspective) accepts which *vaktavyata* (explication) (of the three) ?

(Ans.) *Naigam, Samgraha* and *Vyavahara nayas* (co-ordinated, generalized and particularized viewpoints) accept all the three said types of *vaktavyata* (explication), namely *Svasamaya vaktavyata* (explication of one's own doctrine), *Parasamaya vaktavyata* (explication of doctrine of others) and *Svasamaya-parasamaya vaktavyata* (explication of doctrines of self and others).

(२) उज्जुसुओ दुविहं वत्तव्वयं इच्छति। तं जहा–ससमयवत्तव्वयं परसमयवत्तव्वयं। तत्थ णं जा सा ससमयवत्तव्वया सा ससमयं पविट्ठा, जा सा परसमयवत्तव्वया सा परसमयं पविट्ठा, तम्हा दुविहा वत्तव्वया, णत्थि तिविहा वत्तव्वया।

(२) ऋजुसूत्रनय स्वसमय और परसमय–इन दो वक्तव्यताओं को ही स्वीकार करता है। क्योंकि स्वसमयवक्तव्यता का प्रथम भेद स्वसमयवक्तव्यता में और परसमय की वक्तव्यता द्वितीय भेद परसमयवक्तव्यता में समाविष्ट हो जाता है। इसलिए वक्तव्यता के दो ही प्रकार हैं, तीन प्रकार नहीं हैं।

(2) *Rijusutra naya* (precisionistic viewpoint) accepts only two kinds of *vaktavyata* (explication), namely *Svasamaya vaktavyata* (explication of one's own doctrine) and *Parasamaya vaktavyata* (explication of doctrine of others). This is because strictly speaking *Svasamaya vaktavyata* (explication of one's own doctrine) belongs only to *Svasamaya* (one's own doctrine) and *Parasamaya vaktavyata* (explication of doctrine of others) belongs only to *Parasamaya* (doctrine of others). Therefore *vaktavyata* (explication) is of two kinds only and not three.

(३) तिण्णि सद्दणया (एगं) ससमयवत्तव्वयं इच्छंति, नत्थि परसमयवत्तव्वयं। कम्हा ? जम्हा परसमए अणट्ठे अहेऊ असब्भावे अकिरिया उम्मग्गे अणुवएसे मिच्छादंसणमिति कट्टु, तम्हा सव्वा ससमयवत्तव्वया। णत्थि परसमयवत्तव्वया णत्थि ससमय–परसमयवत्तव्वया। से तं वत्तव्वया।

(३) तीनों शब्दनय (शब्दनय, समभिरूढ़नय, एवंभूतनय) एक स्वसमयवक्तव्यता को ही मान्य करते हैं। उनके मतानुसार परसमयवक्तव्यता वास्तविक नहीं है। क्योंकि परसमय अनर्थ, अहेतु, असद्भाव, अक्रिया (निष्क्रिय), उन्मार्ग, अनुपदेश (कु-उपदेश) और मिथ्यादर्शन रूप है। इसलिए स्वसमय की वक्तव्यता है किन्तु परसमयवक्तव्यता नहीं है और न स्वसमय-परसमयवक्तव्यता ही है।

यह वक्तव्यताविषयक निरूपण हुआ।

विवेचन-पूर्वोक्त तीन वक्तव्यताओं में से कौन नय किसको अंगीकार करता है, इस सूत्र में इनका स्पष्टीकरण है।

नयदृष्टियाँ लोकव्यवहार से लेकर वस्तु के अपने स्वरूप रूप तक का विचार करती हैं। इसी अपेक्षा यहाँ वक्तव्यताविषयक नयों का मंतव्य स्पष्ट किया गया है।

सातों नयों में से-अनेक प्रकार से वस्तु का प्रतिपादन करने वाले नैगमनय, समुच्चय अर्थ के संग्राहक संग्रहनय और लोकव्यवहार के अनुसार व्यवहार करने में तत्पर व्यवहारनय की मान्यता है कि लोक में इसी प्रकार की रूढ़ि-परम्परा प्रचलित होने से तीनों ही-स्व, पर और उभय समय की वक्तव्यताएँ मानने योग्य हैं।

ऋजुसूत्र वर्तमान पर्याय को ग्रहण करता है। यह प्रथम दो वक्तव्यता को स्वीकार करता है। चूँकि वर्तमान क्षण में केवल स्वसमय का प्रतिपादन होगा या केवल परसमय का; दोनों का एक साथ कथन नहीं हो सकता। उभयसमयवक्तव्यता के प्रसंग में स्वसमय सम्बन्धी बातें प्रथम भेद में आ जाती हैं और परसमय सम्बन्धी द्वितीय भेद में। इसलिए वक्तव्यता तीन प्रकार की नहीं होती।

तीन शब्दनय (शब्द, समभिरूढ़ व एवंभूत) विशुद्धतर हैं। ये केवल स्वसमयवक्तव्यता को स्वीकार करते हैं। परसमय की अस्वीकृति के पक्ष में निम्न सात हेतु दिये जाते हैं-

(१) **अनर्थ**-स्वसमय के अनुसार आत्मा है। परसमय कहता है-"नास्त्येव आत्मा।"-"आत्मा नहीं है।" यह प्रतिपादित करने के कारण परसमय अनर्थ है, विसंगति है। क्योंकि प्रतिषेध करने वाला स्वयं ही तो आत्मा है।

(२) **अहेतु**-आत्मा के अस्तित्व का निषेध करने के लिए हेतु दिया जाता है-"अत्यन्तानुपलब्धेः।" -आत्मा नहीं है, क्योंकि वह दिखाई नहीं देता। यह हेतु नहीं हेत्वाभास है। आत्मा का गुण है ज्ञान। ज्ञान प्रत्यक्ष है। अतः आत्मा का नास्तित्व प्रमाणित करने वाला हेतु वास्तव में अहेतु है।

(३) **असद्भाव**-जो सुकृत, दुष्कृत, परलोक आदि को अस्वीकार करता है।

(४) **अक्रिया**-जो दर्शन एकान्त शून्यता का प्रतिपादक होने के कारण क्रिया करने वाले का प्रतिषेध करता है। क्रिया करने वाले (कर्त्ता-आत्मा) के अभाव में क्रिया की संगति भी नहीं हो सकती है।

(५) उन्मार्ग—जो परस्पर विरोधी तथ्यों का प्रतिपादन करता है। जैसे कभी कहता है—"न हिंस्यात् सर्व भूतानि।"—"किसी जीव की हिंसा मत करो।" और कभी यज्ञ के लिए पशु बलि का विधान करता है।

(६) अनुपदेश—सर्व क्षणिकवादी प्रत्येक पदार्थ को क्षण-क्षण में विनाश होता मानते हैं। प्रथम क्षण जो आत्मा है, वह दूसरे क्षण में विनष्ट हो जाता है। ऐसी स्थिति में कौन किसे उपदेश दे सकता है?

(७) मिथ्यादर्शन—मिथ्या दृष्टिकोण या मिथ्या उपदेश है।

इन सात कारणों से एकान्तवादी दर्शन दुर्नय हैं। इसलिए शब्दनय परसमयवक्तव्यता को स्वीकार नहीं करता। एकान्त आग्रह टूटने की स्थिति में वे 'स्याद्' पद की सापेक्षता के साथ सुनय होकर स्वसमयवक्तव्यता के अन्तर्गत आ जाते हैं। (अनु., मलधारी वृत्ति, पत्र २४४)

(3) All the three *Shabda nayas* (verbal viewpoints) accept only one kind of *vaktavyata* (explication), namely *Svasamaya vaktavyata* (explication of one's own doctrine). This is because *Parasamaya vaktavyata* (explication of doctrine of others) is not real due to being perverse, irrational, unreal, inactive, wrong path, non-teaching and false teaching. Therefore the only (worthy) *vaktavyata* (explication) is *Svasamaya vaktavyata* (explication of one's own doctrine) and not *Parasamaya vaktavyata* (explication of doctrine of others) or *Svasamaya-parasamaya vaktavyata* (explication of doctrines of self and others).

This concludes the description of *vaktavyata* (explication).

Elaboration—This aphorism clarifies which of the aforesaid explications conforms to which *naya* (viewpoint).

The different *nayas* cover the complete range of perspectives starting from the mundane angle to the precise form of a thing. The clarification of *nayas* related to *vaktavyata* (explication) have been explained here in this context.

Of the seven *nayas,* the first three *Naigam, Samgraha* and *Vyavahar* (co-ordinated, generalized and particularized viewpoints) convey that following the existing convention and tradition all the said three types of *vaktavyata* (explication) are acceptable.

Rijusutra naya (precisionistic viewpoint) is concerned only with the present. According to it, the first two types are acceptable. At a given moment either doctrine of the self or that of the other is explicable. Thus

both angles cannot be stated at the same moment. Moreover, while considering both together the two independent angles are simply repeated. This repetition is redundant, therefore, *vaktavyata* (explication) is only of two types.

The three *Shabd nayas* (verbal viewpoints) are even more precise. According to them only one's own doctrine is acceptable. Seven reasons for not accepting the doctrine of others are mentioned—

(1) Anarth (perverse)—According to *svasamaya vaktavyata* (explication of one's own doctrine) soul exists. According to *parasamaya vaktavyata* (explication of doctrine of others) it does not. As the refuter of the existence of soul is itself a soul this propagation of *parasamaya vaktavyata* (explication of doctrine of others) is perverse.

(2) Ahetu (irrational)—The reason for denying the existence of soul is given as—it is invisible. In fact this is not reason but semblance of reason. Knowledge is an attribute of soul and it is perceivable. Therefore the reason given for denying the existence of soul is irrational, it is no reason.

(3) Asadbhava (unreal)—As it denies the existent realities like good deeds, bad deeds and the other life (reincarnation) it is unreal.

(4) Akriya (inactive)—As it denies the existence of soul, by inference it also denies action and goes against evident reality.

(5) Unmarg (wrong path)—It propagates mutually contradicting concepts. Sometimes it states that no being should be killed and at others formulates codes for animal sacrifice in *yajna*.

(6) Anupadesh (non-teaching)—According to the doctrine that every substance is destroyed every moment, every soul gets destroyed the next moment. In such fluid state who can teach whom ?

(7) Mithya Darshan—False perspective or false teaching.

For these seven reasons the doctrines of absolutism are illogical. Therefore, *Shabda nayas* (verbal viewpoints) do not accept *parasamaya vaktavyata* (explication of doctrine of others). When the dogmatic attitude is shattered *parasamaya vaktavyata* (explication of doctrine of others) gets included in *svasamaya vaktavyata* (explication of one's own doctrine) by incorporating the prefix *'syat'* for relativity. (*Anuyogadvar, Maladhari Vritti*, leaf 244)

अर्थाधिकार पद
DISCUSSION ON ARTHADHIKAR

अर्थाधिकार निरूपण

५२६. से किं तं अत्थाहिगारे ?

अत्थाहिगारे जो जस्स अज्झयणस्स अत्थाहिगारो। तं जहा–

१. सावज्जजोगविरती, २. उक्कित्तण, ३. गुणवओ य पडिवत्ती।

४. खलियस्स निंदणा, ५. वणतिगिच्छ, ६. गुणधारणा चेव॥१॥

५२६. (प्र.) अर्थाधिकार क्या है ?

(उ.) (आवश्यकसूत्र के) जिस अध्ययन का जो अर्थ-वर्ण्य विषय है, उसका कथन अर्थाधिकार कहलाता है। यथा–

(१) (सावद्ययोगविरति)–अर्थात् सावद्य प्रवृत्तियों का त्याग प्रथम (सामायिक) अध्ययन का अर्थ (विषय) है।

(२) (चतुर्विंशतिस्तव नामक) दूसरे अध्ययन का अर्थ उत्कीर्तन–स्तुति करना है।

(३) (वंदना नामक) तृतीय अध्ययन का अर्थ गुणवान् पुरुषों का सम्मान, वन्दना, नमस्कार करना है।

(४) (प्रतिक्रमण अध्ययन में) आचार में हुई स्खलनाओं–पापों आदि की निन्दा करने का अर्थाधिकार है।

(५) (कायोत्सर्ग अध्ययन में) व्रणचिकित्सा करने रूप दोष विशुद्धि का अर्थाधिकार है।

(६) (प्रत्याख्यान अध्ययन का) गुण धारण करने रूप अर्थाधिकार है।

यही अर्थाधिकार है।

विवेचन–वक्तव्यता और अर्थाधिकार में अन्तर–वक्तव्यता और अर्थाधिकार में अन्तर यह है कि अर्थाधिकार अध्ययन के आदि पद (शब्द) से लेकर अन्तिम पद तक सम्बन्धित एवं अनुगत रहता है, जबकि वक्तव्यता देशादि–नियत होती है। अर्थाधिकार का क्षेत्र विस्तृत है जबकि वक्तव्यता सीमित अर्थ में होती है।

ARTHADHIKAR

526. (Q.) What is this *Arthadhikar* (synopsis or purview) ?

(Ans.) To provide a synopsis or purview of the subject included in a particular chapter (of *Avashyak Sutra*) is called *Arthadhikar* (synopsis). For example—

(1) Abstinence from all sinful activities (including killing of beings) is the subject included in the first chapter called Samayik.

(2) Eulogizing or praising the twenty four Tirthankars is the subject included in the second chapter called Chaturvinshatistava.

(3) Offering of homage to the venerable is the subject included in the third chapter called Vandana.

(4) Critical review of the faults and transgressions committed is the subject included in the fourth chapter called Pratikraman.

(5) Mending the ways of transgression (mentioned as healing the wounds) is the subject included in the fifth chapter called Kayotsarg.

(6) Acquiring virtues is the subject included in the sixth chapter called Pratyakhyan.

This concludes the description of *Arthadhikar* (synopsis or purview).

Elaboration—The difference between *Vaktavyata* (explication) and *Arthadhikar* (synopsis) is that the former is specific and covers even smaller sections or individual concepts included in a chapter whereas the latter covers the whole chapter or the overall theme of the chapter from the beginning to the end. *Arthadhikar* (synopsis) is wider in scope and *Vaktavyata* (explication) is limited.

समवतार पद
DISCUSSION ON SAMAVATAR

समवतार निरूपण

५२७. से किं तं समोयारे ?

समोयारे छव्विहे पण्णत्ते। तं.–१. णामसमोयारे, २. ठवणसमोयारे, ३. दव्वसमोयारे, ४. खेत्तसमोयारे, ५. कालसमोयारे, ६. भावसमोयारे।

५२७. (प्र.) समवतार क्या है?

(उ.) समवतार के छह प्रकार हैं, जैसे-(१) नामसमवतार, (२) स्थापनासमवतार, (३) द्रव्यसमवतार, (४) क्षेत्रसमवतार, (५) कालसमवतार, और (६) भावसमवतार।

विवेचन–समवतार का अर्थ है अन्तर्भाव। लघु का बृहत् में समावेश या नियोजन करना समवतार कहलाता है। वह समवतार तीन प्रकार का है–

(१) **आत्मसमवतार**–निश्चयनय के अनुसार जीव द्रव्य जीवभाव के अतिरिक्त कहीं नहीं रहता है। इसलिए इसका समवतार जीवभाव में ही होता है। यदि जीव का अजीव में समवतार हो तो स्वभाव परित्याग के कारण वह अवास्तविक हो जायेगा।

(२) **परसमवतार**–व्यवहारनय की दृष्टि अनुसार प्रत्येक द्रव्य परभाव में (पराश्रित) भी रहता है और स्वभाव से (स्वाश्रित) तो रहता ही है। जैसे–**कुण्डे बदराणि**–कुण्डे में बेर। यद्यपि बेर अपने स्वभाव में स्थित है फिर भी कुण्ड में आधेय के रूप में भी रहता है।

(३) **तदुभयसमवतार**–निश्चयनय से द्रव्य स्वभाव में और व्यवहारनय से परभाव में भी रहता है। इसे तदुभयसमवतार कहा है। जैसे–**गृहे स्तंभः**–घर में स्तंभ। स्तम्भ गृह का ही एक अंश है इसलिए उसका समवतार गृह में भी होता है और आत्मभाव में तो है ही।

वैकल्पिक रूप में समवतार के दो ही प्रकार बतलाए गये हैं–(१) आत्मसमवतार, तथा (२) तदुभयसमवतार।

आत्मभाव में समवतार हुए बिना परभाव में समवतार नहीं हो सकता।

तात्पर्य यह है कि जब यह विचार किया जाता है कि प्रत्येक द्रव्य कहाँ रहता है? तब इस प्रश्न का उत्तर निश्चय और व्यवहार इन दो नयों की दृष्टि से दिया जाता है। जब निश्चयनय का आश्रय लेकर सोचा जाता है, तब इस प्रश्न का उत्तर होता है–प्रत्येक द्रव्य अपने आत्मभाव–स्व–स्वरूप में ही रहता है। जब व्यवहारनय की दृष्टि से इस प्रश्न का उत्तर सोचा जाता है, तब उसका अभिप्राय यह निकलता है कि जिस प्रकार कुण्ड में बदरीफल (बेर) रहते हैं, उसी प्रकार प्रत्येक द्रव्य पराश्रित (परभाव में) भी रहता है और स्वाश्रित (आत्मभाव में) तो रहता ही है। दीवार, देहली, पट्ट, स्तम्भ आदि संघात रूप घर में (परभाव में) भी रहता है और आत्मभाव में भी।

SAMAVATAR

527. (Q.) What is this *Samavatar* (assimilation)?

(Ans.) *Samavatar* (assimilation) is of six types—(1) *Naam Samavatar* (name assimilation), (2) *Sthapana Samavatar* (assimilation as notional installation), (3) *Dravya Samavatar* (physical assimilation), (4) *Kshetra Samavatar* (area-assimilation), (5) *Kaal Samavatar* (time-assimilation), and (6) *Bhaava Samavatar* (essence-assimilation).

Elaboration—*Samavatar* means assimilation or inclusion. To assimilate smaller into the larger is *Samavatar*. This is of three types—

(1) Atmasamavatar (self-dependent assimilation)—According to *Nishchaya naya* (noumenal viewpoint) the entity *jiva* (soul) does not exist in any state other than its own, the *jiva*-state. That is why its assimilation is possible only in the soul-state. If a soul could be assimilated in *ajiva* (non-soul), the process would alter its intrinsic attributes and thereby making it unreal.

(2) Parasamavatar (assimilation dependent on others)—According to *Vyavahar naya* (phenomenal viewpoint), besides being self-dependent every entity is also dependent on other entities. For example—'berry in a bowl' although the berry in question is self-dependent as regards its existence, it also exists as a dependent on the bowl in this context.

(3) Tadubhayasamavatar (assimilation dependent on self and others both)—This kind of assimilation is inclusive of both. The existence of a thing is self-dependent according to *Nishchaya naya* (noumenal viewpoint) but at the same time it is dependent on other things according to *Vyavahar naya* (phenomenal viewpoint). For example—'pillar in a building'. As pillar is essentially a part of the building it is included in the building. However, at the same time it is also included in its independent definition as a pillar.

In an alternative theory there are said to be only two kinds of assimilation—(1) *Atmasamavatar* (self-dependent assimilation), and (2) *Tadubhayasamavatar*.

In absence of *atmasamavatar* (self-dependent assimilation) it is not possible to have *parasamavatar* (assimilation dependent on others). The question—'Where each substance exists ?' is answered from both *Nishchaya* (noumenal) as well as *Vyavahar* (phenomenal) *nayas* (viewpoints). From the first *naya* the answer is—each substance exists in its own form or state. From the second *naya* the answer is that like berries in a bowl every substance exists in its own state as also dependent on other substances. Wall, door-step, platform, pillar and other such things exist as components of a building (dependent existence) but at the same time they also exist in their specifically defined forms or states (independent existence).

५२८. से किं तं णामसमोयारे ?

नाम–ठवणाओ पुव्ववण्णियाओ।

५२८. (प्र.) नाम-स्थापनासमवतार क्या है ?

(उ.) नाम और स्थापना (समवतार) का वर्णन पूर्ववत्-सूत्र १०-११ के समान जानना चाहिए।

NAAM, STHAPANA AND DRAVYA SAMAVATAR

528. (Q.) What is this *Naam* and *Sthapana Samavatar* (assimilation as name and notional installation) ?

(Ans.) *Naam* and *Sthapana Samavatar* (assimilation as name and notional installation) should be taken to be same as *Naam-avashyak* and *Sthapana-avashyak* (aphorism 10-11).

५२९. से किं तं दव्वसमोयारे ?

दव्वसमोयारे दुविहे पण्णत्ते। तं.–आगमतो य णोआगमतो य। जाव से तं भवियसरीर–दव्वसमोयारे।

५२९. (प्र.) द्रव्यसमवतार क्या है ?

(उ.) द्रव्यसमवतार दो प्रकार का है-(१) आगमतःद्रव्यसमवतार, तथा (२) नोआगमतःद्रव्यसमवतार। आगमतःद्रव्यसमवतार का तथा नोआगमतःद्रव्यसमवतार के भेद ज्ञायकशरीर और भव्यशरीर नोआगमतःद्रव्यसमवतार का स्वरूप पूर्ववत् द्रव्यावश्यक के प्रकरण में बताये भेदों के समान जानना चाहिए।

529. (Q.) What is this *dravya samavatar* (physical aspect of assimilation) ?

(Ans.) *Dravya samavatar* (physical aspect of assimilation) is of two kinds—*Agamatah-dravya samavatar* (physical aspect of assimilation in context of *Agam*) and *No-Agamatah-dravya samavatar* (physical aspect of assimilation not in context of *Agam* or only in context of action). From this point up to *Jnayak sharir-bhavya sharir vyatirikta dravya samavatar* (physical-assimilation other than the body of the knower and the body of the potential

knower) should be considered same as mentioned earlier (Discussion on *Avashyak*).

५३०. (१) से किं तं जाणयसरीर-भवियसरीर वइरित्ते दव्वसमोयारे ?

जाणयसरीर-भवियसरीर वइरित्ते दव्वसमोयारे तिविहे पण्णत्ते। तं जहा- आयसमोयारे परसमोयारे तदुभयसमोयारे। सव्वदव्वा वि य णं आयसमोयारेणं आयभावे समोयरंति, परसमोयारेणं जहा कुंडे बदराणि, तदुभयसमोयारेणं जहा घरे थंभो आयभावे य, जहा घडे गीवा आयभावे य।

५३०. (१) (प्र.) ज्ञायकशरीर-भव्यशरीर-व्यतिरिक्तद्रव्यसमवतार कितने प्रकार का है ?

(उ.) ज्ञायकशरीर-भव्यशरीर-व्यतिरिक्तद्रव्यसमवतार तीन प्रकार का है-यथा- (१) आत्मसमवतार, (२) परसमवतार, और (३) तदुभयसमवतार।

आत्मसमवतार की अपेक्षा सभी द्रव्य आत्मभाव-अपने स्वरूप में ही रहते हैं, परसमवतारापेक्षया कुंड में बेर की तरह परभाव में रहते हैं तथा तदुभयसमवतार से (सभी द्रव्य) घर में स्तम्भ अथवा घट में ग्रीवा (गर्दन) की तरह परभाव तथा आत्मभाव दोनों में रहते हैं।

530. (1) (Q.) Of how many kinds is *Jnayak sharir-bhavya sharir vyatirikta dravya samavatar* (physical-assimilation other than the body of the knower and the body of the potential knower) ?

(Ans.) *Jnayak sharir-bhavya sharir vyatirikta dravya samavatar* (physical-assimilation other than the body of the knower and the body of the potential knower) is of three types—(1) *Atmasamavatar* (self-dependent assimilation), (2) *Parasamavatar* (assimilation dependent on others), and (3) *Tadubhayasamavatar* (assimilation dependent on self and others both).

According to *Atmasamavatar* (self-dependent assimilation) all substances exist in their own form or state. According to *Parasamavatar* (assimilation dependent on others) they exist in a state dependent on others, in the same way as berries in a bowl. And according to *Tadubhayasamavatar* (assimilation dependent on self and others both) they exist both independently and

dependent on others, in the same way as pillar in the house and neck of a pitcher.

(२) अहवा जाणयसरीर—भवियसरीर वइरित्ते दव्वसमोयारे दुविहे पण्णत्ते। तं जहा—आयसमोयारे य तदुभयसमोयारे य।

चउसट्ठिया आयसमोयारेणं आयभावे समोयरति, तदुभयसमोयारेणं बत्तीसियाए समोयरति आयभावे य।

बत्तीसिया आयसमोयारेणं आयभावे समोयरति, तदुभयसमोयारेणं सोलसियाए समोयरति आयभावे य।

सोलसिया आयसमोयारेणं आयभावे समोयरति, तदुभयसमोयारेणं अट्ठभाइयाए समोयरति आयभावे य।

अट्ठभाइया आयसमोयारेणं आयभावे समोयरति, तदुभयसमोयारेणं चउभाइयाए समोयरति आयभावे य।

चउभाइया आयसमोयारेणं आयभावे समोयरति, तदुभयसमोयारेणं अद्धमाणीए समोयरइ आयभावे य।

अद्धमाणी आयसमोयारेणं आयभावे समोयरति, तदुभयसमोयारेणं माणीए समोयरति आयभावे य।

से तं जाणयसरीर—भवियसरीर वइरित्ते दव्वसमोयारे। से तं नोआगमओ दव्वसमोयारे। से तं दव्वसमोयारो।

(२) अथवा ज्ञायकशरीर-भव्यशरीर-व्यतिरिक्तद्रव्यसमवतार दो प्रकार का है—(१) आत्मसमवतार, और (२) तदुभयसमवतार।

जैसे आत्मसमवतार से चतुष्षष्टिका (चौंसठिया = चार पल) आत्मभाव में रहती है और तदुभयसमवतार की अपेक्षा द्वात्रिंशिका (बत्तीसिया = आठ पल) में भी और अपने निजरूप में भी रहती है।

द्वात्रिंशिका आत्मसमवतार की अपेक्षा आत्मभाव में और उभयसमवतार की अपेक्षा षोडशिका (सोलह पल वाली) में भी रहती है और आत्मभाव में भी रहती है।

षोडशिका आत्मसमवतार से आत्मभाव में समवतीर्ण होती है और तदुभयसमवतार की अपेक्षा अष्टभागिका में भी तथा अपने निजरूप में भी रहती है।

अष्टभागिका आत्मसमवतार की अपेक्षा आत्मभाव में तथा तदुभयसमवतार की अपेक्षा चतुर्भागिका में भी समवतरित होती है और अपने निज स्वरूप में भी समवतरित होती है।

आत्मसमवतार की अपेक्षा चतुर्भागिका आत्मभाव में और तदुभयसमवतार से अर्धमानिका में समवतीर्ण होती है एवं आत्मभाव में भी।

आत्मसमवतार से अर्धमानिका आत्मभाव में एवं तदुभयसमवतार की अपेक्षा मानिका आत्मभाव में भी समवतरित होती है।

यह ज्ञायकशरीर-भव्यशरीर-व्यतिरिक्तद्रव्यसमवतार का वर्णन है। इस तरह नोआगमतःद्रव्यसमवतार और द्रव्यसमवतार की प्ररूपणा पूर्ण हुई।

विवेचन-(चतुःषष्टिका आदि का विवरण सूत्र ३२१ में रसमान प्रमाण-प्रकरण में देखें।)

माणी, अर्धमाणी, चतुर्भागिका आदि उस समय मगध देश के प्रचलित माप हैं। यहाँ इस कथन का तात्पर्य यह है कि चतुष्षष्टिका (चार पल) का कोई मान या वस्तु अपने से बड़ी द्वात्रिंशिका आठ पल की वस्तु में समाहित हो जाती है। माणी आदि तो मात्र एक उदाहरण है, समवतार का क्षेत्र बहुत व्यापक है। इसका उपयोग तत्त्वज्ञान तथा व्यवहार के प्रत्येक क्षेत्र में उपयुक्त स्थान पर किया जा सकता है।

(2) Also, *Jnayak sharir-bhavya sharir vyatirikta dravya samavatar* (physical-assimilation other than the body of the knower and the body of the potential knower) is of two types—(1) *Atmasamavatar* (self-dependent assimilation), (2) *Tadubhayasamavatar* (assimilation dependent on self and others both). For example—

According to *Atmasamavatar* (self-dependent assimilation) a *chatushshashtika* (measurement of weight equal to one sixty-fourth part of a *mani* or four *pals*) is assimilated in its own state and according to *Tadubhayasamavatar* (assimilation dependent on self and others both) in a *dvatrinshika* (measurement of weight equal to one thirty second part of a *mani* or eight *pals*) as well as its own state.

According to *Atmasamavatar* (self-dependent assimilation) a *dvatrinshika* (measurement of weight equal to one thirty second part of a *mani* or eight *pals*) is assimilated in its own state and

according to *Tadubhayasamavatar* (assimilation dependent on self and others both) in *shodashika* (measurement of weight equal to one sixteenth part of a *mani* or sixteen *pals*) as well as its own state.

According to *Atmasamavatar* (self-dependent assimilation) a *shodashika* (measurement of weight equal to one sixteenth part of a *mani*) is assimilated in its own state and according to *Tadubhayasamavatar* (assimilation dependent on self and others both) in an *ashtabhagika* (measurement of weight equal to one eighth part of a *mani*) as well as its own state.

According to *Atmasamavatar* (self-dependent assimilation) an *ashtabhagika* (measurement of weight equal to one eighth part of a *mani*) is assimilated in its own state and according to *Tadubhayasamavatar* (assimilation dependent on self and others both) in a *chaturbhagika* (measurement of weight equal to one fourth part of a *mani*) as well as its own state.

According to *Atmasamavatar* (self-dependent assimilation) a *chaturbhagika* (measurement of weight equal to one fourth part of a *mani*) is assimilated in its own state and according to *Tadubhayasamavatar* (assimilation dependent on self and others both) in an *ardhamanika* (measurement of weight equal to half a *mani*) as well as its own state.

According to *Atmasamavatar* (self-dependent assimilation) an *ardhamanika* (measurement of weight equal to half a *mani*) is assimilated in its own state and according to *Tadubhayasamavatar* (assimilation dependent on self and others both) in a *manika* (measurement of weight equal to one *mani*) as well as its own state.

This concludes the description of *Jnayak sharir-bhavya sharir vyatirikta dravya samavatar* (physical-assimilation other than the body of the knower and the body of the potential knower). This concludes the description of *No-Agamatah-dravya samavatar* (physical aspect of assimilation not in context of *Agam* or only in context of action). This also concludes the description of *dravya samavatar* (physical-assimilation).

Elaboration—For details of terms like *chatushashtika* see aphorism 321.

Mani, ardhamani, chaturbhagika etc. are the weight measures prevalent in *Magadh* during that period. Here they have been used to illustrate that a small measure like *chatushashtika* gets assimilated into a larger measure like *dvatrinshika. Mani* is just one example of *samavatar* (assimilation), which covers a very wide field. It is applicable in all fields including metaphysical.

क्षेत्रसमवतार का स्वरूप

५३१. से किं तं खेत्तसमोयारे ?

खेत्तसमोयारे दुविहे पण्णत्ते। तं जहा–आयसमोयारे य तदुभयसमोयारे य।

भरहे वासे आयसमोयारेणं आयभावे समोयरति, तदुभयसमोयारेणं जंबूद्दीवे समोयरति आयभावे य।

जंबूद्दीवे दीवे आयसमोयारेणं आयभावे समोयरति, तदुभयसमोयारेणं तिरियलोए समोयरति आयभावे य।

तिरियलोए आयसमोयारेणं आयभावे समोयरति, तदुभयसमोयारेणं लोए समोयरति आयभावे य।

से तं खेत्तसमोयारे।

५३१. (प्र.) क्षेत्रसमवतार क्या है ?

(उ.) क्षेत्रसमवतार (लघु क्षेत्र से बृहत् क्षेत्र में समवतरित करना क्षेत्रसमवतार है) दो प्रकार का है, यथा–(१) आत्मसमवतार, और (२) तदुभयसमवतार।

आत्मसमवतार की अपेक्षा भरतक्षेत्र आत्मभाव (अपने) में रहता है और तदुभयसमवतार की अपेक्षा आत्मभाव में भी रहता है और जम्बूद्वीप में भी रहता है।

आत्मसमवतार की अपेक्षा जम्बूद्वीप आत्मभाव में रहता है और तदुभयसमवतार की अपेक्षा तिर्यक्लोक (मध्यलोक) में भी रहता है और आत्मभाव में भी।

आत्मसमवतार से तिर्यक्लोक आत्मभाव में समवतरित होता है और तदुभयसमवतार की अपेक्षा लोक में समवतरित होता है और आत्मभाव–निजरूप में भी।

यही क्षेत्रसमवतार का स्वरूप है।

531. (Q.) What is this *kshetra samavatar* (area-assimilation)?

(Ans.) *Kshetra samavatar* (assimilation of smaller area into larger area or area-assimilation) is of two kinds—(1) *Atmasamavatar* (self-dependent assimilation), and (2) *Tadubhayasamavatar* (assimilation dependent on self and others both). (For example—)

According to *Atmasamavatar* (self-dependent assimilation) *Bharat Kshetra* (a country) is assimilated in its own form or dimension and according to *Tadubhayasamavatar* (assimilation dependent on self and others both) in Jambudveep (a continent) as well as its own form or dimension.

According to *Atmasamavatar* (self-dependent assimilation) Jambudveep (a continent) is assimilated in its own form or dimension and according to *Tadubhayasamavatar* (assimilation dependent on self and others both) in *Tiryak Lok* (the transverse space or a specific sector of space) as well as its own form or dimension.

According to *Atmasamavatar* (self-dependent assimilation) *Tiryak Lok* (the transverse space) is assimilated in its own form or dimension and according to *Tadubhayasamavatar* (assimilation dependent on self and others both) in *Lok* (total occupied space) as well as its own form or dimension.

This concludes the description of *kshetra samavatar* (area-assimilation).

कालसमवतार का स्वरूप

५३२. से किं तं कालसमोयारे ?

कालसमोयारे दुविहे पण्णत्ते। तं.–आयसमोयारे य तदुभयसमोयारे य।

समए आयसमोयारेणं आयभावे समोयरति, तदुभयसमोयारेणं आवलियाए समोयरति आयभावे य। एवं आणापाणू थोवे लवे मुहुत्ते अहोरत्ते पक्खे मासे उऊ अयणे संवच्छरे जुगे वाससते वाससहस्से वाससतसहस्से पुव्वंगे पुव्वे तुडियंगे तुडिए अडडंगे अडडे अववंगे अववे हुहुयंगे हुहुए उप्पलंगे उप्पले पउमंगे पउमे णलिणंगे णलिणे

अत्थिनिउरंगे अत्थिनिउरे अउयंगे अउए णउयंगे णउए पउयंगे पउए चूलियंगे चूलिया सीसपहेलियंगे सीसपहेलिया पलिओवमे सागरोवमे आयसमोयारेणं आयभावे समोयरइ, तदुभयसमोयारेणं ओसप्पिणि-उस्सप्पिणीसु समोयरति आयभावे य।

ओसप्पिणि-उस्सप्पिणीओ आयसमोयारेणं आयभावे समोयरंति, तदुभयसमोयारेणं पोग्गलपरियट्टे समोयरंति आयभावे य।

पोग्गलपरियट्टे आयसमोयारेणं आयभावे समोयरति, तदुभयसमोयारेणं तीतद्धाअणागतद्धासु समोयरति आयभावे य; तीतद्धा-अणागतद्धाओ आयसमोयारेणं आयभावे समोयरंति, तदुभयसमोयारेणं सव्वद्धाए समोयरंति आयभावे य।

से तं कालसमोयारे।

५३२. **(प्र.)** कालसमवतार क्या है?

(उ.) कालसमवतार-(सूक्ष्म समय आदि से आवलिका आदि में समवतरित होना) दो प्रकार का है। यथा-(१) आत्मसमवतार, तथा (२) तदुभयसमवतार। जैसे-

आत्मसमवतार की अपेक्षा समय आत्मभाव में रहता है और तदुभयसमवतार की अपेक्षा आवलिका में भी और आत्मभाव में भी रहता है। इसी प्रकार आन-प्राण, स्तोक, लव, मुहूर्त्त, अहोरात्र (दिन-रात), पक्ष, मास, ऋतु, अयन, संवत्सर, युग, वर्षशत, वर्षसहस्र, वर्षशतसहस्र, पूर्वांग, पूर्व, त्रुटितांग, त्रुटित, अटटांग, अटट, अववांग, अवव, हूहूकांग, हूहूक, उत्पलांग, उत्पल, पद्मांग, पद्म, नलिनांग, नलिन, अक्षनिपुरांग, अक्षनिपुर, अयुतांग, अयुत, नयुतांग, नयुत, प्रयुतांग, प्रयुत, चूलिकांग, चूलिका, शीर्षप्रहेलिकांग, शीर्षप्रहेलिका, पल्योपम, सागरोपम ये सभी आत्मसमवतार से आत्मभाव में और तदुभयसमवतार से अवसर्पिणी-उत्सर्पिणी में भी और आत्मभाव में भी रहते हैं।

अवसर्पिणी-उत्सर्पिणी काल आत्मसमवतार की अपेक्षा आत्मभाव में रहता है और तदुभयसमवतार की अपेक्षा पुद्गलपरावर्तन में भी और आत्मभाव में भी रहता है।

पुद्गलपरावर्तनकाल आत्मसमवतार की अपेक्षा निजरूप में रहता है और तदुभयसमवतार से अतीत और अनागत (भविष्यत्) काल में भी एवं आत्मभाव में भी रहता है। अतीत-अनागत काल आत्मसमवतार की अपेक्षा आत्मभाव में रहता है, तथा तदुभयसमवतार की अपेक्षा सर्वाद्धाकाल में भी रहता है।

यह कालसमवतार का प्ररूपण है।

विवेचन–समय आदि का वर्णन इसी सूत्र में पहले किया जा चुका है। (देखें भाग १, पृ. २९० पर)

पुद्‌गलपरावर्तन–जितने समय में एक जीव समस्त लोकाकाश के प्रदेशों, समस्त पुद्‌गलों का स्पर्श करता है, वह एक पुद्‌गलपरावर्तन है। उसका कालमान अनन्त उत्सर्पिणी–अवसर्पिणी जितना है।

पुद्‌गलपरावर्तन का तदुभयसमवतार की अपेक्षा अतीत–अनागतकाल में समवतार बताने का कारण यह है कि पुद्‌गलपरावर्तन असंख्यात अवसर्पिणी–उत्सर्पिणीकाल के बराबर है। जिससे समयमात्र प्रमाण वाले वर्तमानकाल में उस बृहत्कालविभाग का समवतार सम्भव नहीं होने से अनन्त समय वाले अतीत–अनागतकाल का कथन किया है।

पुद्‌गलपरावर्तन के मुख्यतः चार भेद हैं–द्रव्य, क्षेत्र, काल और भाव। प्रत्येक के दो–दो प्रकार हैं–बादर और सूक्ष्म। कुल मिलाकर पुद्‌गलपरावर्तन के आठ प्रकार होते हैं।

लोक में अनन्त परमाणु ठसाठस भरे हुए हैं। उनमें एक समान जाति वाले पुद्‌गल समूह को वर्गणा कहते हैं। (१) औदारिकशरीर, (२) वैक्रियशरीर, (३) आहारकशरीर, (४) तैजस्‌शरीर, (५) भाषा, (६) उच्छ्‌वास, (७) मन, और (८) कर्म; ये आठ प्रकार की वर्गणाएँ हैं। पुद्‌गलपरावर्तन में आहारकशरीर को छोड़कर शेष सात वर्गणाओं का ग्रहण और परित्याग होता है। आहारकशरीर चौदह पूर्व के धारक लब्धिमान्‌ मुनि को प्राप्त होता है। ऐसे मुनि अर्धपुद्‌गलपरावर्तन से अधिक संसार परिभ्रमण नहीं करते। इस कारण पुद्‌गलपरावर्तन में आहारकशरीर का ग्रहण नहीं किया जाता है। इनका विशेष वर्णन परिशिष्ट १, पृष्ठ ४८१ पर देखें।

KAAL SAMAVATAR

532. (Q.) What is this *kaal samavatar* (time-assimilation) ?

(Ans.) *Kaal samavatar* (assimilation of minute fraction of time into higher units like *Avalika* or time-assimilation) is of two kinds—(1) *Atmasamavatar* (self-dependent assimilation), and (2) *Tadubhayasamavatar* (assimilation dependent on self and others both). (For example—)

According to *Atmasamavatar* (self-dependent assimilation) *Samaya* (the indivisible fraction of time) is assimilated in its own form or dimension and according to *Tadubhayasamavatar* (assimilation dependent on self and others both) in *Avalika* (a unit of time) as well as its own form or dimension. In the same way according to *Atmasamavatar* (self-dependent assimilation) various units of time like *aan, apaan, pran, stoka, lava, muhurt, divas, ahoratra, paksha, maas, ritu, ayan, samvatsar, yug, varshashat, varshasahasra, varshashatsahasra, purvanga, purva, trutilang, trutit, adadanga, adada, avavanga, avava, huhukanga, huhuka,*

आठ प्रकार की वर्गणा
त्रस नाड़ी
परिभ्रमण करता जीव
त्रस नाड़ी
आठ प्रकार की वर्गणा

चित्र परिचय १८

Illustration No. 18

लोक में व्याप्त परमाणु वर्गणा

यह लोक अनन्त परमाणुओं से ठसाठस भरा है। उनमें आठ प्रकार की वर्गणा-पुद्गल समूह हैं। जैसे-(१) औदारिक शरीर, (२) वैक्रिय शरीर, (३) तैजस् शरीर, (४) आहारक शरीर, (५) भाषा, (६) उच्छ्वास, (७) मन, और (८) कर्म वर्गणा। एक जीव भ्रमण करता हुआ सर्वलोक में रहने वाले सर्वपरमाणुओं को (आहारक शरीर वर्गणा को छोड़कर) सातों ही प्रकार की वर्गणाओं के पुद्गलों को ग्रहण कर जितने समय में छोड़े उतने समय को **बादर द्रव्य पुद्गल परावर्तनकाल** कहते हैं।

-सूत्र ५३२, पृष्ठ ४०६

CLASSES OF PARAMANU IN THE UNIVERSE

The *Lok* (occupied space) is packed with infinite *paramanus* (ultimate-particles). Aggregates of these ultimate-particles are classified into eight *varganas* (classes)—(1) *Audarika Sharir* (particles forming gross physical body), (2) *Vaikriya Sharir* (particles forming transmutable body), (3) *Aharak Sharir* (particles forming telemigratory body), (4) *Taijas Sharir* (particles forming fiery body), (5) *Bhasha* (speech-particles), (6) *Uchchhavasa* (breath-particles), (7) *Man* (thought particles), and (8) *Karma* (*karma* particles). Leaving aside the *Aharak* class all other seven classes of particles are acquired and abandoned by a being during the cycles of rebirth. The time lapsed during the process is called ***Badar-pudgal paravartan kaal.***

—Aphorism 532, p. 406

utpalanga, utpala, padmanga, padma, nalinanga, nalina, arthanipuranga, arthanipura, ayutanga, ayut, nayutanga, nayuta, prayutanga, prayuta, chulikanga, chulika, sheershaprahelikanga, sheershaprahelika, palyopam, sagaropam are assimilated in their own form or dimension and according to *Tadubhayasamavatar* (assimilation dependent on self and others both) in an *avasarpini-utsarpini* (one complete cycle of time comprising of a progressive and a regressive time cycle) as well as their own forms or dimensions.

According to *Atmasamavatar* (self-dependent assimilation) an avasarpini-utsarpini is assimilated in its own form or dimension and according to *Tadubhayasamavatar* (assimilation dependent on self and others both) in *pudgalaparavartankaal* as well as its own form or dimension.

According to *Atmasamavatar* (self-dependent assimilation) *pudgalaparavartankaal* is assimilated in its own form or dimension and according to *Tadubhayasamavatar* (assimilation dependent on self and others both) in *atita-anagatakaal* as well as its own form or dimension.

According to *Atmasamavatar* (self-dependent assimilation) *atita-anagatakaal* is assimilated in its own form or dimension and according to *Tadubhayasamavatar* (assimilation dependent on self and others both) in *sarvaddhakaal* as well as its own form or dimension.

This concludes the description of *kaal samavatar* (time-assimilation).

Elaboration—*Samaya* and other units of time have already been discussed in aphorism 202 (Illustrated *Anuyogadvar Sutra,* Part I, pp. 290).

Pudgalaparavartankaal—The time taken by a soul to touch each and every matter particle in the whole universe is called *pudgalaparavartankaal.* It is equivalent to innumerable *avasarpini-utsarpinis.*

The reason for its assimilation in *atita-anagatakaal* (past-future eons) according to *Tadubhaya samavatar* (assimilation dependent on

self and others both) is its enormity. The present is just momentary (one *Samaya*) thus it does not have the capacity to assimilate *pudgalaparavartankaal* within it. Therefore it has to be assimilated into a unit of infinite scale like *atita-anagatakaal* (past-future eons).

There are four main categories of *pudgalaparavartankaal—dravya* (matter), *kshetra* (area), *kaal* (time) and *bhaava* (state or essence). Each of these have two sub-categories—*badar* (gross) and *sukshma* (minute). Thus, in total it has eight categories.

The *Lok* (occupied space) is packed with infinite *paramanus* (ultimate-particles). Based on their properties aggregates of these *paramanus* (ultimate-particles) are classified into eight *varganas* (classes)—(1) *Audarika Sharira* (particles forming gross physical body), (2) *Vaikriya Sharira* (particles forming transmutable body), (3) *Aharak Sharira* (particles forming telemigratory body), (4) *Taijas Sharira* (particles forming fiery body), (5) *Bhasha* (speech-particles), (6) *Uchchhavasa* (breath-particles), (7) *Man* (thought particles), and (8) *Karma* (*karma* particles). Leaving aside the *Aharak* class all other seven classes of particles are acquired and abandoned in the process of *pudgalaparavartan*. *Aharak* body is available only to the highly accomplished sages having knowledge of the fourteen *Purvas* (subtle canon). Such sages are not caught in the cycles of rebirth for more than half *pudgalaparavartankaal*. Therefore this class is not included in the process of *pudgalaparavartan*. (more details in appendix 1, page 481).

भावसमवतार का स्वरूप

५३३. से किं तं भावसमोयारे ?

भावसमोयारे दुविहे पण्णत्ते। तं जहा–आयसमोयारे य तदुभय समोयारे य।

कोहे आय–समोयारेणं आयभावे समोयरति, तदुभयसमोयारेणं माणे समोयरति आयभावे य। एवं माणे माया लोभे रागे मोहणिज्जे अट्ठकम्मपगडीओ आयसमोयारे आयभावे समोयरंति।

तदुभयसमोयारेणं छव्विहे भावे समोयरंति आयभावे य। एवं छव्विहे भावे जीवे जीवत्थिकाए आयसमोयारेणं आयभावे समोयरति, तदुभयसमोयारेणं सव्वदव्वेसु समोयरति आयभावे य। एत्थं संगहणि गाहा–

कोहे माणे माया लोभे रागे य मोहणिज्जे य।
पगडी भावे जीवे जीवत्थिय सव्वदव्वा य॥१॥

से तं भावसमोयारे। से तं समोयारे। से तं उवक्कमे।

॥ प्रथम उपक्रमद्वार सम्मत्तं ॥

५३३. (प्र.) भावसमवतार क्या है?

(उ.) भावसमवतार दो प्रकार का है। यथा-(१) आत्मसमवतार, और (२) तदुभयसमवतार।

आत्मसमवतार की अपेक्षा क्रोध निजभाव में रहता है और तदुभयसमवतार से मान में और निजभाव में भी समवतरित होता है। इसी प्रकार (१) मान, (२) माया, (३) लोभ, (४) राग, (५) मोहनीय, और (६) अष्टकर्म प्रकृतियाँ आत्मसमवतार की अपेक्षा से आत्मभाव में तथा तदुभयसमवतार की अपेक्षा छह प्रकार के भावों में और आत्मभाव में भी रहती हैं।

इसी प्रकार (औदयिक आदि) छह भाव जीव, जीवास्तिकाय, आत्मसमवतार की अपेक्षा निजभाव में रहते हैं और तदुभयसमवतार की अपेक्षा द्रव्यों में और आत्मभाव में भी रहते हैं। इनकी संग्रहणी गाथा इस प्रकार है-

क्रोध, मान, माया, लोभ, राग, मोहनीयकर्म, (कर्म) प्रकृति, भाव, जीव, जीवास्तिकाय और सर्वद्रव्य (आत्मसमवतार से अपने-अपने स्वरूप में और तदुभयसमवतार से पररूप और स्व-स्वरूप में भी रहते हैं)॥१॥

यही भावसमवतार है। इसका वर्णन होने पर समवतार और उपक्रम नाम के प्रथम द्वार की वक्तव्यता समाप्त हुई।

विवेचन-क्रोध कषाय आदि जीव के वैभाविक भावों के तथा ज्ञानादि स्वाभाविक भावों के समवतार को भावसमवतार कहते हैं। इसके भी आत्मसमवतार और तदुभयसमवतार ये दो प्रकार हैं। आशय यह है कि क्रोधादि औदयिकभाव रूप होने से उनका भावसमवतार में ग्रहण किया है, अहंकार के बिना क्रोध उत्पन्न नहीं होता है, इसलिए उभयसमवतार की अपेक्षा क्रोध का मान में और अपने निजरूप में समवतार कहा है और आत्मसमवतार की अपेक्षा अपने निजरूप में ही समवतार बताया है। मान का माया में और निजरूप में भी, और आत्मसमवतार की अपेक्षा अपने निजरूप में ही समवतार बताया है। इसी प्रकार माया, लोभ, राग, मोहनीयकर्म, अष्टकर्मप्रकृति आदि जीव का उभयसमवतार एवं आत्मसमवतार समझ लेना चाहिए।

इस क्रम को व्याप्य व्यापक की दृष्टि से इस प्रकार कह सकते हैं-प्रत्येक जीव में भाव होता है, भाव का हेतु है कर्मप्रकृति। कर्म का मुख्य हेतु है मोह। मोह का हेतु है राग, राग का हेतु लोभ, लोभ का हेतु माया, माया का हेतु मान और मान का हेतु है क्रोध। ये सभी भाव एक दूसरे से सम्बन्धित हैं। इसलिए इनका एक भाव से दूसरे भाव में समवतरित होना स्वाभाविक है।

समवतार का वर्णन करने के साथ उपक्रमद्वार की वक्तव्यता पूर्ण हुई।

॥ प्रथम उपक्रमद्वार समाप्त ॥

BHAAVA SAMAVATAR (ASSIMILATION)

533. (Q.) What is this *bhaava samavatar* (assimilation of the state of soul or state-assimilation) ?

(Ans.) *Bhaava samavatar* (assimilation of the state of soul or state-assimilation) is of two types—(1) *Atmasamavatar* (self-dependent assimilation), and (2) *Tadubhayasamavatar* (assimilation dependent on self and others both). (For example—)

According to *Atmasamavatar* (self-dependent assimilation) *krodh* (anger) is assimilated in its own form or state and according to *Tadubhayasamavatar* (assimilation dependent on self and others both) in conceit (*maan*) as well as its own form or state. In the same way, according to *Atmasamavatar* (self-dependent assimilation) (1) *maan* (conceit), (2) *maya* (deceit), (3) *lobha* (greed), (4) *raga* (attachment), (5) *mohaniya karma* (deluding *karma*), and (6) eight *karma prakritis* (species of *karma* by qualitative segregation) are assimilated in their own forms or states and according to *Tadubhayasamavatar* (assimilation dependent on self and others both) in six kinds of states (of the soul) as well as their own form or state.

